

परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

# सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

## जिनवाणी-महोत्सव

# सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणाः–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)

# चन्द्रप्रभ चरितम्



ग्रन्थकर्त्ता

परम पूज्य आचार्यश्री वीरनन्दी जी महाराज

सम्पादक

अमृतलाल जी शास्त्री

प्रकाशक

जीवराज जैन ग्रन्थमाला
सोलापुर (महाराष्ट्र)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलत: उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

जीवराज जैन ग्रन्थमाला, ग्रन्थ २१

ग्रन्थमाला-संपादक
प्रो० आ० ने० उपाध्ये व प्रो० हीरालाल जैन

*

श्री-वीरनन्दि-विरचितं

# चन्द्रप्रभचरितम्

( मुनिचन्द्रविरचित-विद्वन्मनोवल्लभाख्य-व्याख्यानेन गुणनन्दिकृत-पञ्जिकया च सहितम् )
हिन्दी अनुवाद, आलोचनात्मक प्रस्तावना व परिशिष्ट आदि सहित

सम्पादक
**पं० अमृतलाल शास्त्री**, जैनदर्शनाचार्य, साहित्याचार्य,
प्रो० जैनदर्शन विभाग, वा० संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी

प्रकाशक
**लालचन्द हिराचन्द दोशी**
जैन संस्कृति संरक्षक संघ
सोलापूर

वीर नि० सं० २४९७ ] सन् १९७१ [ वि० सं० २०२८

मूल्य १६ रु० मात्र

प्रकाशक :
लालचन्द हिराचन्द दोशी
जैन संस्कृति संरक्षक संघ,
सोलापूर

— सर्वाधिकार सुरक्षित —

मुद्रक :
सन्मति मुद्रणालय
दुर्गाकुण्ड मार्ग,
वाराणसी–५

**JĪVARĀJA JAINA GRANTHAMĀLĀ, No 21**

*General Editors :*

**Dr. A. N. Upadhye & Dr. H. L. Jain**

*

VĪRANANDIŚ

# Candraprabha-Carita

( along with the Sanskrit-Commentay Vidvanmanovallabhā of Municandra and Pañjikā of Guṇanandi )

Critically Edited with Introduction, Appendices, etc.

*by*

**Pt. Amritlal Shastri**

Varanaseya Sanskrit Visva-Vidyalaya

Varanasi

**B.** 24, [illegible] Ganj

**VARANASI.**

*Published by*

**Lalchand Hirachand Doshi**

Jaina Saṃskṛti Saṃrakṣaka Saṅgha

Sholapur

**1971**

**ALL RIGHTS RESEVERD**

Price Rs. 16 only

First Edition; 1000 Copies

Copies of this book can be had direct from Jaina Saṁskṛti Saṁrakṣaka Saṅgha, Santoṣa Bhavana, Phaltan Galli, Sholapur ( India )

Price Rs. 16/- per copy, exclusive of postage

## जीवराज जैन ग्रन्थमालाका परिचय

सोलापूर-निवासी ब्रह्मचारी जीवराज गौतमचन्दजी दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्मकार्यमें अपनी वृत्ति लगा रहे थे। सन् १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित संपत्तिका उपयोग विशेष रूपसे धर्म और समाजकी उन्नतिके कार्यमें करें। तदनुसार उन्होंने समस्त देशका परिभ्रमण कर जैन विद्वानोंसे साक्षात् और लिखित सम्मतियाँ इस बातकी संग्रह कीं कि कौनसे कार्यमें संपत्तिका उपयोग किया जाये। स्फुट मत संचय कर लेनेके पश्चात् सन् १९४१ के ग्रीष्मकालमें ब्रह्मचारीजीने तीर्थक्षेत्र गजपन्था ( नासिक ) के शीतल वातावरणमें विद्वानोंकी समाज एकत्र की और ऊहापोहपूर्वक निर्णयके लिए उक्त विषय प्रस्तुत किया। विद्वत्सम्मेलनके फलस्वरूप ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति तथा साहित्यके समस्त अंगोंके संरक्षण, उद्धार और प्रचारके हेतुसे 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' की स्थापना की सौर उसके लिए ३०००० तीस हजारके दानकी घोषणा कर दी। उनकी परिग्रहनिवृत्ति बढ़ती गयी, और सन् १९४४ में उन्होंने लगभग २,००,०००, दो लाखकी अपनी संपूर्ण सम्पत्ति संघको ट्रस्ट रूपसे अर्पण कर दी। इस तरह आपने अपने सर्वस्वका त्याग कर दिनांक १६-१-५७ को अत्यन्त सावधानी और समाधानसे समाधिमरणकी आराधना की। इसी संघके अन्तर्गत 'जीवराज जैन ग्रन्थमाला' का संचालन हो रहा है। प्रस्तुत ग्रन्थ इसी ग्रन्थमालाका इक्कीसवाँ पुष्प है।

# अ नु क्र म


| विषय | पृष्ठ |
|---|---|
| १. प्रधान सम्पादकीय | I-III |
| २. सम्पादकीय | १-२ |
| ३. प्रस्तावना— | ३-३३ |
| १. आदर्श प्रतियोंका परिचय | ३-६ |
| २. ग्रन्थ-परिचय | ७ |
| ३. चं० च०की कथावस्तुका संक्षिप्त सार | ८-१३ |
| ४. ,, ,, कथावस्तुका आधार | १४-१६ |
| ५. ,, ,, प्रासङ्गिक कथाएँ | १७ |
| ६. ,, में सैद्धान्तिक विवेचन | १८ |
| ७. ,, ,, तत्त्वोपप्लव आदि इतरदर्शनोंकी आलोचना | १८ |
| ८. ,, की जैन व जैनेतर ग्रन्थोंसे तुलना | १९ |
| ९. ,, ,, साहित्यिक सुषमा | २०-२४ |
| १०. ,, में रस योजना | २५ |
| ११. ,, ,, अलङ्कार योजना | २६-२७ |
| १२. ,, ,, छन्द योजना | २८ |
| १३. ,, की समीक्षा | २८ |
| १४. ग्रन्थकार-परिचय | २९-३१ |
| १५. संस्कृत व्याख्या | ३२ |
| १६. संस्कृत पञ्जिका | ३३ |
| ४. विषयानुक्रम | ३४-४१ |
| ५. मूल ग्रन्थ : संस्कृत व्याख्या और हिन्दी भावानुवाद सहित | १-४५९ |
| ६. कवि प्रशस्ति | ४६०-४६१ |
| ७. परिशिष्ट— | ४६३-५६० |
| १. पञ्जिका | ४६३-५०६ |
| २. श्लोकानुक्रमणिका | ५०७-५२९ |
| ३. संस्कृतव्याख्यान्तर्गत ग्रन्थान्तरोंके अवतरण | ५३०-५४० |
| ४. पञ्जिकान्तर्गत ग्रन्थान्तरोंके अवतरण | ५४१-५४४ |
| ५. मूल ग्रन्थकी सूक्तियाँ | ५४५-५४९ |
| ६. मूल ग्रन्थगत विशिष्ट-शब्द-सूची | ५५०-५५६ |
| ७. व्याख्यान्तर्गत ,, ,, ,, | ५५७ |
| ८. पञ्जिकान्तर्गत ,, ,, ,, | ५५७ |
| ९. चं० च० में प्रयुक्त छन्दोंका विवरण | ५५८ |
| १०. संकेत-विवरण | ५५९-५६० |

# प्रधान-सम्पादकीय

उपदेश चाहे छोटा हो या बड़ा, धार्मिक हो या नैतिक, सामाजिक व अन्य किसी विषयक, वह सामान्य जनोंके हृदयमें अथवा स्मृति-पटलपर तबतक स्पष्टतः स्थिरतासे अंकित होकर नहीं बैठता जबतक कि अनुभवमें आनेवाली जीवन-धारासे मेल मिलाकर न समझाया जाये। इसीलिए धर्मके प्रणेताओं तथा आचार्योंने आख्यानों तथा कथानकोंका बहुत उपयोग किया है। किसी भी धार्मिक साहित्यको देखिए, उसका अधिकांश भाग मूलतः कथा-प्रधान ही पाया जावेगा। हिन्दू धर्मके वेद, उपनिषद् व पुराण, बौद्ध धर्मका त्रिपिटक, ईसाई धर्मका बाइबिल आदि सभी ग्रन्थ आख्यानोंसे परिपूर्ण हैं और उनके प्रचारक प्रायः उन्हीं कथानकोंके द्वारा श्रोताओंके हृदयपर अपने धार्मिक तत्त्वों व नियमोंका प्रभाव जमानेका प्रयत्न करते हैं।

जैनधर्ममें यह कथा-प्रवृत्ति विशेष रूपसे मौलिक, प्राचीन तथा परिपुष्ट रही है। इसका कारण यह है कि यहाँ मनुष्यको क्रियाशील बनाने तथा अपने कृत्योंके लिए पूर्ण उत्तरदायी सिद्ध करनेका प्रयत्न किया गया है। मानव-जीवनमें जो उत्कर्ष और अपकर्ष आते हैं, जो सुख और दुःखका घटना-चक्र चलता दिखाई देता है, उसमें विचारशील व्यक्तियोंको कार्य-कारण की श्रृंखला भी दृष्टिगोचर हो जाती है। परन्तु बहुजन समाजके लिए प्रकृतिकी नियामकता समझना-समझाना कठिन हो जाता है। फिर अनेक विषमताएँ तो ऐसी भी सामने आती हैं जिनके किसी नियमित कारणका पता लगाना प्रायः असम्भव हो जाता है। एकने राजाके महल तथा दूसरेने रंककी कुटियामें जन्म क्यों लिया? कोई सुन्दर व धनी तथा कोई कुरूप और दरिद्री क्यों? कोई नियमसे चलनेवाला भी व्याधि-पीड़ित तथा दूसरा खान-पानमें असंयमी रहता हुआ भी स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट क्यों? ईमानदारी करनेवाला व्यापारी उन्नति नहीं कर पाता, जबकि धन्धेमें सदैव धोखेबाजी करनेवाला नित्य उन्नति करता क्यों दिखाई देता है? इत्यादि, इत्यादि।

यों तो जो भी पौराणिक, ऐतिहासिक तथा लोक-प्रचलित व जनश्रुतिकी परम्परासे चले आये सभी प्रकारके कथानकों व आख्यानोंको ग्रहणकर जैनाचार्योंने उन्हें सुरुचिपूर्ण तथा अपने धार्मिक सिद्धान्तोंके अनुकूल बनाकर उन्हें अपने साहित्यमें स्थान देनेका प्रयत्न किया है। किन्तु उन्होंने कुछ ऐसे महापुरुषोंका भी चयन किया है जिनके जीवनकी घटनाएँ मनुष्यके मनको पाप-प्रवृत्तियोंसे विरक्त करके धर्म और पुण्यकी साधनाओंकी ओर विशेष रूपसे आकर्षित करनेमें प्रभावशाली हो सकती हैं। इन महापुरुषोंकी संख्या परम्परासे तिरेसठ मानी गयी है और उन महापुरुषोंको शलाका पुरुषकी संज्ञा दी गयी है। शलाकाका अर्थ है सींक या सलाई। अर्थात्—जिनका स्मरण रखनेके लिए उनके नामकी सींक रखी जाय वे शलाका पुरुष। इनमें प्रायः वे सभी अवतारी, पूज्य एवं प्रतापी पुरुष आ जाते हैं जिन्हें वैदिक परम्परामें भी प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। वे हैं चक्रवर्ती, वसुदेव, नारायण व इनके महाबलशाली शत्रु भी। किन्तु जिन्हें जैन धर्म व साहित्य-में विशेष रूपसे धर्मकी व्यवस्थाओंकी स्थापनाके लिए उच्च स्थान दिया गया है, वे हैं ऋषभ आदि चौबीस तीर्थंकर। सभी व अनेक तीर्थंकरों व अन्य तिरेसठ शलाका पुरुषोंके वंशों व जीवन वृत्तोंका वर्णन करनेवाले ग्रन्थोंको महापुराण माना गया है, और जिन ग्रन्थोंमें केवल एक-एक मात्र महापुरुषोंका वृत्तान्त हो उन्हें पुराण या चरितकी संज्ञा दी गयी है। चरितोंमें प्रायः उन छन्द, रस, भाव अलंकार आदि गुणोंका समावेश करनेका भी प्रयत्न किया गया है जिन्हें साहित्य-शास्त्रियोंने काव्यगुण कहा है। इस कारण इन चरित ग्रन्थोंने काव्य या महाकाव्यकी संज्ञा भी प्राप्त की है। ये रचनाएँ साहित्यकी उत्कृष्ट उपलब्धियाँ मानी जाती हैं।

जबहम प्राचीनसे लेकर अर्वाचीन जैन साहित्यको कालक्रमके अनुसार देखते हैं तब हमें यह भी ज्ञात हो जाता है कि इन काव्यमय महान् व विशाल पुराणों व चरितोंका विकास किस प्रकार हुआ। ऊपर कहा जा चुका है कि धर्मके व्याख्यानों व उपदेशोंको विशेष स्पष्ट, रोचक व हृदयग्राही बनानेके लिए कथाओं-का उपयोग आदिसे ही किया जाता रहा है। सामान्य मनुष्योंकी दृष्टिको धर्मकी ओर मोड़ने, अर्थात् मिथ्यादृष्टिको सम्यग्दृष्टि बनाने हेतु इन कथाओंका सर्व प्रथम योगदान था। इसी कारण इस कथानक-वर्णन-

को जैन आगममें प्रथमानुयोग अर्थात् धार्मिक शिक्षणका प्रथम चरण कहा गया है। आदिमें इन महापुरुषोंके चरितोंको पूर्णतः लिपिबद्ध किया गया प्रतीत नहीं होता। कथानकोंके नायकोंके नाम, उनके माता-पिताके नाम, जन्म-नगरो, जन्मादि निर्वाण पर्यन्त विशेष अवसरोंकी तिथियाँ आदि ही लिख ली जाती थीं, या याद कर ली जाती थीं, तथा इनका विस्तारसे वर्णन गुरु-शिष्य परम्परा द्वारा मौखिक रूपसे चलता था। लेखन-सामग्रीकी कठिनाई व अपरिग्रही मुनियों द्वारा साहित्य-सामग्री को लेकर निरन्तर विहार करनेमें असुविधा आदि इसके कारण हो सकते हैं। इन मुख्य-मुख्य बातोंकी सूचियोंको नामावलि कहते थे। स्वयं जैन पौराणिक परम्परा अनुसार प्राचीन पुराणकारों व चरित-रचयिताओंने इस बातका उल्लेख किया है कि उन्हें अपनी रचनाओंकी आधारभूत सामग्री 'नामावलि निबद्ध' ही प्राप्त हुई थी। स्थानांग व समवायांग आदि जैन आगमोंमें ऐसी ही नामावलियाँ प्राप्त होती हैं। तिलोय-पण्णत्तिमें समस्त तीर्थंकरोंका विवरण ऐसी ही नामावलियोंमें पाया जाता है। यह शैली जैन साहित्यमें निरन्तर प्रचलित रही और 'दस ठाणा' 'बीस ठाणा' आदि समय-समय पर संकलित की गयी सूचियाँ आजतक भी प्रचलित हैं। इन्हें कितने ही जैन मुनि कण्ठस्थ भी कर लेते हैं। इन नामावलियोंके आधारसे कथानायकोंके जीवन-चरित्रका उपदेश देनेमें यह तो एक त्रुटि अवश्यम्भावी है कि उसमें समस्त घटनाओंके वर्णनमें एकरूपता नहीं हो सकती। किन्तु दूसरी दृष्टिसे ये ही त्रुटियाँ और दोष उन कथाओं और आख्यानोंके विकासमें सहायक सिद्ध हुए हैं। प्रत्येक गुरु उनके मौलिक ढाँचेको सुरक्षित रखकर उसका विस्तार अपनी प्रतिभानुसार करनेके लिए स्वतन्त्र था। इसी स्वतन्त्रताके फलस्वरूप धीरे-धीरे न केवल कथाओंको उत्तरोत्तर अधिक विस्तृत, रोचक, रोमाञ्चकारी व नाना शैलियोंमें वर्णित किया गया, किन्तु उनमें अलंकार युगमें नाना काव्य गुणोंका तथा प्रसंगानुसार अवान्तर कथाओंका समावेश भी होने लगा। पुराणों व चरितोंको इस विकासशीलताके उदाहरण देनेकी यहाँ आवश्यकता नहीं हैं; जैन साहित्यिक इतिहासका अवलोकन करनेसे वह स्वयं स्पष्ट हो जाता है।

प्रस्तुत चन्द्रप्रभ-चरितकी रचना ग्यारहवीं शतीमें हुई है। यह युग भारतीय साहित्यमें छन्द, अलंकार व रस-भावादि काव्यगुणोंके विकासमें चरम सीमापर पहुँच चुका था। अतएव इस चरितकी रचनामें युगकी इस विशेषताका पूरा प्रतिबिम्ब पाया जाता है। धार्मिक दृष्टिसे यह युग बड़ा महत्त्वपूर्ण था। इसमें एक ओर दार्शनिक व सैद्धान्तिक चिन्तनका, और दूसरी ओर न्याय शैली तथा उसकी खण्डन-मण्डन वृत्तियोंका बहुत उत्कर्ष हुआ। वैदिक परम्परामें षड् दर्शनोंका सुव्यवस्थित रूप सामने आ चुका था तथा शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, मण्डन मिश्र आदि महान् दार्शनिक व तार्किक भी हो चुके थे। चार्वाक दर्शन भी परिपुष्ट हो चुका था। तत्त्वोपप्लवसिंह जैसी रचनाएँ भी प्रसिद्ध हो चुकी थीं। जैन समाजमें समन्तभद्र, सिद्धसेन, अकलंक, विद्यानन्दि आदिके द्वारा जैन दर्शन और न्यायने उक्त सभी सैद्धान्तिक धाराओंसे लोहा लिया। इस सबका यथोचित प्रतिबिम्बन भी प्रस्तुत रचनामें पाया जाता है। कथाके नायक एक जैन तीर्थंकर थे, तथा मुनियोंकी रचनाओंका उद्देश्य सदैव धार्मिक प्रतिपादन और प्रचार रहा है। अतएव इस रचनामें पद-पदपर प्रसंगानुसार जैन तत्त्वोंका विवरण उपस्थित किया गया है। जैन मान्यताका यह एक सुदृढ़ आधार-स्तम्भ है कि आत्मा अनादि-निधन है, अमर और शाश्वत है, एवं व्यक्ति जब जैसा है वह बहुत अंशमें उसके पूर्व जन्म-जन्मान्तरोंमें किये गये पाप-पुण्यात्मक कर्मोंका परिणाम है। इसी बातको शृंखलाबद्ध बताने हेतु प्रायः कथानकके अनेक, पूर्व जन्मोंका भी वर्णन किया जाता है। और वह वर्णन केवल इहलौकिक मात्र नहीं रहता, किन्तु इस लोकमें किये गये अच्छे-बुरे कर्मोंका परिणाम स्वर्गके सुख व नरककी यातनाओंके सहन द्वारा दर्शाया जाता है। इसका जैन साहित्यमें कितना महत्त्व है यह इसीसे प्रकट होगा कि प्रस्तुत चरितमें कथानक चन्द्रप्रभ तीर्थंकरके छह पूर्व भवोंका वर्णन किया गया है और वह संक्षेपमें नहीं, किन्तु इतने विस्तारसे कि ग्रन्थके प्रथम पन्द्रह सर्ग उसीमें घिर गये हैं, जबकि उनके तीर्थंकर जन्मका चरित मात्र अगले तीन सर्गोंमें वर्णित है। तीर्थंकर चरितका ढाँचा बहुत कुछ बँधा

हुआ है, क्योंकि उसमें वैयक्तिक घटनाएँ बहुत कम हुआ करती हैं, मुख्यतासे उनके गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान और निर्वाण इन पाँच कल्याणकोंके वर्णनकी प्रधानता रहती है। फिर भी ऐसा नहीं है कि यह वर्णन कहीं-से जैसाका तैसा रख दिया गया हो। उसमें कविकी अपनी मौलिकता स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे वह समस्त विवरण नीरस नहीं किन्तु बहुत सरस पाया जाता है। कविने अपनेसे पूर्वकालीन रचनाओं, जैसे पद्मपुराण, हरिवंश पुराण तथा आदि और उत्तर पुराणमें वर्णित चन्द्रप्रभके जीवनवृत्तको अपना आधार बनाया है। फिर भी रचना-शैली व काव्यकी दृष्टिसे यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने उनकी नकल की है। यथार्थतः उनकी रचनामें उक्त पूर्व रचनाओंकी शाब्दिक छाया प्रायः बिल्कुल ही नहीं पायी जाती।

इस चरित या काव्यके रचयिता वीरनन्दिका जैन मुनि-परम्परामें बहुत ऊँचा स्थान है। यह इसी बातसे सिद्ध है कि गोम्मटसारके कर्ता नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्तीने अपनेको उनका 'वत्स' कहा है तथा पार्श्वनाथ चरितके कर्ता वादिराज सूरिने उनकी भारतीको कुमुद्वतीके समान 'चन्द्रप्रभाभिसम्बद्ध,' 'रसपुष्ट' और 'मनःप्रिय' कहकर स्मरण किया है। इसपर टीका और पंजिका भी लिखी गयी, तथा उसकी प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ उत्तरसे दक्षिण भारत तक शास्त्रभण्डारोंमें पायी जाती हैं। ये इस रचनाके लोक-प्रियता व प्रचार के प्रमाण हैं।

यह ग्रन्थ पहले भी एक बार मुद्रित हो चुका था, और उसका एक अनुवाद भी छप चुका था। किन्तु वे प्रकाशन न तो इस युगके विद्वत्समाजकी आलोचनात्मक रुचिके अनुकूल थे और न अब उनकी प्रतियाँ ही उपलब्ध थीं। ऐसी अवस्थामें यह आवश्यक समझा गया कि इस प्राचीन रचनाका एक अच्छा संस्करण तैयार कराकर प्रकाशमें लाया जाये। बड़ी प्रसन्नताकी बात है कि इसका यथेष्ट रीतिसे सम्पादन और अनुवाद पं० अमृतलालजी शास्त्रीने बड़े प्रयासपूर्वक सम्पन्न किया। उन्होंने पूर्वमुद्रित पाठको भी अपने सम्मुख रखा तथा विविध स्थानोंसे प्राप्त भिन्न-भिन्न कालीन सात हस्तलिखित प्रतियोंका मिलान करते हुए पाठ-शोधन किया एवं उन प्रतियोंके पाठान्तर भी संकलित कर पाद-टिप्पण रूपसे दे दिये। उनका अनुवाद भी भावानुवाद होते हुए भी मूल रचनाके साथ पूर्ण न्याय करता है। और भाषाकी दृष्टिसे भी परिमार्जित एवं धारावाही है जिससे मूल आख्यान व वर्णन ही नहीं, किन्तु उसकी काव्य-कलाका भी पाठकको पर्याप्त मात्रामें रसास्वादन मिल सकता है। उन्होंने ग्रन्थकी प्राचीन टीका एवं पंजिकाका भी उनकी अनेक उपलभ्य प्राचीन प्रतियोंपरसे उद्धारकर प्रस्तुत संस्करणमें समावेश कर दिया है। उन्होंने अपनी ३३ पृष्ठकी प्रस्तावनामें सम्पादन-सामग्री, ग्रन्थकार और रचना तथा टीका व पंजिकाके विषयमें सभी ज्ञातव्य बातोंका विवेचन कर दिया है, तथा परिशिष्टोंमें मूल रचनाके पद्यों, व्याख्या व पंजिकामें उद्धृत अवतरणों एवं उनके विशिष्ट शब्दोंकी अनुक्रमणिकाएँ भी संलग्न कर दी हैं। इस प्रकार इस महाकाव्यका प्रस्तुत संस्करण सर्वांग परिपूर्ण कहा जा सकता है जिसके लिए प्रधान सम्पादक पं० अमृत-लाल शास्त्रीके अनुगृहीत हैं।

हमें बारम्बार कहना पड़ता है और कहे बिना रहा भी नहीं जाता कि जिस जैन-संस्कृति-संरक्षक-संघ द्वारा संचालित जीवराज ग्रन्थमालामें इस ग्रन्थका प्रकाशन हो रहा है उसके संस्थापक स्वर्गीय जीव-राज गौतमचन्दजी दोशीकी धार्मिक भावना उनके द्वारा संगठित ट्रस्टके सदस्यों व अधिकारियोंको निरन्तर प्रेरित करती रहती है जिसके फलस्वरूप प्राचीन जैन साहित्यके ऐसे अनुपम रत्नोंको खोजकर उत्तम रीति-से प्रकाशमें लाया जा रहा है। उक्त ट्रस्टके अध्यक्ष श्रीमान् लालचन्द हीराचन्द व मन्त्री श्री बालचन्द देवचन्द शाहके हम विशेष रूपसे कृतज्ञ हैं कि वे इस ग्रन्थमालाकी उन्नति और विकासमें [illegible] व जागरूक रहते हैं।

मैसूर
बालाघाट

*आ० ने० उपाध्ये*
*हीरालाल जैन*

# सम्पादकीय

'चन्द्रप्रभचरितम्' की रचना महाकवि वीरनन्दीने विक्रमकी ग्यारहवीं शतीके पूर्व भागमें की थी। इसकी संस्कृतव्याख्या-'विद्वन्मनोवल्लभा' मुनिचन्द्रने वि० सं० १५६० में और संस्कृत पञ्जिका गुणनन्दीने वि० सं० १५९७ लिखी जो अभी तक अप्रकाशित रहीं।

१६९१ पद्यों में परिसमाप्त प्रस्तुत चरित महाकाव्यमें अष्टम तीर्थङ्कर चन्द्रप्रभका शिक्षाप्रद जीवनवृत्त प्राञ्जल संस्कृत भाषामें वर्णित है।

चन्द्रप्रभका जन्म वाराणसीके निकट चन्द्रपुरीमें, जो सम्प्रति 'चन्द्रवटी', 'चंदरौटी' या 'चन्द्रौटी' नामसे प्रसिद्ध है, राजा महासेन और रानी लक्ष्मणाके यहाँ हुआ था।

प्रस्तुत महाकाव्य केवल मूल रूपमें सबसे पहले सन् १८९२ में निर्णयसागर प्रेस बम्बई से महामहोपाध्याय पं० दुर्गाप्रसाद और पं० वासुदेव शर्माके द्वारा सम्पादित होकर प्रकाशित हुआ था।

पं० रूपनारायण पाण्डेय कृत इसका हिन्दीरूपान्तर हिन्दी साहित्य प्रसारक कार्यालय बम्बईसे सन् १९१६ में मुद्रित हुआ था। इसमें मूलग्रन्थको स्थान नहीं दिया गया था।

आरा, कारंजा, जयपुर, दिल्ली, सोलापुर और ब्यावरसे प्राप्त बारह हस्तलिखित प्राचीन प्रतियोंके आधारपर मूल, व्याख्या और पञ्जिकाका सम्पादन करके प्रस्तुत महाकाव्य हिन्दी भावानुवादके साथ अब इस नये परिवेशमें पाठकोंके समक्ष प्रस्तुत है।

**इस संस्करणकी विशेषताएँ:—**१. शुद्ध पाठ; २. संस्कृत व्याख्या; ३. संस्कृत पञ्जिका; ४. मूलानुगामी हिन्दी भावानुवाद; ५. प्रस्तावना; ६. पाठान्तर, टिप्पण तथा परिशिष्ट

**आभार :—**पं० बालचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीने जीवराज ग्रन्थमालासे इसके सम्पादन व अनुवादका कार्य दिलवाया और संस्कृत व्याख्याकी दो हस्तलिखित प्रतियाँ भी भेजीं। डॉ० नेमिचन्द्रजी आरा, पन्नालालजी अग्रवाल देहली, डॉ० कस्तूरचन्द्रजी जयपुर, पं० माणिकचन्द्रजी चवरे कारंजा और पं० हीरालालजी सिद्धान्तशास्त्री ब्यावरने हस्तलिखित प्रतियाँ भेजीं। पं० मिलापचन्द्रजी-रतनलालजी कटारियाने विबुध श्रीधरके 'पासनाथचरिउ' के कतिपय पद्योंकी चं० च० के पद्योंसे तुलना करके भेजी। पं० कमलाकान्तजी शुक्ल वाराणसीने व्याख्याकारके काल निर्धारणमें साहाय्य प्रदान किया। पं० पन्नालालजी साहित्याचार्य सागरने समवसरणसे सम्बद्ध नौ पद्योंके अनुवादमें सहयोग दिया। पं० दलसुखजी मालवणिया अहमदाबाद, डॉ० मोहनलालजी मेहता वाराणसी, अगरचन्द्रजी नाहटा बीकानेर, पं० परमानन्दजी शास्त्री देहली, डॉ० गुलाबचन्द्रजी चौधरी, नवनालन्दा और पं० के० भुजबलीजी शास्त्री धारवाडने पत्रोंके उत्तर दिये। स्थानीय जैन विद्वानोंने उत्साह बढ़ाया। डॉ० गोकुलचन्द्रजीने कलापूर्ण मुद्रणकी ओर ध्यान दिया। पं० महादेवजी चतुर्वेदी, पं० हरगोविन्दजी द्विवेदी, पं० शिवदत्तजी मिश्र और पं० रामाभिलाषजी त्रिपाठी आदि भारतीय ज्ञानपीठके विद्वानोंने पहल. प्रूफ देखा और कम्पोजीटर महावीरजी आदिने कम्पोज करनेमें सावधानी बरती। अतएव इन सभी महानुभावोंका हृदयसे आभारी हूँ।

मेरे ऊपर सबसे अधिक आभार डॉ० ए० एन० उपाध्येका है, जिन्होंने सम्पादन सम्बन्धी अनेक सूचनाएँ भेजीं, प्रारम्भके पाँच फार्मोंके प्रूफ स्वयं देखे, पूरी प्रस्तावना पढ़कर अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये और बीच-बीचमें न जाने कितने पत्र भेजकर उत्साहकी मात्राको बढ़ाया। अतएव मैं आपका कृतज्ञ हूँ।

प्रस्तुत ग्रन्थका प्रकाशन श्रीजीवराजग्रन्थमाला, सोलापुरकी ओरसे हुआ है, अतः उसके संस्थापक विद्यानुरागी स्व० ब्र० जीवराजजी के प्रति आभार व्यक्त करना मेरा मुख्य कर्तव्य है। दोनों ग्रन्थमालाके मुख्य सम्पादकोंका भी आभारी हूँ।

**क्षमा प्रार्थनाः**—सावधानी बरतनेपर भी मूल ग्रन्थके दो स्थलोंमें दो अशुद्धियाँ हो गयी हैं—१. नाभिसरोवरम् ( रः ) ( १३,७ ) और २. काञ्चनमेदिनीषु जनयति धिषणाम् ( १४,२८ )। इनके स्थानमें शुद्ध पाठ ऐसे होने चाहिए थे—१. नाभिसरो वरम् ( १३,७ )। यहाँ नाभिसरो विशेष्य है और वरम् उसका विशेषण। २. काञ्चनमेदिनीषु सततं जनयति धिषणाम्। इनके अतिरिक्त कुछ प्रूफ या प्रेस सम्बन्धी अशुद्धियाँ भी रह गयी हैं, पर उनकी संख्या बहुत कम है। ये अशुद्धियाँ ऐसी नहीं जो भ्रामक हों।

प्रस्तुत ग्रन्थका सम्पादन सन् १९५९ में प्रारम्भ किया था, पर मेरी दीर्घसूत्रताके कारण इसके प्रकाशनमें इतना अधिक विलम्ब हो गया है। यदि उपाध्येजी बार-बार शीघ्रताके लिए पत्र न लिखते तो और भी विलम्ब हो सकता था। अतएव अन्तमें ज्ञात-अज्ञात अशुद्धियों और विलम्बके लिए मैं पाठकों एवं उपाध्येजीसे क्षमा प्रार्थी हूँ।

—*अमृतलाल शास्त्री*

# प्रस्तावना

## [१] आदर्श प्रतियों का परिचय

चन्द्रप्रभचरितम्‌के प्रस्तुत संस्करण का सम्पादन निम्नांकित हस्तलिखित बारह—मूल (७), संस्कृत-व्याख्या (३) और पञ्जिका (२) की प्राचीन प्रतियोंके आधार पर किया गया है—

मू० १. अ—यह प्रति कारंजाकी है। यह ११६/८ × ५ इंच लम्बे-चौड़े १३० पत्रों (२६० पृष्ठों) में समाप्त हुई है। दोनों ओर डेढ़-डेढ़ इंच का हासिया छूटा है। प्रति पृष्ठ पंक्ति-संख्या ८-८ है, पर अन्तके दो पृष्ठों पर ९-९। प्रति पंक्ति लगभग ३५-३६ अक्षर हैं। लिपि सुन्दर एवं सुवाच्य है। इसमें पडिमात्रा या पृष्ठमात्राका उपयोग किया गया है। 'सर्गः'के स्थानमें 'सर्ग्रः' एवं 'च्छ'के स्थान में 'छ' लिखा हुआ है। यत्र-तत्र हासियोंमें टिप्पण भी दिये गये हैं। कागज पुष्ट, पीले रंगका है। इसमें कलासनाथस्य""इत्यादि (१.५९), ज्ञानमागमनिरोधि""इत्यादि (७.५२) तथा कविप्रशस्तिका यः श्रीवर्म नृपो बभूव""इत्यादि (६) पद्य नहीं हैं। आदिभाग—ॐ नमः सिद्धेभ्यः। श्रियं क्रियाद्यस्य""इत्यादि। पुष्पिका—इति श्रीवीरनंदिकृताबुदयांके चंद्रप्रभचरिते महाकाव्ये प्रथमः सर्ग्रः ॥१॥छ॥ अन्तिम भाग—स्वस्ति श्री संवत् १५९१ वर्षे आषाढमासे। कृष्णपक्षे दशम्यां तिथौ सोमवासरे श्रीमूलसंघे सरस्वतीगछे। बलात्कारगणे श्रीकुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक श्रीपद्मनंदिदेवा तत्पट्टे भ० श्रीसकलकीर्तिदेवाः तत्पट्टे भ० भुवनकीर्तिदेवाः तत्पट्टे भ० ज्ञानभूषणदेवाः तत्पट्टे श्री विजयकीर्तिदेवाः तच्छिष्य श्री ब्र० श्री हंसाख्यः तच्छिष्यब्रह्माराजपालपठनार्थं चंद्रप्रभकाव्यं चिरं तिष्ठतु भूतले। गुरुशिष्ययोः शुभं भूयात्। श्लोक संख्या २३४०॥ चंद्रप्रभकाव्यम।

मू० २. आ—यह प्रति कारंजाकी है। १२ × ५१/२ इञ्च लम्बे-चौड़े ४८ पत्रों (९६ पृष्ठों) में इसकी समाप्ति हुई है। दोनों ओर एक-एक इञ्चका हासिया छूटा है। प्रति पृष्ठ १६-१६ पंक्तियाँ हैं, और प्रति पंक्ति ५१-५२ अक्षर हैं। इसमें भी अङ्कों और मात्राओंकी आकृति 'अ' प्रतिके समान है। ऊपर और नीचेके रिक्त भागोंमें छोटे-छोटे सघन अक्षरोंमें टिप्पण भी दिये गये हैं। इसमें ग्रन्थकारकी प्रशस्तिके पद्य नहीं हैं। इसका लेखन काल १६४३ है। आदि भाग—ॐ नमो वीतरागाय॥ ॥ श्रियं क्रियाद्यस्य""इत्यादि। पुष्पिका—इति श्री वीरनंदिकृताबुदयांके चंद्रप्रभचरिते महाकाव्ये प्रथमः सर्ग्रः ॥छ॥१॥ अन्तिम भाग—इति श्री सिद्धान्तवेदी श्रीवीरणंद्याचार्यकृतौ चंद्रप्रभस्वामीमहाकाव्यं समाप्तमिति। संवत् १६४३ वर्षे एकादशी तिथौ भौमवासरे तुलवदेशे बंगबाटिपत्तने जैनराज्यसुराज्ये शान्तीश्वरचैत्यालये श्रीमूलसंघे सरस्वतीगछे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये महामुनीश्वरश्रीमहेन्द्रकीर्तिदेवरुश्रीचिक्कमहेन्द्रकीर्तिदेवरुगुरूणां पादपद्माराधकभट्टारकश्रीभुवनकीर्तितछीस्यब्रह्मज्ञानसागरस्वहस्तेन लखितं स्वपठनार्थं कर्मक्षयार्थं। शुभं भवतु कल्याणमस्तु। मंगल महा श्री श्री श्री ॥श्री॥ ॥श्री॥ ॥श्री॥

मू० ३. इ—यह प्रति भी कारंजाकी है। यह ११३/४ × ५ इञ्च लम्बे-चौड़े ७९ पत्रों (१५८ पृष्ठों) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या ९ (पृ० १४ तक), १० (पृ० १५-३८), ११ (पृ०३९-७४), १० (पृ०७५-७९) और प्रति पंक्ति अक्षरसंख्या प्रारम्भमें ३७-३८ है पर आगे चलकर ४५-४६। दोनों ओर एक-एक इञ्चका हासिया छूटा है। इसमें भी प्रशस्ति-पद्य नहीं हैं, और न टिप्पण भी। अङ्कों और मात्राओं-को आकृति कहीं-कहीं 'अ'-'आ' प्रतियोंके समान भी है। कागज पुष्ट, पीले रंगका है। इसका भी लेखन-काल १६४३ है। आदि भाग—श्रीवीतरागाय नमः। अथ चन्द्रप्रभस्वामिमहाकाव्य लिख्यते। श्रीयं क्रिया-द्यस्य""इत्यादि। पुष्पिका—इति विनंदिकृताबुदयांके चन्द्रप्रभचरिते महाकाव्ये प्रथमः सर्गः ॥१॥ अन्तिम-भाग—॥ गद्य ॥ इति श्रीवीरणंदिकृताबुदयांक चन्द्रप्रभचरित्त महाकाव्ये निर्वाणगमनो नाम अष्टादशः सर्गः ॥ ꣸ ॥ १८॥ इति श्रीसिद्धान्तवेदी श्रीवीरणंद्याचार्यक्रतो चन्द्रप्रभस्वामीमहाकाव्य संपूर्ण समाप्त-

मिति। संवत् १६४३ वर्षे एकादशीतिथौ भौमवासार तुलवादशे बंगवाडिपत्तने जिनराज्यसुराज्य शान्तिश्वरचैत्यालये श्रीमूलसंघे सरस्वतीगछे बलात्कारगणे श्रीकुंकुंदाचार्यान्वये महामुनीश्वरश्रीमहेन्द्रकीर्तिदेवरु-श्रीचिक्कमहेन्द्रकीर्तिदेवरुगुरुणां पादपद्माराधकभट्टारकश्रीभुवनकीर्ति तच्छीस्य ब्रह्मज्ञानसागरस्वहास्तन लिखितं स्वपरपठनार्थं कर्मक्षयार्थं ॥ ॥ शुभं भवतु ॥ कल्याणमस्तु ॥ मंगल महा श्री श्री श्री ॥श्री॥ ॥ श्री ॥ ॥ श्री ॥ छ ॥ ९ ॥ ⫶ ॥ ९ ॥ उक्त तीनों प्रतियोंकी प्राप्ति पं० माणिकचन्द्रजी चवरे कारंजाकी कृपासे हुई।

**मू० ४. क**—यह प्रति नयामन्दिर, धर्मपुरा, दिल्लीकी है। इसका नम्बर ३८ (क) है। यह १२×६३⁄४ इञ्च लम्बे-चौड़े ११२ पत्रों ( २२४ पृष्ठों ) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ ७-७ पंक्तियाँ हैं, कहीं-कहीं ८-८ भी। प्रतिपंक्ति अक्षर संख्या कहीं ४५ तो कहीं ५२ है। लिपि सुन्दर एवं सुवाच्य है, पर अक्षर सर्वत्र एक-से नहीं हैं—१० वें सर्ग तक बड़े-बड़े हैं, और आगे (११-१८) छोटे-छोटे, यद्यपि लेखक एक ही है। कहीं-कहीं टिप्पण भी हैं। लेखन काल सं० १८९९ है। आदिभाग—ओं नमो वीतरागाय—श्रियं क्रियाद्यस्य....इत्यादि। पुष्पिका—इति वीरनंदिकृतावुदयांके चन्द्रप्रभे विरचते महाकाव्ये प्रथमसर्गः ।१। अन्तिम भाग—पूर्ण संवत् १८९९ भाद्रपद शुक्ल ४ गुरुवासरे अस्मिन् ग्रन्थे श्लोकानि द्विसहस्त्रद्विशतविंशतिप्रमाणानि सर्गाः अष्टादशं इदं महाकाव्यं लिपीकृतं श्रावकअगरवालबखतावरसिंह स्वपठनार्थं लिखी दील्लीनगर्यां लाला गीरधारी लालजी पंडत श्रावक तिनोंसे इदं महाकाव्यं मया अधीतं। शुभं भवतु कल्याणमस्तु।

**मू० ५. ख**—यह प्रति नया मन्दिर, धर्मपुरा, दिल्लीकी है। इसका नम्बर अ ३८ (ख) है। यह १२×६ इञ्च लम्बे-चौड़े १४४ पत्रों (२२८ पृष्ठों) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ पंक्तिसंख्या १० है, और प्रति पंक्ति अक्षर संख्या ३०। यत्र-तत्र टिप्पण भी हैं। आदि भाग—ओं नमो वीतरागाय। श्रियं क्रियाद्यस्य...इत्यादि। पुष्पिका—इति वीरनंदिकृतावुदयांके चन्द्रप्रभविरचिते महाकाव्ये प्रथमः सर्गः ॥१॥ अन्तिमभाग—संवत् १८७२ कार्तिक कृष्णसप्तम्यां बुधवासरे अस्मिन् श्लोकानि द्विसहस्त्रद्विशतविंशतिप्रमाणानि। सर्गाः अष्टादशं। इदं महाकाव्यं गिरधारीलालश्रावकपठनार्थं लिपीकृतं गोपालविप्रेण मेरठनगर्यां।

**मू० ६. ग**—यह प्रति भी नया मन्दिर, धर्मपुरा, दिल्लीकी है। इसका नं० अ ३८ (ग) है। यह १०१⁄२×५ इञ्च लम्बे-चौड़े १६२ पत्रों (३२४ पृष्ठों) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या ८ और प्रति पंक्ति अक्षरसंख्या २९ है। अक्षर सघन और सुवाच्य हैं। यत्र-तत्र टिप्पण भी हैं। लेखन कालका उल्लेख नहीं है। आदि भाग—॥६०॥ ओं नमो वीतरागाय ॥ श्रियं क्रियाद्यस्य....इत्यादि। पुष्पिका—इति वीरनंदिकृतावुदयांके चन्द्रप्रभविरचिते महाकाव्ये प्रथमः सर्गः ॥१॥ अन्तिम भाग—ग्रंथप्रमाणं २२२० सर्गाः अठारेहं भट्टारक श्री देवेन्द्रकीर्तिना दत्तं विबुधाय रूपशिने पठनार्थं पावल्यां मध्ये।

**मू० ७. घ**—यह प्रति पञ्चायती मन्दिर, मसजिद खजूर, दिल्लीकी है। इसका नं० आ ७ है। यह ११×५ इञ्च लम्बे-चौड़े ११० पत्रों (२१९ पृष्ठों) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या १० और प्रति पंक्ति अक्षरसंख्या ३३ पर कहीं-कहीं-कहीं ३६ भी है। प्रथम पत्र एक ही ओर लिखा गया है और अन्तिम पत्रमें ४ पंक्तियाँ छूटी हुई हैं। अक्षर साधारण हैं। टिप्पणोंकी मात्रा अधिक नहीं है। आदि भाग—ओं नमो वीतरागाय ॥ श्रियं क्रियाद्यस्य....इत्यादि। पुष्पिका—इति वीरनंदिकृतावुदयांके चन्द्रप्रभविरचिते महाकाव्ये प्रथमः सर्गः ॥१ अन्तिमभाग—संवत् १८७५ वैसाषकृष्णतृतीयायां बृहस्पतवासरे लिखितमिदं पुस्तकं दिल्लीमध्ये श्रीभट्टारकश्रीललितकीर्तिजि तच्छिष्यपण्डितरत्नचंदपठनार्थं। शुभमस्तु लेखकपाठकयोः। श्री

देहलीकी उक्त चारों प्रतियोंके पाठ प्रायः एक-से हैं, अतः इनकी प्रतिलिपि किसी एक ही आदर्श प्रतिसे की गयी प्रतीत होती है। इन चारों प्रतियोंमें अशुद्धियोंकी बहुलता है। ये चारों प्रतियाँ श्री पन्नालालजी अग्रवाल, देहलीके सौजन्यसे प्राप्त हुईं।

**म**—मूलग्रन्थके सम्पादनमें उक्त हस्तलिखित प्रतियोंके साथ निर्णयसागरीय मुद्रित प्रति ( चतुर्थ संस्करण, सन् १९२६ ) का भी उपयोग, पाठान्तर लेने की दृष्टिसे किया गया है।

चं० च० की संस्कृत व्याख्या—'विद्वन्मनोवल्लभा'का सम्पादन निम्नाङ्कित हस्तलिखित प्रतियोंके आधारपर किया गया है—

**व्या० १. आ**—यह जैन सिद्धान्तभवन, आराकी प्रति है, जो १३ × ८½ इञ्च लम्बे-चौड़े ३०६ पत्रों ( ६१२ पृष्ठों ) में समाप्त हुई है। प्रति पृष्ठ २० पंक्तियाँ हैं, और प्रतिपंक्ति प्रायः २३ अक्षर हैं। बाईं ओर एक इञ्ची और दाईं ओर आधा इञ्ची हासिया छूटा है। कागज पुष्ट, सफेद रंगका है। इसे दो लेखकोंने पूरा किया है। एकके अक्षर अत्यन्त सुन्दर हैं, और दूसरेके अत्यन्त भद्दे। एकने गाढ़ी चटकीली काली स्याहीसे लिखा, और दूसरेने फीकी नीली स्याहीसे। आदि भाग—श्री सरस्वत्यै नमः। श्री चन्द्रप्रभाय नमः। श्री चारुकीर्तिमुनये नमः। श्री कामयक्षज्वालामालिन्यै नमः। शुभमस्तु। चन्द्रप्रभसंस्कृतव्याख्यानम्। निर्विघ्नमस्तु। पुष्पिका—इति श्री वीरनंदिकृता उदयांके चन्द्रप्रभचरिते महाकाव्ये तद्व्याख्याने च विद्वन्मनोवल्लभाख्ये प्रथमः सर्गः ॥ १ ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ अन्तिम भाग—शकवर्ष १७६१ नेयविकारिसंवत्सरदमाघ शुद्ध १ डयदल्लुश्रीमच्चारुकीर्तिपंडिताचार्यवर्यस्वामियवरपादकमलभृंगोपमानियादबेलगुलदयि वर्गदवशिष्टगोत्रदविजयंणैयनुयीचंद्रप्रभकाव्यदव्याख्यानपुस्तकबरद्रु संपूर्णवायि तु आचन्द्रार्कपर्यंतं भद्रं शुभं मंगलं ॥ यह प्रति डॉ० नेमिचन्द्रजी, आराके सौजन्यसे प्राप्त हुई।

**व्या० २. श**—यह प्रति श्राविकाश्रम, सोलापुरकी है। यह १२¾ × ७ इञ्च लम्बे-चौड़े १७८ पत्रों ( ३५६ पृष्ठों ) में समाप्त हुई है। दोनों ओर २-२ इञ्चका हासिया छूटा है। पंक्तिसंख्या प्रथम पृष्ठपर १५, अन्तिमपर १० और शेषपर १६-१६ है। प्रति पंक्ति अक्षरसंख्या कहीं ३८ कहीं ४० और कहीं ५६ भी है। अक्षर सर्वत्र एक-से नहीं हैं, यद्यपि लेखक एक ही है। कहीं गाढ़ी तो कहीं फीकी काली स्याहीका उपयोग किया गया है। पत्रोंपर अङ्क डालनेमें सावधानी नहीं बरती गयी। कागज पुष्ट, पीले रंगका है, पर बाईं ओरका कोना गल गया है। आदिभाग—श्रीचन्द्रप्रभाय नमः। शुभमस्तु। निर्विघ्नमस्तु ॥ वंदेहं सहजानन्दकंदलीकंदबंधुरं चंद्रांकं चंद्रसंकाशं चंद्रनाथं स्मराहरं ॥ पुष्पिका—इतिवीरनंदिकृता उदयांके चंद्रप्रभचरिते महाकाव्ये तद्व्याख्याने च विद्वन्मनोवल्लभाख्ये प्रथमः सर्गः ॥ अन्तिमभाग—स्वर्गिणो देवाः। पंचमं परिनिर्वाणाख्यं ॥। कल्याणं मंगलकार्यं। प्रविधाय। स्वं स्वं स्वकीयं स्वकीयं ॥ पदं स्थानं। अगुः ययुः। लुङ् ॥१५४॥ ॥ इति वीरनंदिकृतावुदयांके चंद्रप्रभचरिते महाकाव्ये तद्व्याख्याने च विद्वन्मनोवल्लभाख्ये अष्टादशः सर्गः ॥१९॥

**व्या० ३ स**—यह अपूर्ण प्रति भी श्राविकाश्रम, सोलापुरकी है। इसमें १३½ × ८ इञ्च लम्बे-चौड़े १५९ पत्र ( ३१८ पृष्ठ ) हैं। दोनों ओर १-१ इञ्च का हासिया छूटा है। प्रति पृष्ठ पंक्तिसंख्या १५-१५ और प्रतिपंक्ति अक्षरसंख्या प्रायः ३२-३३ है। उक्त दो व्या० प्रतियोंकी भाँति इसमें भी अक्षरोंकी बनावट सर्वत्र एक-सी नहीं है। हासियों, और पूर्ण विरामोंमें गाढ़ी लाल स्याही तथा व्या० लेखनमें चटकीली गाढ़ी काली स्याही प्रयुक्त हुई है। कागज पुष्ट, पीले रंगका है। इसमें आदिके बारह सर्गोंकी व्याख्या है। इसमें भी उपान्त्य ११०वें पद्यकी व्याख्या अधूरी है और अन्तिम १११वें की व्याख्या है ही नहीं। इसमें भी लेखनकाल अङ्कित नहीं है। आदिभाग—श्रीचन्द्रप्रभाय नमः। शुभमस्तु। निर्विघ्नमस्तु ॥ वंदेहं सहजानंदकंदलीकंदबंधुरं। चंद्रांकं चंद्रसंकाशं चंद्रनाथं स्मराहरं ॥ पुष्पिका—इति वीरनंदिकृता उदयांके चंद्रप्रभचरिते महाकाव्ये तद्व्याख्याने च विद्वन्मनोवल्लभाख्ये प्रथमः सर्गः ॥१॥ अन्तिमभाग—समरं संग्रामं वा। प्रदिशामि। इत्येवं। द्व्याश्रयैः द्वयमवलंबनं आश्रयो येषां तैः। वचनैः वचोभिः। रिपुदूतः रिपोः शत्रोर्दू ( इस प्रतिकी समाप्ति यहीं हो जाती है। )।

'श' तथा 'स' प्रतियोंकी प्रतिलिपि किसी एक ही आदर्श प्रतिसे की गयी है। यदि कहीं थोड़ा-बहुत पाठभेद है भी, तो उसका कारण लिपिककी असवधानता है। ये दोनों प्रतियाँ पं० बालचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीके सौजन्यसे प्राप्त हुईं।

प्रस्तुत महाकाव्यकी संस्कृतपञ्जिकाका सम्पादन निम्नलिखित हस्तलिखित प्रतियोंके आधारपर किया गया है—

पं० १. ब—यह प्रति ऐ० प० दि० जैन सरस्वती भवन, ब्यावरकी है। यह १२×५ इञ्च लम्बे-चौड़े ५३ पत्रों ( १०४ पृष्ठों ) में समाप्त हुई है। प्रारम्भके १८ पत्रोंपर दोनों ओर १-१ इञ्चका हासिया छूटा है। प्रथम और अन्तिम पत्र एक ही ओर लिखे गये हैं। प्रतिपृष्ठ पंक्तिसंख्या ११-११ ( १२वें पृ० तक ) तथा शेष पृष्ठोंपर १३-१३ है। प्रति पंक्ति अक्षर संख्या प्रायः ४०-४० है। लिपि सुवाच्य है, पर सुन्दर नहीं। कागज पतला, पीले रंगका है। अवस्था जीर्ण-शीर्ण है। इसमें लेखनकाल नहीं दिया गया। आदिभाग—स्वस्ति श्री सरस्वात्ये। श्री श्रुतमुनिमुनये नमः ।। प्रणम्य वीरं नृसुरासुरस्तुतं प्रकृष्टबोधं विबुधेष्ट-सन्मतं। करिष्यते शंसयधामभंजिका मायाथ चंद्रप्रभकाव्यपंजिका ।। अन्तिमभाग—इति चंद्रप्रभकाव्यपंजि-कायां अष्टादशः सर्गः समाप्तः ।।१८।। दशीयगणेऽग्रगण्यः प्रधानः। गुणनन्दी इत्यर्थः ।। ।।छ।।छ।।छ।।

पं० २. ज—यह प्रति श्री महावीर दि० जैन शोधसंस्थान, जयपुरकी है। यह १०×४$\frac{3}{4}$ इञ्च लम्बे-चौड़े ८६ पत्रों ( १७० पृष्ठों ) में समाप्त हुई है। दोनों ओर १-१ इञ्चका काली स्याहीका हासिया छूटा है। प्रथम और अन्तिम पत्र केवल एक ही ओर लिखे गये हैं। प्रति पृष्ठ पंक्ति संख्या १० और प्रति पंक्ति अक्षर संख्या प्रायः ३५ है। कागज पुष्ट, पीले रंगका है। 'ब' प्रतिकी भाँति इसमें भी गाढ़ी काली स्याही-का उपयोग किया गया है। अक्षर सुवाच्य एवं सुन्दर हैं। 'ब' प्रतिकी भाँति इसमें अशुद्धियोंकी बहुलता नहीं है। इसमें भी लेखनकालका उल्लेख नहीं है। प्रतियोंकी स्थिति व मात्राओंकी आकृतिसे इतना स्पष्ट है कि 'ज' प्रतिसे 'ब' प्रति प्राचीन है। आदिभाग—।। स्वस्ति श्री सरस्वत्यै ।। श्री श्रुतमुनिमुनये नमः ।। प्रणम्य वीरं नृसुरासुरस्तुतं प्रकृष्टबोधं विबुधेष्टसन्मतम्। करिष्यते शंशयधामभंजिका मयाथ चंद्रप्रभकाव्यपंजिका ।।१।। अन्तिमभाग—इति चंद्रप्रभकाव्यपंजिकायां अष्टादशः सर्गः ।।१८।। देशीयगणेऽग्रगण्यः प्रधानः। गुण-नन्दी इत्यर्थः ।। ।।छ।।श्रीः।।ब।।श्रीः।।ब।। ।।

## सम्पादन पद्धति

### [ क ] शुद्ध पाठ

१. उक्त सातों ह० लि० मूल प्रतियोंके पाठोंमें जो शुद्धतम प्रतीत हुआ, उसे मूलमें रखकर अन्य सभी प्रतियोंके, जिनमें एक मुद्रित प्रति भी सम्मिलित है, पाठोंको पृथक्-पृथक् संकेत चिह्नोंके साथ नीचे स्थान दिया गया है। जहाँ उनके पाठोंसे व्याख्यान्तर्गत मूल पाठ और भी अधिक शुद्ध जान पड़ा, वहाँ उसीको मूलमें मिलाकर सभी प्रतियोंके पाठोंको पाठान्तरोंमें स्थान दिया गया है, और इसकी सूचना भी वहीं दे दी गयी है। व्याख्याका स्वरूप जैसा भी हो, पर उसकी सबसे बड़ी विशेषता है लगभग पचासी प्रतिशत मूलपाठोंकी शुद्धि। व्याख्यामें पहले मूलको स्थान देकर बादमें उसका अर्थ खोला है।

२. व्याख्याकी तीन प्रतियोंमें 'आ' और 'श' अपेक्षाकृत प्राचीन हैं, और 'स' अर्वाचीन। 'स' प्रति अपूर्ण है और अशुद्ध भी। अन्य दो प्रतियोंमें अशुद्धियाँ कम हैं। इन्हीं तीन प्रतियोंके आधार पर व्याख्याको शुद्ध बनानेका प्रयास किया गया है। तीनोंमें जिसका पाठ शुद्ध ज्ञात हुआ उसे यथास्थान रखकर शेषके पाठोंको तत्तत् सङ्केतोंके साथ नीचे पाठान्तरोंके रूपमें स्थान दिया गया है।

कहीं-कहीं अत्यावश्यकता पड़नेपर (   ) इस कोष्ठकमें सम्पादक ने अपनी ओरसे भी लिखा है, और कहीं-कहीं पाठान्तरोंके साथ नीचे भी, जिसे = इस चिह्न से पहचाना जा सकता है।

३. पञ्जिकाकी दो प्रतियोंमें 'ज' अधिक शुद्ध है। 'ज' की तुलनामें 'ब' में अधिक पाठ छूटे हुए हैं। दोनों में जिसका पाठ शुद्ध ज्ञात हुआ, उसे यथास्थान रखकर अन्य प्रतिके पाठको संकेत चिह्नके साथ नीचे पाठान्तरोंमें स्थान दिया गया है। जहाँ दोनोंके ही पाठ अशुद्ध प्रतीत हुए वहाँ (   ) ऐसे कोष्ठकमें सम्पादककी ओरसे नया पाठ प्रस्तुत किया गया है।

## [ ख ] अवतरणोंके चिह्न और मूल स्थलोंके निर्देश

प्रस्तुत ग्रन्थकी व्याख्यामें ३२९ तथा पञ्जिकामें ६३ अवतरण ग्रन्थान्तरोंके हैं। उन्हें '     ' इस चिह्नसे पहचाना जा सकता है। अधिकांश अवतरणोंके मूल स्थलोंके निर्देश [     ] ऐसे कोष्ठकोंमें किया गया है, और अशुद्ध अवतरणोंको मूल ग्रन्थोंके आधारपर शुद्ध भी किया गया है।

उद्धृत कोषवाक्योंके मूल स्थलोंका निर्देश अनेकार्थध्वनिमञ्जरी, अनेकार्थ नाममाला, अनेकार्थसंग्रह, अभिधानचिन्तामणि, अमरकोष, धनञ्जयनाममाला, विश्वप्रकाश, विश्वलोचन और वैजयन्ती–इन ९ संस्कृत कोषोंके आधारपर कर दिया है, पर 'विश्व' कोषके न मिलनेसे उसके स्थलोंका निर्देश नहीं किया जा सका। इस कोषके अवतरण जैन व जैनेतर काव्योंकी टीकाओंमें पाये जाते हैं, पर यह ज्ञात नहीं हो सका कि यह प्रकाशित है या अप्रकाशित।

**अप्रकाशित कोष**—प्राचीन संस्कृत कोष पद्य शैलीमें निबद्ध मिलते हैं, पर चं० च० की व्याख्यामें नानार्थकोषके नामसे लगभग पन्द्रह अवतरण गद्यसूत्रोंके रूपमें हैं। अर्हद्दासकृत मुनिसुव्रतकाव्यम् और पार्श्वाभ्युदयम्की सं० टी० में भी इसी कोषके अनेक अवतरण हैं, पर मुनिसु० की सं० टी० में पृ० १४३ पर जिस अवतरणके आगे 'नानार्थकोषे' लिखा है, उसीके आगे पृ० १८१ पर 'नानार्थरत्नकोषे'। संभवतः इस कोषके दो नाम प्रसिद्ध रहे हों। जो कुछ भी हो, यह कोष अभी तक कहींसे प्रकाशित नहीं हुआ। जैन साहित्यका बृहद् इतिहास भाग ५ ( पृ० ९३ ) से ज्ञात होता है कि इसके रचयिता असग थे।[1]

## [ ग ] टिप्पण

प्रस्तुत ग्रन्थमें व्याख्याकारके अभिप्रायको स्पष्ट या पुष्ट करनेके लिए यत्र-तत्र टिप्पण भी दिये गये हैं, जिनमें कुछ तुलनात्मक भी हैं। टिप्पणोंमें कुछ अन्य ग्रन्थोंके, विशेषतः कोषोंके अनेक वाक्य उद्धृत किये गये हैं। प्रायः प्रत्येक पृष्ठके नीचे मूल ग्रन्थ और उसकी व्याख्याके पाठान्तरोंके साथ ही टिप्पण दिये गये हैं। तीनोंके लिए हिन्दी अङ्कोंका उपयोग किया गया है। मूल श्लोकों और व्याख्याके पदोंपर डाले गये अङ्कोंके आधारपर नीचे डाले गये अङ्कोंको देखकर यह स्पष्टतया समझा जा सकता है कि मूलके या व्याख्याके पाठान्तर कौनसे हैं। टिप्पण, पाठान्तरोंमें रले-मिले हैं, पर वे '=' इस चिह्नसे पृथक् ही समझे जा सकते हैं।

## [ घ ] परिशिष्ट

प्रस्तुत ग्रन्थके अन्तमें निम्नलिखित परिशिष्ट जोड़े गये हैं—१. संस्कृत पञ्जिका, २. मूलग्रन्थकी पद्यानुक्रमणिका, ३. व्याख्याके अवतरणोंकी अनुक्रमणिका, ४. पञ्जिकाके अवतरणोंकी अनुक्रमणिका, ५. मूलग्रन्थकी सूक्तियाँ, ६. मूल ग्रन्थ गत विशिष्ट-शब्द-सूची, ७. व्याख्यान्तर्गत विशिष्ट-शब्द-सूची, ८. पञ्जिकान्तर्गत विशिष्ट-शब्द-सूची, ९. चं० च० में प्रयुक्त छन्दोंका विवरण और १०. संकेत विवरण।

## [ २ ] ग्रन्थ-परिचय

**नाम**—अष्टम तीर्थङ्कर चन्द्रप्रभके जीवन वृत्तको लेकर लिखे गये प्रस्तुत महाकाव्यका नाम 'चन्द्रप्रभचरितम्' है, जैसा कि प्रतिज्ञावाक्य ( १,९ ), पुष्पिका वाक्यों तथा 'श्रीजिनेन्दुप्रभस्येदं चरितं' इत्यादि पद्य ( पृ० ४६० ) से स्पष्ट है।

---

१. 'नानार्थ कोश' के रचयिता असग नामक कवि थे, ऐसा मात्र उल्लेख प्राप्त होता है। वे शायद दिगम्बर जैन गृहस्थ थे। वे कब हुए और ग्रन्थकी रचनाशैली कैसी है, यह ग्रन्थ प्राप्त नहीं होनेसे कहा नहीं जा सकता।—जैन साहित्यका बृ० इ० भाग ५ पृ० ९३

प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषाओंमें निबद्ध प्राचीन एवं अर्वाचीन काव्योंके परिशीलनसे ज्ञात होता है कि उनके चरितान्त नाम रखनेकी परम्परा प्राचीन कालसे ही चली आ रही है। उपलब्ध काव्योंमें विमलसूरिका 'पउमचरियं' प्राकृत चरित काव्योंमें, अश्वघोषका 'बुद्धचरितम्' संस्कृत काव्योंमें तथा स्वयम्भू कविका 'पउमचरिउ' अपभ्रंश काव्योंमें सर्वाधिक प्राचीन हैं। इन तीनोंमें प्रारम्भके दो काव्य ई० की प्रथम शतीके तथा तीसरा ई० की सातवीं शतीका है। प्रस्तुत महाकाव्यका नाम इसी परम्पराके अनुकूल है।

विषय—प्रस्तुत ग्रन्थका प्रतिपाद्य विषय चन्द्रप्रभका जीवनवृत्त है, जो इसके अठारह सर्गोंमें समाप्त हुआ है। प्रारम्भके पन्द्रह सर्गोंमें चरितनायकके छह अतीत भवोंका और अन्तके तीन सर्गोंमें वर्तमान भवका वर्णन किया गया है। सोलहवें सर्गमें गर्भकल्याणक, सत्रहवेंमें जन्म, तप और ज्ञान तथा अठारहवेंमें मोक्ष कल्याणक वर्णित हैं। महाकाव्योचित प्रासङ्गिक वर्णन और अवान्तर कथाएँ भी यत्र-तत्र गुम्फित हैं। सभी सर्गोंके अन्तिम पद्योंमें 'उदय' शब्दका सन्निवेश होनेसे यह 'उदयाङ्क' कहलाता है।

## [ ३ ] चं० च० की कथावस्तुका संक्षिप्तसार

चं० च० में चरितनायकके राजा श्रीवर्मा, श्रीधरदेव, सम्राट् अजितसेन, अच्युतेन्द्र, राजा पद्मनाभ, अहमिन्द्र और चन्द्रप्रभ—इन सात भवोंका विस्तृत वर्णन है, जिसका संक्षिप्तसार इस प्रकार है—

१. राजा श्रीवर्मा—पुष्करार्ध द्वीपवर्ती सुगन्धि[१] देशमें श्रीपुर नामक पुर था। वहाँ राजा श्रीषेण निवास करते थे। उनकी पत्नी श्रीकान्ता[२] पुत्र न होनेसे सदा चिन्तित[३] रहा करती थी। किसी दिन गेंद खेलते बच्चोंको देखते ही उसके नेत्रोंसे अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी। उसकी सखीसे इस बातको सुनकर राजा श्रीषेण उसे समझाते हुए कहते हैं—देवि, चिन्ता न करो। मैं शीघ्र ही विशिष्ट ज्ञानी मुनियोंके दर्शन करूँगा, और उन्हींसे पुत्र न होनेका कारण पूछूँगा। कुछ ही दिनोंके पश्चात् वे अपने उद्यानमें अचानक आकाशसे उतरते हुए चारणऋद्धिके धारक मुनिराज अनन्त के दर्शन करते हैं। तत्पश्चात् प्रसङ्ग पाकर वे उनसे पूछते हैं—'भगवन् ! मुझे वैराग्य क्यों नहीं हो रहा है ?'। उन्होंने उत्तर दिया—'राजन् ! पुत्र प्राप्ति-की इच्छा रहनेसे आपको वैराग्य नहीं हो रहा है। अब शीघ्र ही पुत्र होगा। अभी तक पुत्र न होनेका कारण आपकी पत्नीका पिछले जन्मका अशुभ निदान है।' घर जाकर वह अपनी पत्नीको पुत्र होनेकी उक्त बातको सुनाता है। वह प्रसन्न हो जाती है। दोनों धार्मिक कार्योंमें संलग्न रहने लगते हैं। इतनेमें आष्टाह्निक पर्व आ जाता है। दोनोंने आठ-आठ उपवास किये, आष्टाह्निक पूजा की और अभिषेक भी। कुछ ही दिनोंके बाद रानी गर्भधारण करती है[४]। धीरे-धीरे गर्भके चिह्न[५] प्रकट होने लगे। नौ मास बीतनेपर पुत्ररत्न की प्राप्ति होती है। उसका नाम श्रीवर्मा रखा गया। वयस्क होनेपर राजा उसका विवाह करके युवराज बना देता है। उल्कापात देखकर राजाको वैराग्य हो जाता है। फलतः वह श्रीवर्माको अपना राज्य सौंपकर श्रीप्रभ[६] मुनिसे जिनदीक्षा लेकर घोर तप करता है और फिर मुक्ति कन्याका वरण करता है। पिताके वियोगसे वह कुछ दिनों तक शोकमग्न रहता है। शोकके कम होनेपर वह दिग्विजयके लिए प्रस्थान करता है। उसमें वह पूर्ण सफल होकर घर लौटता है। शरत्कालीन मेघको शीघ्र ही विलीन होते देखकर उसे वैराग्य हो जाता है। फलतः वह अपने पुत्र श्रीकान्त[७] को अपना उत्तराधिकार देकर श्रीप्रभ मुनिके निकट जाकर दीक्षा ग्रहण करता है और घोर तपश्चरण करने लगता है।

---

१. पुराणसार संग्रह (७६,२) में देशका नाम गन्धिल लिखा है। २. पुराणसा० (७६,३) में श्रीमती नाम दिया है। ३. उ० पु० (५४,४४) में राजाका चिन्तित होना लिखा है। ४. उ० पु० (५४, ५१) में गर्भधारण करनेसे पहले चार स्वप्न देखनेका उल्लेख है, और पुराणसा० (७६,५) में पाँच स्वप्न देखनेका। ५. पुराणसा० में गर्भचिह्नोंकी चर्चा नहीं है। ६. उ० पु० ( ५४,७३ ) में मुनिका नाम श्रीपद्म और पुराणसा० ( ७८,१९ ) में श्रीधर लिखा है। जिस वनमें दीक्षा ली थी, उसका नाम उ० पु० में शिवंकर और पुराणसा० में प्रियंकर दिया है। ७. पुराणसा० ( ७८,१९ ) में श्रीकान्तके स्थानमें श्रीधर लिखा है।

**२. श्रीधरदेव**—घोर तपश्चरणके प्रभावसे श्रीवर्मा पहले स्वर्गमें श्रीधरदेव होता है। वहाँ उसे दो सागरोपम आयु प्राप्त होती है। उसका अभ्युदय अन्य देवोंसे कहीं अच्छा है। देवियोंकी दृष्टि उसे स्थायी उत्सव समझती है।

**३. सम्राट् अजितसेन**—धातकी खण्ड द्वीपके अलका नामक देशमें कोशला[१] नगरी है। वहाँ राजा अजितंजय और रानी अजितसेना[२] निवास करते हैं। श्रीधर देव इन्हींका पुत्र–अजितसेन[३] होता है, जो वयस्क होते ही युवराज बना दिया जाता है। अजितंजयके देखते-देखते उसके सभाभवनसे अजितसेनको कुख्यात चण्डरुचि नामक असुर पिछले जन्मके वैरके कारण उठा ले जाता है। राजा व्याकुल होकर मूर्च्छित हो जाता है। इसी बीच तपोभूषण मुनि पधारते हैं और यह कहकर वापिस चले जाते हैं कि युवराज कुछ दिनोंके बाद सकुशल घर आ जायगा।[४] उधर वह असुर उसे बहुत ऊँचाईसे एक तालाबमें गिरा देता है। मगर-मच्छोंसे जूझता हुआ वह किसी तरह किनारेपर पहुँच जाता है। वहाँ से वह ज्यों ही परुषा नामकी अटवीमें प्रवेश करता है त्यों ही एक भयङ्कर आदमीसे द्वन्द्व छिड़ जाता है। पराजित होनेपर वह अपने असली रूपको प्रकट कर कहता है—'युवराज, मैं मनुष्य नहीं देव हूँ। मेरा नाम हिरण्य है। मैं आपका मित्र हूँ, पर आपके पौरुषके परीक्षणके लिए मैंने ऐसा व्यवहार किया है, क्षमा कीजिए। पिछले तीसरे भवमें आप सुगन्धि देशके नरेश थे। आपकी राजधानीमें एक दिन शशीने सेंध लगाकर सूर्यके सारे धनको चुरा लिया था। पता लगनेपर आपने शशीको कड़ा दण्ड दिया, जिससे वह मर गया और फिर वह चण्डरुचि असुर हुआ। इसी वैरके कारण उसने आपका अपहरण किया। बरामद धन उसके स्वामीको वापिस दिलवा दिया। युवराज, वही शशी मरनेके बाद हिरण्य नामकदेव हुआ, जो इस समय आपसे बात कर रहा है।'[५]

तत्पश्चात् युवराज विपुलपुरकी ओर प्रस्थान करता है। वहाँके राजाका नाम जयवर्मा, रानीका जयश्री और उनकी कन्याका शशिप्रभा था। महेन्द्र नामक एक राजा जयवर्मासे उसकी कन्याकी मंगिनी करता है, पर किसी निमित्तज्ञानीसे उसे अल्पायुष्क जानकर वह स्वीकृति न दे सका। इससे क्रुद्ध होकर महेन्द्र जयवर्माको युद्धके लिए ललकारता है। युवराज जयवर्मा का साथ देता है और युद्धमें महेन्द्रको मार डालता है। इससे प्रभावित होकर जयवर्मा युवराजके साथ अपनी कन्या शशिप्रभाका विवाह करना चाहता है। इतनेमें विजयार्ध भी दक्षिण श्रेणीके आदित्यपुरका राजा धरणीध्वज जयवर्माको सन्देश भेजता है कि वह अपनी कन्याका विवाह मेरे ( धरणीध्वज ) के साथ करे। इसके लिए जयवर्मा तैयार नहीं होता। फलतः भयङ्कर युद्ध छिड़ जाता है। पूर्वचर्चित हिरण्यदेवके सहयोगसे युवराज अजितसेन धरणीध्वजको भी युद्धभूमिमें स्वर्गवासी बना देता है। इसके उपरान्त जयवर्मा शुभमुहूर्तमें युवराज अजितसेनके साथ अपनी कन्याका विवाहकर देता है। फिर उसके साथ अपने नगरकी शोभा बढ़ाता है। वहाँ अजितंजय उसे अपना उत्तराधिकार सौंप देते हैं। चक्रवर्ती होनेसे वह चौदह रत्नों एवं नौ निधियोंका स्वामित्व प्राप्त करता है। तीर्थङ्कर स्वयंप्रभके निकट अजितंजय जिन दीक्षा ले लेता है और सम्राट्के हृदयमें सच्ची श्रद्धा ( सम्यग्दर्शन ) जाग उठती है। दिग्विजयमें पूर्ण सफलता प्राप्त करके सम्राट् अजितसेन राज्यका संचालन करने लगता है। किसी दिन एक उन्मत्त हाथीने एक मनुष्यकी हत्या कर डाली, इस दुःखद घटना[६] को देखकर सम्राट्को वैराग्य हो जाता है, फलतः वह अपने पुत्र जितशत्रुको उत्तराधिकार सौंपकर शिवंकर[७] उद्यानमें गुणप्रभ मुनिके निकट जिनदीक्षा ग्रहण कर लेता है और घोर तपश्चरण करता है।

---

१. उ० पु० ( ५४,८७ ) में और पुराणसा० ( ८०,२२ ) में नगरीका नाम अयोध्या लिखा है। २. पुराणसा० ( ८०,२३ ) में रानीका नाम श्रीदत्ता लिखा है। ३. उ० पु० (५४,८९) में श्रीधर देवके गर्भमें आनेसे पहले रानीके आठ शुभस्वप्न देखनेका भी उल्लेख है। ४. इस घटनाका उल्लेख उ० पु० और पुराणसा० में नहीं है। ५. इस घटनाका उल्लेख उ० पु० तथा पुराणसा० में नहीं है। ६. इस घटनाका उल्लेख उ० पु० और पुराणसा० में नहीं है। इन दोनोंमें सम्राट्के द्वारा अरिंदम मुनिको आहार दिये जानेका उल्लेख है, जो चं० च० में नहीं है। ७. उ० पु० ( ५४-१२२ ) में उद्यानका नाम 'मनोहर' लिखा है।

४. अच्युतेन्द्र—घोर तपश्चरण करनेसे वह अच्युतेन्द्र हो जाता है। वहाँ वह बाईस सागरोपम आयुकी अन्तिम अवधि तक दिव्यसुखका अनुभव करता है।

५. राजा पद्मनाभ—आयु समाप्त होनेपर अच्युतेन्द्र अच्युत स्वर्गसे चयकर धातकीखण्डवर्ती मङ्गलावती देशके रत्नसंचयपुरमें राजा कनकप्रभ[1] के यहाँ उनकी पट्टरानी सुवर्णमाला[2] की कुक्षिसे पद्मनाभ नामक पुत्र होता है। किसी दिन एक बूढ़े बैलको दलदलमें धँसकर मरते देखकर कनकप्रभको वैराग्य हो जाता है[3]। फलतः वह अपने पुत्र पद्मनाभको राज्य दे देता है और श्रीधर मुनिसे जिनदीक्षा लेकर दुर्धर तप करता है। पिताके विरहसे वह कुछ दिन दुःखी रहता है। फिर मन्त्रियोंके प्रयत्नसे वह अपने राज्यका संचालन करने लगता है। कुछ काल बाद अपने पुत्रको युवराज बनाकर वह अपनी रानी सोमप्रभा[4] के साथ आनन्दमय जीवन बिताने लगता है। किसी दिन मालीके द्वारा श्रीधर मुनिके पधारनेके शुभ समाचार सुनकर पद्मनाभ उनके दर्शनोंके लिए मनोहर उद्यानमें जाता है। दर्शन करनेके पश्चात् वह उनके आगे अपनी तत्त्वजिज्ञासा प्रकट करता है। वे तत्त्वोपप्लव आदि दर्शनोंके मन्तव्योंकी विस्तृत मीमांसा करते हुए तत्त्वोंके स्वरूपका निरूपण करते हैं। उसे सुनकर पद्मनाभका संशय दूर हो जाता है। इसके पश्चात् पद्मनाभके पूछनेपर वे उसके पिछले चार भवोंका विस्तृत वृत्तान्त सुनाते हैं। इस वृत्तान्तकी सत्यतापर कैसे विश्वास हो ? इस प्रश्नका उत्तर देते हुए मुनिराजने कहा—'राजन् ! आजसे दसवें दिन एक मदान्ध हाथी अपने झुण्डसे बिछुड़कर आपके नगरमें प्रवेश करेगा। उसे देखकर मेरे कथनपर विश्वास हो जायगा।' इसके उपरान्त मुनिराजसे व्रत ग्रहणकर वह अपनी राजधानीमें लौट आता है। ठीक दसवें दिन एक मदान्ध हाथी सहसा राजधानीमें घुसकर उपद्रव करने लगता है। पद्मनाभ उसे अपने वशमें कर लेता है, और उसपर सवार होकर वनक्रीड़ाके लिए चल देता है। इसी निमित्तसे उस हाथीका 'वनकेलि' नाम पड़ जाता है। क्रीड़ाके पश्चात् पद्मनाभ उसे अपनी गजशालामें बँधवा देता है[5]। राजा पृथिवीपाल इस हाथीको अपना बतलाकर वापिस करवाना चाहता है। पद्मनाभके इनकार करनेपर दोनोंमें युद्ध छिड़ जाता है। युद्धमें पृथिवीपाल मारा जाता है। इसके कटे सिरको देखकर पद्मनाभको वैराग्य हो जाता है, फलतः वह श्रीधर मुनिसे जिनदीक्षा लेकर सिंहनिष्क्रीडित आदि व्रतों व तेरह प्रकारके चारित्रका परिपालन करता हुआ घोर तप करता है। कुछ ही समयमें वह द्वादशाङ्ग श्रुतका ज्ञान प्राप्त करता है और सोलह कारण भावनाओंके प्रभावसे तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध कर लेता है।

६. वैजयन्तेश्वर—आयुके अन्तमें संन्यासपूर्वक भौतिक शरीरको छोड़कर पद्मनाभ वैजयन्त नामक अनुत्तर विमानमें अहमिन्द्र होते हैं, और तेतीससागरोपम आयुकी अन्तिम अवधि तक वहाँ वे दिव्यसुखका अनुभव करते हैं।

७. तीर्थङ्कर चन्द्रप्रभ—इनका जन्मस्थान पूर्वदेश[6] की चन्द्रपुरी[7] है।

---

१. पुराणसा० ( ८२-३२ ) में कनकाभ नाम दिया है। २. पुराणसा० ( ८२-३२ ) के अनुसार रानीका नाम कनकमाला है। ३. इस घटनाकी चर्चा उ० पु० और पुराणसा० दोनोंमें नहीं है। ४. उ० पु० ( ५४-१४१ ) में पद्मनाभकी अनेक रानियाँ होनेका संकेत है। ५. उ० पु० और पुराणसा० में इस घटनाका तथा इसके बाद होनेवाले युद्धका उल्लेख नहीं है। ६. वाराणसीसे आसामतकका पूर्वी भारत 'पूर्वदेश' के नामसे प्रख्यात रहा। उ० पु०, पुराणसा०, त्रिषष्टिशलाकापुरुष० और त्रिषष्टिस्मृति० में इस देशका उल्लेख नहीं है। ७. त्रिषष्टिशलाकापुरुष० ( २९६,१३ ) में इस नगरीका नाम 'चन्द्रानना', उ० पु० ( ५४,१६३ ) में 'चन्द्रपुर', पुराणसा० ( ८२,३९ ) में 'चन्द्रपुर', तिलोयपण्णत्ती ( ४,५३३ ) में 'चन्द्रपुर' और हरिवंश ( ६०,१८९ ) में 'चन्द्रपुरी' लिखा है। सम्प्रति इसका नाम 'चन्द्रवटी' 'चन्द्रौटी' या 'चंदरौटी' प्रसिद्ध है। यह वाराणसीसे १८ मील दूर गङ्गाके बायें तटपर है। यहाँ दि० व श्वे० सम्प्रदायके दो अलग-अलग जैनमन्दिर हैं।

**माता-पिता**—इनकी माताका नाम लक्ष्मणा[1] और पिताका नाम महासेन है। यह पट्टरानी थी। इक्ष्वाकुवंशी महासेन अनेकानेक गुणोंकी दृष्टिसे अनुपम रहे। दिग्विजयके समय इन्होंने अङ्ग, आन्ध्र, औढ्र, कर्णाटक, कलिङ्ग, कश्मीर, कीर, चेदी, टक्क, द्रविल, पाञ्चाल, पारसीक, मलय, लाट और सिन्धु आदि अनेक देशोंके नरेशोंको अपने अधीन किया था।

**रत्नवृष्टि**—दिग्विजयके पश्चात् चन्द्रपुरीमें राजा महासेनके राजमहलमें चन्द्रप्रभके गर्भावतरणके छः मास पहलेसे जन्म दिनतक प्रतिदिन साढ़े तीन करोड़ रत्नोंकी वृष्टि होती रही।

**गर्भशोधन आदि**—रत्नवृष्टिको देखकर महासेनको आश्चर्य होता है, पर कुछ ही समयके पश्चात् इन्द्रकी आज्ञासे आठ दिक्कुमारियाँ उनके यहाँ रानी लक्ष्मणाकी सेवाके लिए उपस्थित होती हैं। उनके साथ हुए वार्तालापसे उनका आश्चर्य दूर हो जाता है। महासेनसे अनुमति लेकर वे उनके अन्तःपुरमें प्रवेश करती हैं और लक्ष्मणाके गर्भशोधन आदि कार्योंमें संलग्न हो जाती हैं।

**शुभ स्वप्न**—महारानी सुखपूर्वक सोयी हुई थीं, इतनेमें उन्हें रात्रिके अन्तिम प्रहरमें सोलह[2] शुभ स्वप्न हुए। प्रभात होते ही वे अपने पतिके पास पहुँचती हैं।

**स्वप्नफल**—पत्नीके मुखसे क्रमशः सभी स्वप्नोंको सुनकर महासेनने उनका शुभफल बतलाया, जिसे सुनकर उसे अपार हर्ष हुआ।

**गर्भावतरण**—आयुके समाप्त होते ही पूर्वचर्चित अहमिन्द्र वैजयन्त नामक अनुत्तर विमानसे चयकर प्रशस्त [ चैत्र कृष्णा पञ्चमीके[3] ] दिन महारानी लक्ष्मणाके गर्भमें प्रवेश करता है।

**गर्भकल्याणक महोत्सव**—इसके पश्चात् इन्द्र महासेनके राजमहलमें पहुँचकर गर्भकल्याणक महोत्सव मनाते हैं। माताके चरणोंकी अर्चना करके वे वहाँसे वापिस चले जाते हैं, पर श्री, ह्री और धृति देवियाँ वहीं रहकर उनकी सेवा-शुश्रूषा करती हैं।

**जन्म**—पौष कृष्णा एकादशी[4] के दिन लक्ष्मणा सुन्दर पुत्र—चन्द्रप्रभको जन्म देती हैं। इस शुभ वेलामें दिशाएँ स्वच्छ हो जाती हैं; आकाश निर्मल हो जाता है; सुगन्धित वायुका संचार होता है; दिव्य-पुष्पोंकी वृष्टि होती है; कल्पवासी देवोंके यहाँ मणिघण्टिकाएँ, ज्योतिष्कोंके यहाँ सिंहनाद, भवनवासियोंके यहाँ शङ्ख और व्यन्तरोंके यहाँ दुन्दुभि बाजे स्वयमेव बजने लगते हैं—इन हेतुओं तथा आसनके कम्पनसे इन्द्र चन्द्रप्रभके जन्मको जानकर देवोंके साथ चन्द्रपुरीकी ओर प्रस्थान करते हैं।

**अभिषेक**—इन्द्राणी माताके निकट मायामयी शिशुको सुलाकर वास्तविक शिशुको राजमहलसे बाहर ले आती है। सौधर्मेन्द्र शिशुको दोनों हाथोंमें लेकर ऐरावतपर सवार होता है और सभी देवोंके साथ सुमेरु पर्वतकी ओर प्रस्थान करता है। वहाँ पाण्डुक शिलापर शिशुको बैठाकर देवों द्वारा लाये गये क्षीर-सागरके जलसे अभिषेक करता है, और विविध अलंकारोंसे अलङ्कृत करके उनका चन्द्रप्रभ नाम रख देता

---

१. तिलोयप० ( ४,५३३ ) में माताका नाम 'लक्ष्मीमती' लिखा है। २. उ० पु०, पुराणसा० और त्रिषष्टिशलाकापु० में केवल स्वप्नोंकी संख्याका ही उल्लेख है। गुणभद्र और दामनन्दीने स्वप्नोंकी संख्या १६ और हेमचन्द्रने १४ दी है। हेमचन्द्रकी दृष्टिसे १४ स्वप्न ये हैं—गज, वृषभ, सिंह, लक्ष्मी-अभिषेक, माला, चन्द्र, सूर्य, कुम्भ, ध्वज, सागर, सरोवर, विमान, रत्नराशि और अग्नि। सिंहासन और नाग-विमान ये दो स्वप्न दिगम्बर साहित्यमें अधिक हैं। ३. यह मिति उ० पु० ( ५४,१६६ ) के आधारपर दी है; क्योंकि तिलोयप०, हरिवंश और पुराणसा० की भाँति प्रस्तुत चं० च० में इसका उल्लेख नहीं है। उ० पु० में जो मिति दी गयी है वही त्रिषष्टिशलाका पु० ( २९६,२९ ) में भी दृष्टिगोचर होती है। ४. यही मिति उ० पु०, हरिवंश तथा तिलोय० में अङ्कित है, त्रिषष्टिशलाकापु० ( २९७,३२ ) में पौष कृष्णा द्वादशी लिखी है, पर पुराणसा० ( ८४,४४ ) में केवल अनुराधायोगका ही उल्लेख मिलता है।

है। इसके उपरान्त सौधर्मेन्द्र अन्य इन्द्रोंके साथ चन्द्रप्रभकी[1] स्तुति करता है और फिर उन्हें माताके पास पहुँचाकर महासेनसे अनुमति लेकर वापिस चला जाता है।

**बाल्यकाल**—शिशु अमृतलिप्त अपनी अंगुलियोंको चूसकर ही तृप्त रहता है, उसे माँके दूधकी विशेष लिप्सा नहीं होती। चन्द्रकलाओंकी भाँति उसका विकास होने लगता है। धीरे-धीरे वह देव कुमारोंके साथ गेंद आदि लेकर क्रीड़ा करने योग्य हो जाता है। इसके पश्चात् वह तैरना, हाथी-घोड़े पर सवारी करना आदि विविध कलाओंमें प्रवीण हो जाता है।

**विवाह संस्कार**—वयस्क होते ही महासेन उनका विवाह संस्कार[2] करते हैं, जिसमें सभी राजे-महाराजे सम्मिलित होते हैं।

**राज्य संचालन**—पिताके आग्रह पर चन्द्रप्रभ राज्य संचालन स्वीकार करते हैं। इनके राज्यकाल में प्रजा सुखी रही, किसीका अकाल मरण नहीं हुआ, प्राकृतिक प्रकोप नहीं हुआ तथा स्वचक्र या परचक्र से कभी कोई बाधा नहीं हुई। दिन-रातके समयको आठ भागोंमें विभक्त करके वे दिनचर्याके अनुसार चलकर समस्त प्रजाको नयमार्ग पर चलनेकी शिक्षा देते रहे। विरोधी राजे-महाराजे भी उपहार ले-लेकर उनके पास आते और उन्हें नम्रता पूर्वक प्रणाम करते रहे। इन्द्रके आदेश पर अनेक देवाङ्गनाएँ प्रतिदिन उनके निकट गीत-नृत्य करती रहीं। अपनी कमला आदि अनेक पत्नियोंके साथ वे चिरकाल तक आनन्द-पूर्वक रहे।

**वैराग्य**—किसी दिन एक वृद्ध लाठी टेकता हुआ उनकी सभामें जाकर दर्दनाक शब्दोंमें कहता है—'भगवन्! एक निमित्तज्ञानीने मुझे मृत्यु की सूचना दी है। मेरी रक्षा कीजिए, आप मृत्युञ्जय हैं, अतः इस कार्यमें सक्षम हैं।' इसके बाद वह अदृश्य हो जाता है। चन्द्रप्रभ समझ जाते हैं कि यह वृद्धके वेषमें देव आया था, जिसका नाम था धर्मरुचि। इसी निमित्तसे वे भोगोंसे विरक्त हो जाते हैं[3] और दीक्षा लेनेका निश्चय करते हैं। इतनेमें ही वहाँ लौकान्तिक देव आ जाते हैं, और 'साधु' 'साधु' कहकर उनके वैराग्य की सराहना करते हैं। इसके उपरान्त ही वे अपने पुत्र वरचन्द्र को राज्य सौंप देते हैं।

**तप**—तत्पश्चात् इन्द्र और देव चन्द्रप्रभको 'विमला'[4] नामकी शिबिकामें बैठाकर सकलर्तु[5] वनमें ले जाते हैं, जहाँ वे [ पौष कृष्णा एकादशीके[6] दिन ] दो उपवासोंका नियम लेकर सिद्धोंको नमन करते हुए एक हजार राजाओंके साथ दीक्षा लेकर तप करते हैं। इसी अवसर पर वे पाँच दृढ़ मुष्टियोंसे केश

---

१. उ० पु० ( ५४,१७४ ) में स्तुतिका उल्लेख नहीं है, 'आनन्द' नाटकका उल्लेख है। त्रिषष्टिशलाकापु० में नाटकका नहीं, स्तुतिका उल्लेख है। २. उ० पु० ( ५४, २१४ ) में और पुराणसा० ( ८६, ५७,) में क्रमशः, निष्क्रमणके अवसर पर अपने पुत्र वरचन्द्र, व रवितेजको चन्द्रप्रभके उत्तराधिकार सौंपनेका उल्लेख है पर दोनोंमें उनके विवाहके स्पष्ट उल्लेख करनेवाले पद्य नहीं हैं। त्रिषष्टि शलाका पु० (२९८, ५५) में चन्द्रप्रभकी अनेक पत्नियोंका उल्लेख है, जो चन्द्रप्रभचरितम् ( १७,६० ) में भी पाया जाता है। ३. चन्द्रप्रभ के वैराग्यका कारण तिलोयप० ( ४, ६१० ) में अध्रुव वस्तुका और उ० पु० (५४, २०३) तथा त्रिषष्टिस्मृति (२८,९) में दर्पण में मुखकी विकृतिका अवलोकन लिखा है। त्रिषष्टिशलाकापु० और पुराणसा० में वैराग्यके कारणका उल्लेख नहीं है। ४. हरिवंश० (७२२,२२२) में शिबिकाका नाम 'मनोहरा', त्रिषष्टिशलाकापु० (२९८,६१) में 'मनोरमा. पुराण सा० (८६,५८) में 'सुविशाला' लिखा है। ५. तिलोयप० (४,६५१) में वनका नाम 'सर्वार्थ' उ० पु० (५४,२१६) में 'सर्वर्तुक', त्रिषष्टिशलाका पु० (२९८,६२) में एवं पुराणसा० (८६,५८) 'सहस्राम्र' लिखा है। ६. चन्द्रप्रभचरितम्में मिति नहीं दी, अतः हरिवंश० (७२३,२३३) के आधार पर यह मिति दी है। उ० पु० (५४,२१६) में भी यही मिति है, पर कृष्ण पक्षका उल्लेख नहीं है। पुराण सा० ( ८६,६० ) में केवल अनुराधा नक्षत्रका ही उल्लेख है और त्रिषष्टिशलापु० ( २९८,६४ ) में पौष कृष्ण त्रयोदशी मिति दी गयी है।

लुञ्चन करते हैं। देवेन्द्र और देव मिलकर तप कल्याणकका उत्सव मनाते हैं, और उन केशोंको मणिमय पात्रमें रखकर क्षीरसागरमें प्रवाहित करते हैं।

**पारणा**—नलिनपुर[1] में राजा सोमदत्त[2] के यहाँ वे पारणा करते हैं। इसी अवसर पर वहाँ पांच आश्चर्य प्रकट होते हैं।

**कैवल्य प्राप्ति**—घोर तप करके वे शुक्लध्यानका अवलम्बन लेकर [ फाल्गुन कृष्णा सप्तमी[3] के दिन ] कैवल्य—पूर्णज्ञानकी प्राप्ति करते हैं।

**समवसरण**—कैवल्य प्राप्तिके पश्चात् इन्द्रका आदेश पाकर कुबेर साढ़े आठ योजनके विस्तारमें वर्तुलाकार समवसरणका निर्माण करता है। इसके मध्य गन्ध कुटीमें एक सिंहासन पर भ० चन्द्रप्रभ विराजमान हुए और चारों ओर वर्तुलाकार बारह प्रकोष्ठोंमें क्रमशः गणधर आदि।

**दिव्य देशना**—इसके अनन्तर गणधर (मुख्य शिष्य) के प्रश्नका उत्तर देते हुए भगवान् चन्द्रप्रभ ने जीव, अजीव, आस्रव, बन्ध, संवर, निर्जरा और मोक्ष—इन सात तत्त्वोंके स्वरूपका विस्तृत निरूपण ऐसी भाषामें किया, जिसे सभी श्रोता आसानीसे समझते रहे।

**गणधरादिकों की संख्या**—दस सहज, दस केवल ज्ञान कृत और चौदह देवरचित अतिशयों तथा आठ प्रातिहार्योंसे विभूषित भ० चन्द्रप्रभके समवसरणमें तेरानवें गणधर, दो हजार[5] कुशाग्रबुद्धि पूर्वधारी, दो लाख चारसौ[6] उपाध्याय, आठ हजार[7] अवधिज्ञानी, दस हजार[8] केवली, चौदह हजार[9] विक्रिया ऋद्धि-धारी साधु, आठ हजार मनःपर्ययज्ञानी साधु, सात हजार[10] छः सौ वादी, एक लाख अस्सी हजार[11] आर्यिकाएँ, तीन लाख सम्यग्दृष्टि श्रावक और पाँच लाख[12] व्रतवती श्राविकाएँ रहीं।

यत्र-तत्र आर्यक्षेत्रमें धर्मामृतकी वर्षा करते हुए भ० चन्द्रप्रभ सम्मेदाचल ( शिखर जी ) के शिखर पर पहुँचते हैं। भाद्रपद शुक्ला[13] सप्तमीके दिन अवशिष्ट चार अघातिया कर्मोंको नष्ट करके दस लाख पूर्व प्रमाण आयुके समाप्त होते ही वे मोक्ष प्राप्त करते हैं।

---

१. हरिवंश० ( ७२४,२४० ) में और त्रिषष्टिशलापु० ( २९८,६६ ) में पुरका नाम 'पद्मखण्ड' दिया है, एवं पुराणसा० (८६,६२) में 'नलिनखण्ड'। २. हरिवंश० ( ७२४,२४६ ) में और पुराणसा० (८६,६२) में राजाका नाम 'सोमदेव' दिया है। ३. चन्द्रप्रभचरितम्में मिति नहीं दी, अतः उ० पु० (५४,२२४) के आधार पर दी है। चन्द्रप्रभचरितम्में चन्द्रप्रभ भगवान्के जन्म और मोक्ष कल्याणकोंकी मितियाँ दी हैं, शेष तीन कल्याणकों की नहीं। ४. त्रिषष्टिशलाका पु० ( २९८,७५ ) में समवसरणका विस्तार एक योजन लिखा है। ५. तिलोयप० ( ४,११२० ) में पूर्वधारियोंकी संख्या चार हजार दी है। ६. तिलोयप० (४,११२०) में उपाध्यायोंकी संख्या दो लाख दस हजार चारसौ दी है। ७. तिलोयप० ( ४,११२१ ) में अवधिज्ञानियोंकी संख्या दो हजार लिखी मिलती है। ८. तिलोयप० ( ४,११२१ ) में केवलियोंकी संख्या अठारह हजार दी है। ९. तिलोयप० (४,११२१) में विक्रिया ऋद्धिधारियोंकी संख्या छः सौ दी है; और हरिवंश० (७३६,३८६) में दस हजार चारसौ। १०. तिलोयप० ( ४.११२१ ) में वादियोंकी संख्या सात हजार दी है। ११. तिलोयप० ( ४,११६९ ) में आर्यिकाओंकी संख्या तीन लाख अस्सी हजार दी है और पुराणसा० (८८,७५) में भी यही संख्या दृष्टिगोचर होती है। १२. पुराणसा० (८८,७७) में श्राविकाओंकी संख्या चार लाख एकानवे हजार दी है। त्रिषष्टिशलाकापु० में दी गयी संख्याएँ इनसे प्रायः भिन्न हैं। १३. उ० पु० ( ५४,२७१ ) में चन्द्रप्रभके मोक्षकल्याणककी मिति फाल्गुन शुक्ला सप्तमी दी गयी है, पुराणसा० (९०,७९) में मिती नहीं दी गयी केवल ज्येष्ठा नक्षत्रका उल्लेख किया है।

## [ ४ ] चं० च० की कथावस्तुका आधार

'चन्द्रप्रभचरितम्'की कथावस्तुके आधारके विषयमें इसके रचयिताने स्वयं कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। प्रस्तुत कृतिके प्रारम्भ ( १, ६ )में जहाँ आचार्य समन्तभद्रका स्मरण किया है, वहाँ किसी एक भी पुराणकारका नहीं। हाँ, इसके प्रथम सर्ग( १, ९-१० )में गुरुपरम्परासे प्राप्त दुष्प्रवेश पुराणसागरमें स्वयं प्रवेशार्थ उद्यत होनेकी चर्चा वीरनन्दीने अवश्य की है। वह इस बातको ध्वनित करती है कि प्रस्तुत कृतिकी सामग्रीके संकलनके लिए वीरनन्दीने अनेक विशालकाय पुराणोंका परिशीलन किया था।

अब देखना यह है कि वे विशालकाय पुराण कौनसे हैं, जो विक्रमकी ग्यारहवीं शताब्दीके प्रथम चरणमें वीरनन्दीके सामने रहे। सम्प्रति जो पुराण उपलब्ध हैं, उनमें तीन विशालकाय हैं—पद्मपुराण, हरिवंशपुराण और महापुराण। यदि लेखकोंकी भिन्नताके आधारपर महापुराणको आदिपुराण और उत्तर-पुराणके रूपमें विभक्त कर लें तो पुराणोंकी संख्या तीन से चार हो जाती है। चं० च०के परिशीलनसे ज्ञात होता है कि वीरनन्दीके समक्ष इन चारोंके अतिरिक्त अन्य पुराण भी रहे, जो अभी तक उपलब्ध नहीं हुए।

वीरनन्दीका अन्वेष्य विषय चन्द्रप्रभका जीवनवृत्त था, जो उन्हें उ० पु०से पर्याप्त मात्रामें उपलब्ध हुआ। यों यह पद्मपुराणमें भी स्वल्पतम मात्रामें विद्यमान है, पर हरिवंशकी तुलनामें सर्वथा नगण्य है। हरिवंशमें इसका जो थोड़ा-बहुत अंश सूत्ररूपमें उपलभ्य है, वह उत्तरपुराणकी तुलनामें अपर्याप्त है। उत्तरपुराणके बाईस ( ४४-६५ ) पृष्ठोंपर चन्द्रप्रभका साङ्गोपाङ्ग जीवनवृत्त दो सौ छिहत्तर सुन्दर पद्योंमें अङ्कित है। हरिवंशपुराणमें चन्द्रप्रभके जन्मादि स्थानों, पारिवारिक व्यक्तियों, विभूतियों, अतिशयों, पञ्च-कल्याणमितियों और गणधरादिकोंकी संख्या आदिका ही मुख्यतया उल्लेख है। लगभग इसी ढंगका अत्यन्त ही स्वल्प उल्लेख पद्मपुराणमें है। जिनरत्नकोष ( पृ० ११९ ) आदि ग्रन्थोंसे ज्ञात होता है कि आचार्य गुणभद्रके अतिरिक्त अन्य कवियोंके भी भिन्न-भिन्न भाषाओंमें निबद्ध चन्द्रप्रभचरितके संदर्भ मिलते हैं। निष्कर्ष यह कि वीरनन्दीके 'पुराणसागरे' पदसे उन्हें जो विपुल पुराणवाङ्मय विवक्षित है, उनमें सम्प्रति उत्तरपुराण ही ऐसा है, जिसे उनकी कृति चं० च० की कथावस्तुका आधार माना जा सकता है। उ० पु० और चं० च० के प्रतिपाद्य विषयमें जहाँ-कहीं थोड़ा-बहुत वैषम्य है, वहाँ हरिवंशपुराण आधार है, और जहाँ उक्त दोनोंसे भी वैषम्य है, संभव है वहाँ कवि परमेश्वरका 'वागर्थसंग्रहः' नामक पुराण आधार रहा हो, जिसके अनेक पद्य वीरनन्दीके समकालीन चामुण्डरायने अपने पुराणमें उद्धृत किये हैं।

आदिपुराणके आधारपर निर्मित पुरुदेवचम्पूमें यत्र-तत्र आदिपुराणके अनेक श्लोकोंको थोड़े-बहुत परिवर्तनके साथ अपनाया गया है। ऐसा चं० च० में नहीं किया गया। उ० पु० को कथावस्तुका आधार बनाकर वीरनन्दीने अपनी कृतिमें अथसे इति तक सर्वत्र अपनी मौलिक प्रतिभाका उपयोग किया है। चं० च० के केवल एक स्थलमें उ० पु० के दो पदोंका थोड़ा-सा साम्य[१] है, जो अकस्मात् हुआ जान पड़ता है।

चं० च० के 'गुरुसेतुवाहिते' ( १, १० ) में 'गुरु'का अर्थ टीकाकारने 'गणधर' और पञ्जिकाकारने 'श्रीजिनसेनादि' किया है। यदि पञ्जिकाकारका अर्थ साधार हो तो उ० पु० को चं० च० के आधार माननेकी बात और पुष्ट हो जाती है; क्योंकि उ० पु० जिनसेनकी कृतिका ही अङ्ग है। अथवा 'श्रीजिन-सेनादि' में दिये गये 'आदि'से गुणभद्रको भी लिया जा सकता है। जो कुछ भी हो, यह सुनिश्चित है कि वीरनन्दीने उ० पु० से पर्याप्त लाभ उठाया है। इसके लिए उ० पु० और चं० च० का साम्य ही साधक है, जो इस प्रकार है—

---

१. ग्रामाः कुक्कुटसंपात्याः सारा बहुकृषीबलाः। पशुधान्यधनापूर्णा नित्यारम्भा निराकुलाः॥

—उ० पु०, पृ० ४५, श्लो० १५

ग्रामैः कुक्कुटसंपात्यैः सरोभिर्विकचाम्बुजैः। सीमभिः सस्यसंपन्नैर्यः समन्ताद्विराजते॥

—चं० च०, सर्ग २, श्लो० ११८

साम्य—१. कथानक—दोनोंका एक-सा कथानक।

२. सातभव—दोनोंमें १. श्रीवर्मा, २. श्रीधरदेव, ३. अजितसेन, ४. अच्युतेन्द्र, ५. पद्मनाभ, ६. वैजयन्तेश्वर और ७. चन्द्रप्रभ—इन सात भवोंका एक जैसा उल्लेख।

३. आयु—दोनोंमें श्रीधरदेव, अच्युतेन्द्र और वैजयन्तेश्वरकी आयु आदिकी समानता।

४. नाम—दोनोंमें श्रीवर्मा, अजितसेन, पद्मनाभ और चन्द्रप्रभके जन्मादिस्थानों एवं पारिवारिक व्यक्तियोंके प्रायः समान नाम।

५. मुनिदर्शन—दोनोंमें चिन्ता मिटानेके लिए राजाओंके मुनिदर्शनका प्रायः समान वर्णन।

६. मुनिदीक्षा—दोनोंमें पुत्रके वयस्क होनेपर पिताके दीक्षित होनेका एक-सा वर्णन।

७. संख्या—दोनोंमें चन्द्रप्रभके गणधरों, पूर्वधारियों, अध्यायों, अवधिज्ञानियों, विक्रियर्द्धिक महर्षियों, मनःपर्ययज्ञानियों, वादियों, आर्यिकाओं, श्रावकों, और श्राविकाओंकी समान संख्या।

८. छन्द—दोनोंमें चरितकी समाप्तिमें शार्दूलविक्रीडित छन्दमें निबद्ध दो-दो श्लोकों की रचना।

९. भवोंका उल्लेख—दोनोंमें एक-एक पद्यमें सातों भवोंका एक-सा उल्लेख[1]।

वैषम्य—चं० च० तथा उ० पु० में भ० चन्द्रप्रभके सातों भवोंके वर्णनमें जो वैषम्य है, उसका विवरण इस प्रकार है—

| विषय | चं० च० | उ० पु० |
|---|---|---|
| १. पुत्र न होनेपर चिन्तित | श्रीषेणकी पत्नी श्रीकान्ता | श्रीषेण |
| २. चिन्तित होनेपर | चारणमुनि अनन्तके दर्शन | पुरोहितसे भेंट |
| ३. पुत्र न होनेका कारण | श्रीकान्ताका पिछले जन्मका निदान | × |
| ४. गर्भाधानसे पहले | × | श्रीकान्ताको चार स्वप्न |
| ५. श्रीषेणके दीक्षागुरु | श्रीप्रभ मुनि | श्रीपद्मजिन |
| ६. श्रीषेणका दीक्षोद्यान | × | शिवंकर |
| ७. अजितंजयकी राजधानी | कोशला | अयोध्या |
| ८. गर्भधारणसे पूर्व | × | अजितसेनाको आठ स्वप्न |
| ९. अजितसेनका अपहर्ता | चण्डरुचि असुर | × |
| १०. परुपाटवीके निकट अजितसेनकी भेंट | हिरण्यदेवसे | × |
| ११. अजितसेनके वैराग्यका कारण | मृतपुरुषका अवलोकन | × |
| १२. अजितसेनके द्वारा आहार | × | मासोपवासी अरिंदम मुनिको |
| १३. कनकप्रभकी प्रधान रानी | सुवर्णमाला | कनकमाला |
| १४. पद्मनाभकी रानी | एक | अनेक |
| १५. पद्मनाभकी राजधानीमें | वन्यगजका प्रवेश | × |
| १६. पद्मनाभका युद्ध | पृथिवीपालसे | × |
| १७. चन्द्रप्रभका जन्मस्थान | चन्द्रपुरी | चन्द्रपुर |

१. श्रीवर्मा श्रीधरो देवोऽजितसेनोऽच्युताधिपः। पद्मनाभोऽहमिन्द्रोऽस्मान् पातु चन्द्रप्रभः प्रभुः॥ उ० पु०, पृ० ६५, श्लो० २७६। यः श्रीवर्मनृपो बभूव विबुधः सौधर्मकल्पे ततस्तस्माच्चाजितसेनचक्रभृदभूद्यश्चाच्युतेन्द्रस्ततः। यश्चाजायत पद्मनाभनृपतिर्यो वैजयन्तेश्वरो यः स्यात्तीर्थकरः स सप्तमभवे चन्द्रप्रभः पातु नः॥ चं० च०, पृ० ४६१, प्रशस्ति श्लो० ६।

| विषय | चं० च० | उ० पु० |
|---|---|---|
| १८. कल्याणकोंकी तिथियाँ | केवल दो (जन्म और मोक्ष) की | पाँचोंकी |
| १९. चन्द्रप्रभके जन्माभिषेकके समय | × | आनन्द नाटक |
| २०. चन्द्रप्रभके विवाह विषयक श्लोक | स्पष्ट | अस्पष्ट |
| २१. चन्द्रप्रभकी पत्नियाँ | अनेक | ,, |
| २२. चन्द्रप्रभके वैराग्यका कारण | देव | दर्पणमें मुखकी विकृति |
| २३. चन्द्रप्रभका दीक्षावन | सकलर्तु | सर्वर्तुक |
| २४. समवसरणमें चन्द्रप्रभकी स्तुति | × | ऐशानेन्द्रके द्वारा |
| २५. चन्द्रप्रभके गणधरादिकोंकी संख्यामें | पहले उपाध्याय फिर अवधिज्ञानी | पहले अवधिज्ञानी फिर उपाध्याय |

**इस वैषम्यपर विचार**—( १ ) पुत्रके न होनेपर राजा श्रीषेणका चिन्तित होना उ० पु० में वर्णित है। ठीक ऐसे ही प्रसंगमें रघुवंश (१, ३३-३४) में दिलीपका, रघुवंश (१०,२-४) में दशरथका और धर्मशर्माभ्युदय ( २,६९-७४ ) में महासेनका चिन्तातुर होना लिखा है। किन्तु चं० च० ( ३,३०-३५ ) में श्रीकान्ताका चिन्तामग्न होना चर्चित है। इसका आधार उ० पु० के स्थानमें गुणभद्रकी दूसरी कृति 'जिनदत्तचरितम्' है, जिसमें पुत्रके न होनेसे जीवंजसाकी चिन्ताका वर्णन है[1]। अतएव प्रथम वैषम्यके आधारपर यह सिद्ध नहीं होता कि उ० पु० चं० च० की कथावस्तुका आधार नहीं है।

( २ ) उ० पु० में श्रीषेण पुरोहितसे पुत्र प्राप्तिका उपाय पूछते हैं, पर चं० च० में वे चारण मुनि अनन्तके दर्शन करते हैं, जिससे वे चिन्तासे मुक्त हो जाते हैं। सूक्ष्म विचार करनेपर ज्ञात होता है वीरनन्दीने जैनसंस्कृतिकी अनुकूलताको ध्यानमें रखकर यह परिवर्तन किया।

( ७ ) उ० पु० के अनुसार अजितंजयकी राजधानीका नाम अयोध्या और चं० च० के अनुसार कोशला है। कोषोंके[2] अनुसार दोनोंका अर्थ एक ही है, अतः कोई विरोध नहीं है।

( ९–१० ) चं० चं० में अजितसेनका अपहरण चण्डरुचि असुर करता है, और बादमें परुपाटवीके निकट हिरण्य देवसे भेंट होती है— यह उ० पु० में चर्चित नहीं है। इन घटनाओंका स्रोत अन्यत्र न मिले तो यह मानना होगा कि वीरनन्दीने गुणभद्रके जिनदत्तचरितम्से सहायता ली है। वह इस प्रकार—

दधिपुरके उद्यानमें जिनदत्तका उसके स्वामी सेठ समुद्रदत्तसे परिचय हो जाता है। जिनदत्तके वृक्षायुर्वेदके ज्ञानका अपने उद्यानमें चमत्कार देखकर समुद्रदत्त उससे प्रसन्न हो जाता है। फलतः वह वसन्तोत्सवमें जिनदत्तका खूब सम्मान करता है और फिर उसे अपने साथ व्यापारके निमित्तसे सिंहलद्वीपमें लिवा ले जाता है। सिंहलद्वीपके राजा मेघवाहनकी पुत्री श्रीमतीके शयनागारकी रक्षाके लिए जो पहरेदार नियुक्त होता रहा वह रात्रिमें मारा जाता था। इससे मेघवाहन हैरान था। जिनदत्तने प्रयत्न करके उस भयंकर सर्पका पता लगा कर पिटारीमें बन्द कर दिया, जो प्रतिदिन पहरेदारके प्राणोंका अपहरण करता रहा। इससे प्रसन्न होकर मेघवाहनने अपनी कन्या श्रीमतीका जिनदत्तके साथ विवाह कर दिया। सिंहलद्वीपसे लौटते समय जिनदत्तकी पत्नीको देखकर सेठ समुद्रदत्तकी दृष्टि दूषित हो जाती है, फलतः वह जिनदत्तको समुद्रमें गिराकर अपने जलयानको द्रुतगतिसे आगे बढ़ा ले जाता है। जिनदत्त एक लकड़ीका सहारा लेकर

---

१. अशोकस्तबकेनेव यौवनेन ममामुना। रागिणा केवलं किन्नु न यत्र फलसंभवः॥ वारिधेरिव लावण्यं विरसं मम सर्वथा। न यत्रापत्यपद्मानि तेन कान्तजलेन किम्॥ नाममात्रेण सा स्त्रीति गुणशून्येन कीर्त्यते। पुत्रोत्पत्त्या न या पूता यथा शक्रवधूटिका॥ प्रसादोऽपि न मे भर्त्तुः शोभायै सूनुना विना। शब्दानुशासनेनैव विद्वत्ताया विजृम्भितम्॥ साहं मोहतमश्छन्ना निशेवोद्वेगदायिनी। दीयते यदि नो पुत्रप्रदीपः कुलवेश्मनि॥ चिन्तयन्तीति सा बाला कपोलन्यस्तहस्तका। पातयामास सख्यानां नेत्रभृङ्गान् मुखाम्बुजे॥ —जिनदत्तच० १,६१-६६। २. 'साकेतं कोशलायोध्या' अभिधानचि० ४,४१।

तटकी ओर बढ़नेका यत्न करता है। इतनेमें दो व्यक्ति आकाशमार्गसे वहाँ पहुँचकर उसे धमकाने लगते हैं, पर उस ( जिनदत्त ) के वीरतापूर्ण वचनोंको सुनकर वे पानी-पानी हो जाते हैं, और उसे अशोकश्री नामक विद्याधरनरेशके पास लिवा ले जाते हैं। वह अपनी कन्या शृङ्गारमतीका उसके साथ ब्याह कर देता है।

चं० च० में चर्चित हिरण्यदेव पहले अजितसेनको धमकाता है, पर बादमें उसकी वीरतासे प्रसन्न होकर उसकी सहायता करता है। राजा जयवर्माके प्रतिद्वन्द्वी धरणीध्वजको मारनेमें अजितसेनको यही देव सहयोग देता है। अन्ततोगत्वा राजा जयवर्मा प्रसन्न होकर अपनी कन्या शशिप्रभाका अजितसेनके साथ विवाह कर देता है।

सूक्ष्म दृष्टिसे विचार करनेपर जिनदत्तच० और चं० च० की उक्त घटनाओंमें पर्याप्त समानता है, अतः यह स्पष्ट है कि वीरनन्दीने जिनदत्तच० से भी सहायता ली। गुणभद्रने जिन घटनाओंसे जिनदत्तका उत्कर्ष सिद्ध किया है, उन्हीं जैसी घटनाओंसे वीरनन्दीने अजितसेनका।

( १३,१७,२३ ) सुवर्णमाला, कनकमाला; चन्द्रपुरी, चन्द्रपुर; सकलर्तु, सर्वर्तुक—ये नाम कुछ भिन्न-से प्रतीत होते हैं, पर इनका अभिप्राय भिन्न नहीं है। सुवर्ण कनकका, पुरी पुरका और सकल सर्वका पर्यायवाचक है। इनमें छन्दके अनुरोधसे थोड़ा-सा अन्तर आया है।

( १५ ) पद्मनाभकी राजधानीमें एक जंगली हाथीके प्रवेशकी घटना जो चं० च० में वर्णित है, उसका आधार उ० पु० के स्थानमें जिनदत्तच० ( ६,८१-९१ ) प्रतीत होता है। इन दोनों कृतियोंमें वर्णित घटनाओंमें अत्यधिक साम्य है। उक्त घटनाओंके अतिरिक्त दोनोंमें पद्यगत साम्य भी यत्र-तत्र है। चन्द्रप्रभचरितम् और जिनदत्तचरितम्के कतिपय पद्योंकी क्रमशः तुलना कीजिए—चं० च० १,१७; २,१२४; २,११६; ३,३१; ३,३२; ३,६७; ३,७४; ६,१७; ६,१९; ६,२१; ११,७६–९० क्रमशः जि० च० १,१३; २,७; ३,७४; १,६१; १,६३; १,७२; १,७५–७६; ६,७; ६,९; ६,१३; ६,७७–९१।

अतएव यह स्पष्ट है कि चं० च० का कथानक गुणभद्रके उ० पु० से तथा कतिपय घटनाओंके स्रोत उन्हींके जिनदत्तच० से लिये गये हैं।

( १८ ) चं० च० में उ० पु० की भाँति पाँच कल्याणकोंकी पाँचों मितियाँ न देकर 'नेमिनिर्वाणम्'की भाँति केवल दो ही मितियाँ दी गयी हैं। इसका कारण कौन-सी परम्परा रही है, यह ज्ञात नहीं हो सका।

शेष विषमताओंके विषयमें सम्भव है वीरनन्दीके सामने कोई अन्य आधार रहा हो। जो कुछ भी हो, तुलनात्मक सूक्ष्म अध्ययनसे यह ज्ञात होता है कि चं० च० की कथावस्तुका मुख्य आधार उपलब्ध पुराणोंमें उ० पु० ही है।

## [ ५ ] चं० च० की प्रासङ्गिक कथाएँ

( १ ) **सुनन्दाका निदान**—सुगन्धि देशके श्रीपुर नगरमें देवाङ्गद वणिक् रहता था, जिसकी पत्नीका नाम श्री और पुत्रीका नाम सुनन्दा था। किसी दिन वह एक गर्भवती नवयुवतीके श्रीहीन शरीरको देखकर जन्मान्तरमें भी युवावस्थाके प्रारम्भमें उस जैसी न होनेका निदान बाँध लेती है, और आजीवन गृहस्थधर्मका परिपालन करती है। मृत्युके पश्चात् वह सौधर्म स्वर्गमें देवी होती है। वहाँसे चयकर राजा दुर्योधनकी पुत्री तथा राजा श्रीषेणकी पत्नी श्रीकान्ता होती है। पिछले जन्मके अशुभ निदानके कारण उसे प्रारम्भिक नवयौवनमें सन्तानकी प्राप्ति नहीं होती। [ चं० च० ३,५३–५५ ]

( २ ) **दो किसान**—सुगन्धि नामका एक देश था। उसमें किसी समय राजा श्रीषेणका शासन रहा। उनके शासनकालमें उन्हींकी राजधानी—श्रीपुरमें दो किसान गृहस्थ रहते थे। उनमें-से एकका नाम शशी था और दूसरेका सूर्य। शशीने किसी दिन सेंध लगाकर सूर्यका सारा धन चुरा लिया। पता लगनेपर राजाने बरामद हुआ धन सूर्यको दिलवाया और शशीको प्राणदण्ड। चोरी करनेसे शशी नाना कुयोनियोंके दुःख भोगकर चण्डरुचि नामक असुर होता है और सूर्य सत्कर्म करनेसे सुयोनियोंके सुख भोगकर हिरण्य नामक देव। [ चं० च० ६,३३–३५ ] इन कथाओंका स्रोत उ० पु० में नहीं है।

## [ ६ ] चं० च० में सैद्धान्तिक विवेचन

वीरनन्दीने चं० च० के अन्तिम सर्गमें भ० चन्द्रप्रभकी दिव्य देशनाका प्रसङ्ग पाकर जिन सैद्धान्तिक विषयोंका विवेचन किया है, उनमें मुख्य हैं—सात तत्त्व, नौ पदार्थ, छः द्रव्य, चार गतियाँ, आठ कर्म, बारह तप, चार ध्यान, रत्नत्रय और चौंतीस अतिशय। इस विवेचनसे अभिव्यक्त होता है कि वीरनन्दी सिद्धान्त-विद् भी रहे। इस विवेचन का आधार कुन्दकुन्द साहित्य, तत्त्वार्थसूत्र और उसके व्याख्याग्रन्थ आदि हैं, न कि उ० पु०।

## [ ७ ] चं० च० में तत्त्वोपप्लव आदि इतर दर्शनोंकी आलोचना

चं० च० (२, ४३-११०) में तत्त्वोपप्लव दर्शनकी विस्तृत आलोचनाकी गयी है, और इसीके प्रसङ्ग-से चार्वाक, सांख्य, न्याय-वैशेषिक, बौद्ध और मीमांसा दर्शनोंकी भी। तत्त्वोपप्लव दर्शनकी मान्यता है कि विचार करनेपर लोक प्रसिद्ध पृथिवी आदि तत्त्व भी जब सिद्ध नहीं किये जा सकते तब ( जैन दर्शन मान्य ) अन्य तत्त्वोंकी तो बात ही क्या है; ( क्योंकि वे सभी बाधित हैं )—'पृथिव्यादीनि तत्त्वानि लोके प्रसिद्धानि, तान्यपि विचार्यमाणानि न व्यवतिष्ठन्ते किं पुनरन्यानि ?—तत्त्वोपप्लवसिंह पृ० १। चार्वाक दर्शन देहको ही आत्मा मानता है, जो उसीके साथ उत्पन्न होता है और उसीके साथ समाप्त भी हो जाता है—जन्मान्तर ग्रहण नहीं करता। सांख्यदर्शन आत्माके अस्तित्वको स्वीकार करता है, पर वह उसे कूटस्थनित्य और अकर्ता बतलाता है। न्याय-वैशेषिक दर्शन आत्माको जड़ मानता है—आत्मा स्वयं ज्ञानवान् नहीं है, ज्ञानके समवायसे ज्ञानवान् है। मीमांसा दर्शनको मोक्षके विषयमें विप्रतिपत्ति है ( चं० च० २, ९० )। चं० च० की सं० टी० से इसके दो अर्थ प्रतिफलित होते हैं—१. मीमांसा दर्शनके आचार्योंको मोक्षके विषयमें विवाद है और २. मोक्ष नहीं है। दोनों अर्थ सङ्गत है। १. महर्षि जैमिनीयने अपने सूत्रोंमें मोक्षकी चर्चा नहीं की। इनके उत्तरवर्ती भट्ट और प्रभाकरके मोक्षके मन्तव्योंमें वैषम्य है। २. नित्यकर्मोंका अनुष्ठान ही मोक्ष है—नियोग-सिद्धिरेव मोक्षः—प्रकरणपञ्चिका पृ० १८८-१९०। जैमिनीय सम्मत मोक्षका लक्षण लिखते हुए सोमदेव सूरिने कहा है—कोयला और कज्जलकी भाँति स्वभावतः मलिन चित्तवृत्ति कभी शुद्ध नहीं हो सकती—यशस्ति० उ० पृ० २६९। बौद्धदर्शन ज्ञानकी धाराको ही आत्मा मानता है। इस तरह उक्त दर्शनोंकी मान्यताओंकी वीरनन्दीने समालोचना की है। इसकी विशेष जानकारीके लिए पाठक प्रस्तुत ग्रन्थका हिन्दी अनुवाद और 'तत्त्वसंसिद्धिः' देख लें। इस प्रसङ्गको आद्योपान्त पढ़कर वीरनन्दीके दार्शनिक वैदुष्यका अनुमान लगाया जा सकता है।

## [ ८ ] चं० च० की जैन व जैनेतर ग्रन्थोंसे तुलना

### ( अ ) जैन ग्रन्थ

[ १ ] आचार्य कुन्दकुन्द ( ई० की पहली शती ) और वीरनन्दी

| | |
|---|---|
| चं० च०—१८,६९;१८,६८;१८,६; १८, ७८-७९. | पञ्चास्तिकाय—८५ नियमसार—३४,१६,२०-२४. |

[ २ ] आचार्य उमास्वामी[1] ( वि० १-३ शती ) और वीरनन्दी

| | |
|---|---|
| चं० च०—१८,२;१८,७-८ | तत्त्वार्थसूत्र—१,४; ३,१ |

---

१. इसी तरहसे चं० च० के अन्तिम सर्गका लगभग आधा भाग उमास्वामीके तत्त्वार्थसूत्रके आधार-पर बनाया गया है।

[ ३ ] पूज्यपादस्वामी ( वि० ५वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—१८,४;१८,२-३[1-2]; सर्वार्थसिद्धि—१,४; १,४
१८,१२५-१२७ पृ० ३ ( ज्ञानपीठ संस्करण )

[ ४ ] अकलङ्कदेव ( वि० ७वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—१८,४३;१८,२३-२६; तत्त्वार्थवार्तिक—अ० ३ पृ० २०१ ( ज्ञा० सं० )
१७,७५ अ० ३ पृ० २०८ ( ज्ञा० सं० )
अ० ५ पृ० ४८२ ( ज्ञा० सं० )

[ ५ ] भगवज्जिनसेन ( ई० ८वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—१;८;१८,७६-७७ आदिपुराण—पर्व १,३१-३२;
पर्व ३,७; पर्व २४,१४७

[ ६ ] नेमिचन्द्र सिद्धान्तचक्रवर्ती ( वि० ११वीं शतीका प्रारम्भ ) और वीरनन्दी

चं० च०—१८,२०-२१ गोम्मटसार जीवकाण्ड—गा० ८५

[ ७ ] महाकवि असग ( वि० ११वीं शतीका प्रारम्भ ) और वीरनन्दी

चं० च०—२,१४२;२,१३८-१४०; वर्धमानचरित—५,१२;५,१४;५,१८;
१, ३६; ४, ४८ ७,६४

[ ८ ] महाकवि हरिचन्द्र[3] ( वि० १२वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—१८,२;१८,३;१८,७५; धर्मशर्माभ्युदय—२१,८;२१,९;
१८,१३२ २१,८९;२१,१६६-६७

[ ९ ] विबुध सीधर ( वि० १२-१३वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—१५,२७-३०;१५,३२-३४ पासणाहचरिउ[4]—संधि ३ कड़० १६-१७;
संधि ४ कड़० ६

## ( आ ) जैनेतर ग्रन्थ

[ १ ] महाकवि कालिदास ( ई० ४-५ शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—३,४;३,१४;३,७३; रघुवंश—१,२४;३,८;३,१६;
८,८८ ७,८

[ २ ] महाकवि भारवि ( ई० ७वीं शती ) और वीरनन्दी

चं० च०—३,४८;५,८५;१२,१५; किरातार्जुनीय—३,७;३,१२;
१२,८९ २,४१;१,४२

---

१. 'पुण्यपापयोर्बन्धेऽन्तर्भावान्न भेदेनाभिधानम्'। इति हरिभद्रकृतायां वृत्तौ पृ० २७ (सूरत संस्करण)। २. 'पुण्यपापपदार्थोपसंख्यानमिति चेत्, न; आस्रवे बन्धे वान्तर्भावात्' । इति तत्त्वार्थवा० अ० १ पृ० २७ ( ज्ञा० सं० )। ३. महाकवि हरिचन्द्रका 'धर्मशर्माभ्युदयम्' अथ से इति तक चं० च० से प्रभावित है । इसके अन्तिम सर्गका लगभग आधा भाग चं० च० का ऋणी है । ऊपर केवल नमूनेके लिए ४-५ पद्योंकी ही तुलना की गयी है । खरकर्मोंका शब्द साम्य हरिचन्द्रको हेमचन्द्रका उत्तरवर्ती सिद्ध करता है । ४. यह सूचना पं० रतनलालजी कटारिया, केकड़ी ( अजमेर ) के दिनाङ्क २२।४।६८ के पत्रसे प्राप्त हुई ।

[ ३ ] महाकवि माघ ( ई० ७वीं शतीका अन्तिम चरण ) और वीरनन्दी

| | |
|---|---|
| चं० च०—१५,६०; ५,७६-७७; | शिशुपाल वध—५,४४; १,१४-१५; |
| ६,२२; ८,५८; | २,१३; ८,६६; |
| १४,४७, | ५,२७, |

जैन व जैनेतर ग्रन्थोंके साथ की गयी चं० च० की इस संक्षिप्त तुलनासे वीरनन्दीके व्यापक अध्ययनका पता चलता है।

## [ ९ ] चं० च० की साहित्यिक सुषमा

चं० च० एक महाकाव्य—निर्दोष, सगुण, सालङ्कार और कहीं ( जहाँ रस आदिकी स्पष्ट प्रतीति हो ) निरलङ्कार भी शब्द और अर्थ दोनोंका जहाँ सुन्दर सन्निवेश हो उसे काव्य कहते हैं[1]। दृश्यकी भाँति श्रव्यकाव्यकी भी अनेक विधाएँ हैं। महाकाव्य उन्हींमें-से एक है। आठ सर्गोंसे अधिक सर्गबद्ध रचनाको महाकाव्य कहते हैं। इसमें देव या धीरोदात्तत्व आदि गुणोंसे विभूषित कुलीन क्षत्रिय एक नायक होता है। कहीं एक वंशके कुलीन अनेक राजा भी नायक होते हैं। इसमें शृङ्गार, वीर और शान्त—इन तीनों-में-से कोई एक रस अङ्गी ( प्रधान ) होता है और शेष अङ्ग ( अप्रधान )। नाटकोंकी भाँति इसमें भी मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श और निर्वहण—ये पाँच सन्धियाँ होती हैं। इसकी कथा ऐतिहासिक या लोक-विख्यात सज्जनसे सम्बद्ध होती है। इसमें धर्म आदि चारों पुरुषार्थोंकी चर्चा रहती है, पर फलका सम्बन्ध एकसे ही रहता है। इसका आरम्भ आशीर्वाद, नमस्कार या वर्ण्य वस्तुके निर्देशसे होता है। इसमें दुर्जनोंकी निन्दा और सज्जनोंकी प्रशंसा रहती है। प्रत्येक सर्गमें एक ही छन्दका प्रयोग रहता है, पर उसके अन्तमें अन्य छन्दोंका भी। किसी एक सर्गमें अनेक छन्द भी प्रयुक्त होते हैं। सर्गके अन्तमें अगले सर्गकी कथाकी सूचना रहती है[2]। इसके वर्ण्य विषय[3] हैं—राजा[4], रानी[5], पुरोहित[6], कुमार[7], अमात्य, सेनापति, देश[8], ग्राम[9], पुर[10], सरोवर[11], समुद्र[12], सरित्[13], उद्यान[14], पर्वत[15], अटवी[16], मन्त्रणा[17], दूत[18], प्रयाण[19], मृगया-अश्व[20], गज[21], ऋतु[22], सूर्य[23], चन्द्र[24], आश्रम[25], युद्ध[26], विवाह, वियोग[27], सुरत[28], स्वयंवर, पुष्प वचय[29], और जलक्रीड़ा[30]। आलङ्कारिकोंके अभिप्रेत महाकाव्यके लक्षणकी कसौटीपर चं० च० का महाकाव्यत्व खरा उतरता है, जो सर्वमान्य है।

---

१. काव्यप्र० १, १। २. साहित्यद० ६, ३१५—३२१। ३. अलङ्कारचि० १, २४। चं० च० के वर्ण्य विषय—४. राजा-कनकप्रभ १, ३९-५४; श्रीषेण ३, १-१३; अजितंजय ५, २३-२५; महासेन १६, ११-१५; चन्द्रप्रभ १७, ५२-६०। ५. रानी—सुवर्णमाला १, ५५-५७; श्रीकान्ता ३, १४-१८; अजितसेना ५, ३६-३९; लक्ष्मणा १६, १६-१९; कमलप्रभा १७, ६०। ६. पुरोहित ७, १४। ७. कुमार—पद्मनाभ १, ५८-६३; श्रीवर्मा ४, १-१४; अजितसेन ५, ४०-४४; चन्द्रप्रभ १७, ५०। ८. देश मङ्गलावती १, १२-२०; सुगन्धिदेश २, ११४-१२४; अलका ५, २-११; अरिंजय ६, ४१; पूर्वदेश १६, १-५। ९. ग्राम १, २०; २, ११८। १०. पुर—रत्नसंचय १, २१-३८; श्रीपुर २, १२५-१३२; कोशला ५, १२-२२; विपुलपुर ६, ४२; आदित्यपुर ६, ७५; चन्द्रपुरी १६, ६-९। ११. सरोवर—मनोरम ६, १। १२. समुद्र ४, ६५; १६, २९-३०। १३. सरित्—जलवाहिनी १३, ५३-६२। १४. उद्यान—मनोहर २, १२-२३। १५. पर्वत ६, १२; मणिकूट १४, १-४०। १६. अटवी—परुषा ६, ५-१०। १७. मन्त्रणा १२, ५७-१११। १८. दूत १२, १-२४। १९. प्रयाण ४, ४७-५१; ७, ५९-८०; १३, १-५२; १६, २४-५३। २०, अश्व १४, ५१-५४। २१. गज १४, ५५-६२। २२. ऋतु ८, १-५१। २३. सूर्योदय १०, ७६-७९; सूर्यास्त १०, १-३। २४. चन्द्रोदय १०, १७-४१; चन्द्रास्त १०, ६३। २५. आश्रम ११, ३४। २६. युद्ध १५, १-१३२।

**नामकरण**—साहित्यदर्पण ( ६, ३२४ ) के अनुसार महाकाव्यका नाम कविके नामपर, जैसे माघ; वर्ण्यविषयके नामपर, जैसे कुमारसम्भव; नायकके नामपर, जैसे विक्रमाङ्कदेव चरित; अथवा रघुवंश आदिकी भाँति वंश आदिके नामपर भी रखा जाता है। प्रस्तुत चं० च० का नामकरण इसके नायक चन्द्रप्रभके नामके आधारपर हुआ है, जो सद्वंश क्षत्रिय रहे।

**मङ्गलाचरण**[1]—काव्यादर्श ( १, १४ ) के अनुसार महाकाव्यका प्रारम्भ आशीर्वादात्मक किंवा नमस्कारात्मक मङ्गलाचरणसे या सीधे वस्तुनिर्देशसे भी होता है। चं० च० का प्रारम्भ आशीर्वादात्मक ( तीन पद्य ) और नमस्करात्मक ( चतुर्थ पद्य ) मङ्गलाचरणसे हुआ है।

**चं० च० का तुलनात्मक अध्ययन**—रघुवंश, किरातार्जुनीयम्, माघ और नैषधीयचरित—इन चार महाकाव्योंकी विद्वत्संसारमें विशेष ख्याति है। यहाँ इन्हींके साथ चं० च० के कुछ अंशोंका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत है।

**१. मङ्गलाचरण**—किरात, माघ और नैषधका प्रारम्भ वस्तुनिर्देशसे हुआ है। इसीमें मङ्गलाचरणकी कल्पना की गयी है, जैसा कि उनकी टीकाओंसे ज्ञात होता है। रघुवंशमें कालिदासने नमस्कारात्मक मङ्गलाचरण किया है। इसमें उन्होंने अपने आराध्य पार्वती और परमेश्वर ( शिवजी ) को अभिवादन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य शब्द अर्थका ज्ञान प्राप्त करना है। वीरनन्दीने जगत्कल्याणके उद्देश्यसे चं० च० के प्रथम पद्यमें ऋषभदेवको, लोकशान्तिके उद्देश्यसे द्वितीय पद्यमें चन्द्रप्रभको, आत्मशान्तिके उद्देश्यसे तीसरे पद्यमें शान्तिनाथको और विशिष्ट गुणोंकी प्राप्तिके उद्देश्यसे चौथे पद्यमें महावीरको नमस्कार किया है। मङ्गलाचरणके इन पद्योंसे अभिव्यक्त उदात्तभावनाकी दृष्टिसे वीरनन्दी कालिदास, भारवि, माघ और श्रीहर्ष—इन चारों कवियोंसे आगे हैं।

**२. सज्जन-दुर्जनोंका वर्णन**—रघुवंश आदि चारों महाकाव्योंमें सज्जन-दुर्जनोंका वर्णन नहीं है, पर चं० च० ( १, ७-८ ) में है। इस प्रसङ्गमें एक मार्मिक बात यह भी द्रष्टव्य है कि वीरनन्दीने दुर्जनोंको भी गुरु मानकर नमन किया है[2]।

---

२७. वियोग १०, ७०-७३। २८. सुरत १०, ४२-६१। २९. पुष्पावचय ९, २२-२६। ३०. जलक्रीड़ा ९, २७-५८।

मन्त्रणाके प्रसङ्गमें अमात्यों और प्रमाणके प्रसङ्गमें सेनापतियोंकी चर्चा की गयी है, पर स्वयंवर तथा विवाहकी भाँति इनका भी स्वतन्त्र रूपसे कोई वर्णन चं० च० में नहीं किया गया। मृगयाके स्थानमें पुष्पावचय वर्णित है, जो अलङ्कारशास्त्रकी दृष्टिसे ठीक है।

१. चं० च० के मङ्गलाचरणके क्रममें विशेषता है। इस युगके आदिमें प्रथमतः धर्मतीर्थका प्रवर्तन करनेसे ऋषभदेवको, प्रस्तुत कृतिके नायक होनेसे चन्द्रप्रभको, कृतिकी निर्विघ्न समाप्तिके लिए शान्तिनाथको और वर्तमान धर्मतीर्थके नायक होनेसे महावीरको नमस्कार किया गया है, जो युक्तिसङ्गत है। वीरनन्दीके इस क्रमने इनके उत्तरवर्ती हरिचन्द्र एवं अर्हद्दास आदि अनेक कवियोंको प्रभावित किया है। चं० च० का प्रारम्भ 'श्री' शब्दसे हुआ है। जहाँतक मैं जानता हूँ यह परम्परा भारविसे प्रारम्भ हुई है। २. आचार्य गुणभद्रने आत्मानुशासन ( श्लो० १४१ ) में लिखा है—कोई गुरु शिष्टतावश अपने शिष्यके दोषोंका, जो औरोंको ज्ञात हैं, यह सोचकर उद्घाटन न करे—छिपाये रहे कि सन्मार्गमें प्रवर्तन करानेसे कभी यह स्वयं ही उन्हें छोड़ देगा, और इसी बीच यदि वह दिवंगत हो जाता है तो उसका वह शिष्य सदोष ही बना रहेगा। फिर कभी कोई मुँहफट खल, जो दूसरोंके अणुप्रमाण भी दोषोंको पर्वताकारमें देखता है, उसके दोषोंको प्रकट कर दे तो उसके मनमें यह बात घर किये बिना नहीं रहेगी कि उसके गुरु तो कोरे गुरु ही रहे, सच्चा गुरु तो यह खल है जिसके निपुण समीक्षणसे उसकी आँखें खुलीं—दोषोंका भान हुआ।

काव्येतर ग्रन्थ अपने नियत विषयोंका ही प्रतिपादन करते हैं, पर काव्यकी यह विशेषता है कि वह प्रसङ्गतः अन्यान्य विषयोंपर भी प्रकाश डालता है। नीरस विषय भी काव्यके सम्पर्कसे सरस बन जाते हैं। इसी दृष्टिसे वीरनन्दीने सज्जन-दुर्जनोंका भी आकर्षक वर्णन किया है।

**३. द्वीप वर्णन**—चं० चं० में कनकप्रभ आदि सभी राजाओंके अन्य वर्णनके साथ उनके द्वीपोंकी भी चर्चा की गयी है, पर रघुवंश आदि चारों महाकाव्योंमें राजाओंके द्वीपोंकी, जिनके वे निवासी रहे, चर्चा नहीं है। चं० च० की भाँति उनकी भी कथावस्तु पौराणिक है, अतः पुराणोंके आधारपर उनमें भी यह चर्चा दी जा सकती थी।

**४. देश-पुर-वर्णन**—चं० च० में मङ्गलावती आदि अनेक देशों एवं रत्नसञ्चय आदि पुरोंका सजीव वर्णन द्रष्टव्य है। इनके वर्णनके प्रायः अन्तिम पद्योंमें परिसंख्यालङ्कारमें वहाँकी सामाजिक स्थितिपर सुन्दर प्रकाश डाया गया है। जैसे २, १२२; २, १३८-३९ आदि। यह बात रघुवंश आदि चारोंमें नहीं है।

**५. नायकवर्णन**—महाकाव्यमें उसके नायकका उत्कर्ष दिखलाना कविका मुख्य लक्ष्य होता है। चं० च० में इसकी जितनी पूर्ति की गयी है, रघुवंश आदि चारोंमें दृष्टिगोचर नहीं होती। चं० च० में नायकका क्रमिक उत्कर्ष पिछले सातवें जन्मसे शुरू होता है जो चन्द्रप्रभके भवमें चरम सीमातक पहुँचता है। वाग्भट, असग, वादिराज, हरिचन्द्र और अर्हद्दास आदि जैन महाकवियोंने अपने महाकाव्योंमें इसी ढंगसे नायकोंका उत्कर्ष सिद्ध किया है। कादम्बरीमें इसकी आंशिक झलक मिलती है, पर वह महाकाव्य नहीं है। रघुवंशमें दिलीपसे लेकर अग्निवर्ण पर्यन्त रामकी अनेक पीढ़ियोंका वर्णन है, न कि उनकी भवावली का। माघ ( १, ४२-६८ ) में शिशुपालके दो पिछले भवोंका वर्णन है, पर वह नायक नहीं, प्रतिनायक है। कुमारसम्भव ( १, २१ ) में पार्वतीके पिछले भवका उल्लेख है, किन्तु वह भी नायक नहीं है। निष्कर्ष यह कि नायकका उत्कर्ष दिखलानेवाली भवावली जिस तरह चं० च० में वर्णित है, उस तरह रघुवंश आदि चारोंमें नहीं है। भवावलीके वर्णनसे महाकाव्यमें पुराणत्व आ जायेगा, यह बात सर्वमान्य नहीं हो सकती। किसी भी व्यक्तिके वर्तमान जीवनके उत्कर्षमें उसके पिछले जन्मोंकी साधनाका प्रभाव रहता है। वर्तमान जीवनकी भी पिछली साधना उसके भावी उत्कर्षका हेतु होती है—यह स्वाभाविक है। अतएव उ० पु० के आधारपर चं० च० में नायकके पिछले छः भवोंका जो वर्णन किया गया है, वह उस ( चं० च० ) के वैशिष्ट्यका परिचायक है।

**६. नायिका वर्णन**—चं० च० में चन्द्रप्रभ की पत्नी के अतिरिक्त उनके पिछले जन्मों से सम्बद्ध सुवर्णमाला, श्रीकान्ता, अजितसेना आदिका भी वर्णन है। इसकी विशेषता यह है कि किसीका भी नख-शिख वर्णन नहीं किया गया, सभीके शील आदि गुणोंपर प्रकाश डाला गया है। इसके लिए चं० च० के १, ५५; ३, १६ आदि पद्य द्रष्टव्य हैं। रघुवंश, माघ और किरात में मुख्य नायिकाओंका नाम मात्रका ही वर्णन है। नैषधमें दमयन्तीका नख-शिख वर्णन है, न कि शील आदिका। अतः चं० च० का नायिका वर्णन प्रस्तुत चारों महाकाव्योंसे विलक्षण है।

**७. नायिकाओं की चेष्टाओंका वर्णन**—किसी विशिष्ट व्यक्तिके आनेपर उसे देखनेके लिए स्वाभाविक कौतूहल ( वह इच्छा, जिसे रोका न जा सके ) वश नायिकाओं में अनेक चेष्टाएँ उत्पन्न होती हैं। इनका सजीव चित्रण चं० च० ( ७, ८२-९० ), रघुवंश ( ७, ६-१२ ), माघ ( १३, ३१-४८) और नैषध ( १६, १२६-१२७ ) में द्रष्टव्य है। किरातमें इस प्रसङ्गके पद्य दृष्टिगोचर नहीं हुए। इस प्रसङ्गका चं० च० ( ७, ८७ ) का पद्य अत्यन्त सुन्दर है, जिसका भाव है—कोई अन्य नायिका अंगुलियोंमें अंगुलियाँ मिलाकर दोनों बाहुओंको अपने सिरपर रखकर जमुहाई लेने लगी, जिससे वह ऐसी जान पड़ी मानो सम्राट् अजितसेनको देखकर हृदयमें प्रवेश करनेवाले कामदेवके निमित्तसे माङ्गलिक तोरण

तैयार कर रही हो। ऐसी अनूठी कल्पना रघुवंश आदिमें खोजनेपर भी नहीं मिली। चं० च०के इस प्रसङ्ग-के अन्य पद्य भी अभिनव कल्पनाओंसे अनुस्यूत हैं. अतः चं० च०का यह प्रसङ्ग रघुवंश आदि चारों काव्योंके समीक्ष्य सन्दर्भमे कहीं अधिक स्तुत्य है।

प्रस्तुत प्रसङ्गके नैषध ( १६, १२७ ), माघ ( १३, ३५ ), रघुवंश ( ७, ११ ) तथा चं० च० ( ७, ८७ ) के पद्योंमें क्रमशः चमत्कृति अधिक है। नैषधका यह पद्य अनेक दृष्टियोंसे दोषपूर्ण भी है। यों नैषध श्रेष्ठ महाकाव्योंमें-से एक है, पर उक्त पद्य उसके रूपके अनुरूप नहीं है।

८. **ऋतुवर्णन**—ऋतुओंका वर्णन प्रायः सभी महाकाव्योंमें रहता है। रघुवंश ( ९, २४-४७ ) में वसन्त, किरात ( १०, १९-३६ ) में वर्षा, हेमन्त, वसन्त और ग्रीष्म एवं ( ४,१-३६ ) में शरद्, माघ ( ६, १-७९) में सभी तथा चं० च० (८, १-५१) में वसन्त वर्णित है। नैषध (१, ७५-१०६) में नलके क्रीडावन-में एक ही साथ अनेक ऋतुओंके फूल, फल और पक्षी वर्णित हैं, इसके अतिरिक्त स्वतन्त्र ऋतु वर्णन नहीं किया गया। इस प्रसंगके पद्योंमें भारवि और श्रीहर्षको छोड़कर शेष ( कालिदास, माघ और वीरनन्दी ) ने यमकका प्रयोग किया है। रघुवंशके प्रसंगके पद्योंके केवल उत्तरार्धमें, माघके उत्तरार्धके साथ किसी-किसी पद्यके पूर्वार्धमें भी यमक प्रयुक्त है, पर चं० च० के सभी पद्योंके पूर्वार्ध और उत्तरार्ध दोनोंमें ही। चं० च० के द्वितीय सर्ग ( ११-२३ ) में राजा पद्मनाभके उद्यानमें युगपद् सभी ऋतुओंके फल-फूल और पक्षी वर्णित हैं। इस सन्दर्भमें चमत्कारपूर्ण अर्थालङ्कारोंका प्रयोग हुआ है। इसकी एक झलक नैषध ( १, ७५–१०६ ) में दृष्टिगोचर होती है, जो किरातमें नहींके बराबर है। अतः इस प्रसंगकी रचनामें चं० च० का अपना स्वतन्त्र वैशिष्टच है।

९. **पर्वत वर्णन**—अलंकारशास्त्रके निर्देशानुसार महाकाव्योंके वर्ण्य विषयोंमें पर्वत भी है, पर रघुवंश और नैषधमें इसके वर्णनके लिए स्वतन्त्र सर्ग दृष्टिगोचर नहीं होते। किरात, माघ और चं० च० में क्रमशः हिमालय, रैवतक ( गिरनार ) और मणिकूट पर्वतके वर्णनके लिए पाँचवें, चौथे तथा चौदहवें सर्गका स्वतन्त्र उपयोग किया गया है। इस सन्दर्भमें भारविने चौदह और माघने उन्नीस छन्दोंका प्रयोग किया है तो वीरनन्दीने बीस का। जलोद्धतगति, द्रुतविलम्बित, पुष्पिताग्रा, प्रहर्षिणी, प्रमिताक्षरा, मालिनी, वसन्ततिलका, शालिनी और मालिनी, इन नौ छन्दोंका उक्त तीनों महाकवियोंने पर्वत वर्णनके प्रसंगमें समानरूपसे उपयोग किया है। प्रस्तुत सन्दर्भमें भारविने कान्तोत्पीडा और प्रभाका, माघने आर्यागीति, कुररीरुता, पथ्या, मत्तमयूर, वंशस्थ, सुमंगला एवं स्रग्विणीका तथा वीरनन्दीने अतिरुचिरा, इन्द्रवज्रा, पृथ्वी, मन्दाक्रान्ता और रथोद्धता छन्दोंका एक-दूसरेसे भिन्न प्रयोग किया है। इन तीनों महाकाव्योंके प्रस्तुत प्रसंग के प्रायः सभी पद्य चमत्कारपूर्ण हैं, पर स्वाभाविकताकी दृष्टिसे वीरनन्दी कहीं-कहीं दोनोंसे आगे चले जाते हैं।

१०. **सूर्यास्त आदिका वर्णन**—कालिदासने रघुवंशमें यत्र-तत्र प्रभात आदिका संक्षिप्त वर्णन किया है, पर इसके लिए किसी पूरे सर्गका उपयोग नहीं किया। श्रीहर्षने नैषधके उन्नीसवें सर्गमें प्रभातका वर्णन किया है, जो माघकी तुलनामें फीका है। भारविने किरातके नवमसर्गमें और माघने माघके तीन ( ९–११ ) सर्गोंमें सूर्यास्तसे प्रभात तकका, जिसमें गोष्ठी, मधुपान, प्रणयालाप तथा संभोग शृंगार भी सम्मिलित हैं, आकर्षक वर्णन किया है। वीरनन्दीने चं० च० के दशम सर्गमें मधुपानको छोड़कर शेष सभीका चमत्कारपूर्ण वर्णन किया है, जो किरात और माघसे भी अच्छा है। इस प्रसङ्गके पद्योंका पाठक वीरनन्दीकी श्लाघा किये बिना नहीं रह सकता। सूर्यास्तके प्रसंगमें किरात ( ९, १ ), माघ ( ९, १ ) और चं० च० ( १०, १ ) को ध्यानसे पढ़नेपर तीनोंकी चमत्कृतिका उत्तरोत्तर प्रकर्ष ज्ञात होने लगता है। केवल एक ही पद्य नहीं दसवाँ सर्ग पूरा-का-पूरा चमत्कार से भरा हुआ है, चमत्कारका मूलकारण उक्ति वैचित्र्य है। इस दृष्टिसे वीरनन्दी प्रस्तुत अन्य कवियोंसे कहीं अधिक सफल हुए हैं।

**११. युद्ध वर्णन**—महाकाव्योंमें युद्ध जैसे भयावह विषयका भी सरस वर्णन किया जाता है। रघुवंशके तीन ( ३, ७, १२ ) सर्गोंके कुछ पद्योंमें युद्धका संक्षिप्त किन्तु सारगर्भ वर्णन है। किरातके पूरे पन्द्रहवें तथा माघके उन्नीस-बीसवें सर्गोंमें युद्धका वर्णन किया गया है। चं० च० के पूरे पन्द्रहवें सर्गमें युद्धका विस्तृत वर्णन है। रघुवंशकी भाँति अन्य सर्गोंमें भी इसका जो संक्षिप्त वर्णन है, वह इससे भिन्न है। किरात और माघ की भाँति चं० च० का युद्ध वर्णन अनुष्टुप् छन्दमें किया गया है। नैषधमें युद्धका वर्णन दृष्टिगोचर नहीं हुआ। चं० च० में वर्णित युद्धमें अर्धचन्द्र, असि, कुन्त, कवच, गदा, चक्र, चाप, परशु, प्रास, बाण, मुद्गर, यष्टि, वज्रमुष्टि, शङ्कु और शक्ति आदि अस्त्र-शस्त्रों के प्रयोगका उल्लेख है। कालिदासने युद्ध वर्णनके पद्योंमें अर्थचित्रको और भारवि तथा माघने शब्दचित्रको मुख्यता दी है, पर वीरनन्दीने इस सन्दर्भमें मध्यमार्गका आश्रय लिया है इसीलिए इन्होंने एक पद्यमें एकाक्षर चित्र, एक पद्यमें द्व्यक्षरचित्र तथा कुछ पद्योंमें यमकका प्रयोग किया और शेषमें अर्थचित्रका। शब्दचित्रके प्रदर्शनमें भारवि और माघ दोनों पटु हैं, पर इसमें माघ अधिक सफल हुए हैं। रघुवंशकी भाँति चं० च० के युद्धवर्णनमें वीर रसका जो आस्वाद प्राप्त होता है, किरात और माघमें नहीं। चं० च० का वर्ण्यविषय किरात और माघ जैसा है, पर भाषा और शैली रघुवंश जैसी। यही कारण है कि युद्ध जैसे विषयमें भी वीरनन्दीको कालिदासकी ही भाँति सफलता प्राप्त हुई है। चं० च० के प्रस्तुत प्रसंगमें एक विशेष बात यह भी है कि रणाङ्गणमें विजय पानेवाले राजा पद्मनाभको जब उसके एक सैनिकने प्रतिद्वन्द्वी राजा पृथिवीपालका कटा हुआ सिर दिखलाया तो उसे उसी समय वैराग्य हो गया। इस अवसर पर उसके मुखसे जो उद्गार निकले वे स्तुत्य हैं। अन्तमें वह पृथिवीपालका राज्य उसके पुत्रको और अपना राज्य अपने पुत्रको देकर श्रीधर मुनिके निकट जिन दीक्षा ले लेता है। माघके अन्तिम सर्गमें भ० कृष्णके द्वारा युद्धमें शिशुपालके सिर काटने का उल्लेख है, पर उसके बाद चं० च० जैसे विचारोंका वर्णन नहीं है। इस ढंगका वर्णन रघुवंश, किरात या अन्य किसी महाकाव्यमें अभी तक दृष्टिगोचर नहीं हुआ। किसी भी अच्छे या बुरे कामके बाद उसके करनेवाले व्यक्तिके हृदयमें कुछ-न-कुछ विचार अवश्य उत्पन्न होते हैं। सत्कविके द्वारा उनकी चर्चा अवश्य की जानी चाहिए। निष्कर्ष यह कि चं० च० का युद्धवर्णन भी अपने ढंगका एक है।

**१२. चतुर्थ पुरुषार्थका वर्णन**—भामहने ( काव्या० १,२ ) में काव्य-प्रयोजन बतलाते हुए लिखा है—सत्काव्यकी रचना धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, कला प्रवीणता, आनन्द एवं कीर्ति प्रदान करती है। विश्वनाथने (सा० द० १,२) में लिखा है कि अल्पमति व्यक्तियोंको भी विशेष परिश्रम किये बिना धर्म आदि पुरुषार्थोंके फलकी प्राप्ति काव्यसे ही हो सकती है, अतः''''। इस प्रयोजनकी दृष्टिसे वीरनन्दी अपने काव्य निर्माणमें पूर्ण सफल हुए हैं। काव्योचित अन्यान्य विषयोंके साथ चं० च० में चारों पुरुषार्थों पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। चं० च० के अन्तिम सर्गमें केवल चतुर्थ पुरुषार्थका ही वर्णन है। इसमें सात तत्त्व, मोक्षका स्वरूप और उसके प्राप्त करनेके उपाय—इन विषयोंका विस्तृत वर्णन है। इसका सीधा सम्बन्ध चन्द्रप्रभकी दिव्य देशनासे है। नायककी मुक्ति प्राप्ति पर प्रस्तुत महाकाव्यकी समाप्ति हुई है। सत्काव्योंके अध्ययनसे चतुर्वर्ग रूप फलकी प्राप्ति अलङ्कार ग्रन्थोंमें बतलायी गयी है तो धर्मसे लेकर मोक्ष पर्यन्त चारों वर्गों या पुरुषार्थोंका वर्णन भी सत्काव्योंमें होना चाहिए, जैसा कि चं० च० में है। रघुवंश आदि चारों जैनेतर काव्योंमें यह दृष्टिगोचर नहीं होता। किसी एकाध पद्यसे इसका सम्बन्ध जोड़ दिया जाये तो वह अलग बात होगी। चं० च० का अङ्गी रस शान्त है, जिसका फल मोक्ष है, अतः इसमें मोक्ष पुरुषार्थका वर्णन आवश्यक था, जिसे वीरनन्दीने पूरा किया।

इस तुलनात्मक संक्षिप्त अध्ययनसे यह स्पष्ट है कि वीरनन्दी अपने महाकाव्यके निर्माणमें कालिदास, भारवि, माघ और श्रीहर्ष आदि महाकवियोंकी अपेक्षा कहीं अधिक सफल हुए हैं। वीरनन्दी यदि जैन न होते तो इनका महाकाव्य भी रघुवंश आदि की भाँति ख्याति प्राप्त करता और प्रचारमें भी आ जाता।

## [१०] चं० च० में रस योजना

'स कविर्यस्य वचो न नीरसम्' (चं० च० १२, १०८)—इस उक्तिसे स्पष्ट है कि वीरनन्दीकी दृष्टिमें श्रेष्ठ कवि वह है, जिसका काव्य सरस हो। यही कारण है कि चं० च० में आदिसे अन्त तक रसकी अविच्छिन्न धारा प्रवाहित है। यहाँ इसके मुख्य रसोंका उल्लेख प्रस्तुत है।

**शान्तरस**—चं० च० का अङ्गी ( प्रधान ) रस शान्त है, जो इसके प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ, पञ्चम, एकादश, पंचदश (१३३-१६१), सप्तदश और अन्तिम अष्टादश सर्गमें प्रवाहित है। इन सर्गोंमें विरक्तिके कारणोंके मिलने पर संसार, शरीर, यौवन, जीवन और विषयोंकी अनित्यता, मुनिदर्शन, दीक्षा, तपस्या, दिव्य देशना और मुक्ति की प्राप्ति वर्णित है। उदाहरण के लिए १, ७८; ४, २५; ११, १७; १५, १३५; १७, ६९ इत्यादि पद्य द्रष्टव्य हैं।

**शृङ्गाररस**—चं० च० के सप्तम सर्गके बयासीवें पद्यसे लेकर दशम सर्गके अन्त तक शृङ्गार रस प्रवाहित है। सप्तम सर्गके उक्त अंशमें दिग्विजयके उपरान्त सम्राट् अजितसेन अपनी राजधानीमें प्रवेश करते हैं। इन्हें देखने वाली नायिकाओंकी विविध चेष्टाएँ शृङ्गार रस ( पूर्वराग ) को अभिव्यक्त करती हैं। अष्टम सर्गमें वसन्त ऋतु, नवममें उपवन यात्रा, उपवन विहार एवं जलक्रीड़ा तथा दशममें सायंकाल, अन्धकार, चन्द्रोदय और रात्रिक्रीड़ा ( सुरत ) वर्णित हैं, जिनमें संभोग और विप्रलम्भ दोनोंका आस्वाद मिलता है। अन्य सर्गोंमें भी न्यूनाधिक मात्रामें शृङ्गार रस विद्यमान है। ७, ८३; ८, ३९; ९, २४; १०, ६० इत्यादि पद्य शृङ्गार रसके उदाहरणके रूपमें द्रष्टव्य हैं।

पति-पत्नीके हृदयमें विद्यमान रति ( स्थायीभाव ) यदि एक-दूसरेके प्रति हो तो वह विभाव, अनुभाव और संचारी भावके संयोगसे शृङ्गार रसके रूपमें परिणत हो जाती है। यदि यही रति देव, मुनि या राजा आदिके विषयमें हो तो वह 'भाव' रूपमें परिणत होती है। इसके उदाहरण इस प्रकार हैं। देवविषया रति—१७, ३२; मुनिविषया रति ११, ४२; राजविषया रति–१२-६८।

**वीररस**—ग्यारहवें सर्ग ( ८५-९२ ) में तथा पन्द्रहवें ( १-१३१ ) में वीररस है। ग्यारहवें सर्गके अन्तमें राजा पद्मनाभके द्वारा अदम्य उत्साह पूर्वक, राजधानीमें प्रलय मचाने वाले एक जंगली हाथीको वशमें लानेका वर्णन है और पन्द्रहवें सर्गके इसी हाथीको अपना बतलाकर अपमानजनक व्यवहार करनेवाले राजा पृथिवीपालके साथ पद्मनाभके युद्धका वर्णन है, जो वीररससे आप्लावित हैं। १५, ३६; १५, ४८; १५, ५८; १५, ९९ इत्यादि पद्य इसके उदाहरणके लिए अवलोकनीय हैं।

**रौद्ररस**—चं० च० के छठे सर्गमें कुख्यात चण्डरुचि नामक असुर पिछले वैरके कारण राजकुमार अजितसेनका अपहरण करके उसकी हत्याका दुष्प्रयास करता है। राजा महेन्द्र राजा जयवर्माकी अनुपम सुन्दरी कन्या शशिप्रभाको बलात् छीननेके लिए युद्ध छेड़ देता है, और इसके पराजित होने पर धरणीध्वज भी शशिप्रभाको पानेके उद्देश्यसे युद्धके मैदानमें उतर आता है, पर जयवर्मा महेन्द्रकी भाँति इसके भी छक्के छुड़ा देता है। इन तीनों प्रसंगोंमें रौद्ररसका परिपोष हुआ है।

**बीभत्सरस**—चं० च० के ( १५, ५३ ) आदि कतिपय पद्योंमें बीभत्स रस अभिव्यक्त है, जिनमें मांस और रक्तासवके सेवनसे उन्मत्त डाकनियोंका धड़ोंके साथ नाचना वर्णित है।

**करुणरस**—चं० च० ( ५, ५५-७१ ) में करुण रस[1] प्रवाहित है, जहाँ अपहृत पुत्रके शोकमें उसके पिता अजितंजयका विलाप वर्णित है। इसके उदाहरणके लिए ५, ५८; ५, ६२ आदि पद्य द्रष्टव्य हैं।

---

१. मृत्युके उपरान्त करुण रसकी अभिव्यक्ति होती है। यहाँ अजितसेनकी मृत्यु नहीं हुई, अनिष्टकी प्राप्ति हुई—इसी दृष्टिसे करुणरस अभिव्यक्त हुआ है। 'इष्टनाशादनिष्टाप्तेः करुणाख्यो रसो भवेत्' ( सा० द० ३, २२२ )। काव्यानु० ( २, पृ० ९१ ) और अलङ्कारचि० ( ५, १०१ ) से भी इसका समर्थन होता है, अतः चं० च० के उक्त सन्दर्भमें करुणरस मान्य है।

अद्भुतरस—चं० च० ( ५, ७२-७३ ) में अद्भुत रसका आस्वाद होता है, जहाँ आकाश मार्गसे उतरते हुए दीप्ति सम्पन्न एक चारण मुनिको अकस्मात् देखते ही अजितंजय और उसकी सभाका विस्मित होना वर्णित है ।

वात्सल्यरस—चं० च० ( १७, ४३-४८ ) में वात्सल्य रसका भी परिपोष हुआ है, जहाँ शिशु चन्द्रप्रभकी बाललीलाको देख कर उनके माता-पिता आनन्दका अनुभव करते हैं । भरत मुनिकी भाँति विश्वनाथ कविराज ( सा. द. ३, २५१ ) ने इसे स्वतन्त्र रस माना है । यदि यह रस वीरनन्दीको मान्य न रहा हो, तो उक्त सन्दर्भमें पुत्र विषयक रतिभाव स्वीकार्य होना चाहिए । भक्तिरस, लौल्यरस और स्नेहरस आदि सर्वमान्य नहीं हैं, अतः चं० च० में इन्हें खोज निकालना निष्फल होगा ।

इस तरह चं० च० में अङ्गाङ्गीभावसे प्रायः सभी रस प्रवाहित हुए हैं ।

## [ ११ ] चं० च० में अलङ्कार योजना

चं० च० में जिन अलङ्कारोंका सन्निवेश है, उनका एक-एक उदाहरण यहाँ दिया जा रहा है ।

### ( क ) शब्दालङ्कार

छेकानुप्रास—दिव्यान् दिव्याकारकान्तासहायो भोगान् भोगी निर्विशन्निर्विशङ्कः ।
राज्यं राज्यभ्रंशिताकारलोकश्चक्रे चक्री पूर्वपुण्योदयेन ॥७,९४

यहाँ व्यञ्जनोंकी एक-एक बार आवृत्ति होनेसे छेकानुप्रास है । इसमें स्वरसाम्य नहीं देखा जाता ।

वृत्त्यनुप्रास—इत्थं नारीः क्षणरुचिरुचः क्षोभयन्नीतिरक्षः
क्षीणक्षोभः क्षपितनिखिलारातिपक्षोऽम्बुजाक्षः ।
क्षोणीनाथो विनिहितमहामङ्गलद्रव्यशोभं
प्रापत्तेजोविजिततपनो मन्दिरद्वारदेशम् ॥७,९१

यहाँ व्यञ्जनोंकी अनेक बार आवृत्ति होनेसे वृत्त्यनुप्रास, और आनुनासिक वर्णोंकी आवृत्तिके कारण श्रुत्यनुप्रास भी है । इनके अतिरिक्त लुप्तोपमा ( अर्थालङ्कार ) भी विद्यमान है ।

श्रुत्यनुप्रास—नयेन नृणां विभवेन नाकिनां गतस्पृहाणां विनयेन योगिनाम् ।
महीभुजामेष निजेन तेजसा तनोति चित्ते सततं चमत्कृतिम् ॥११,५२

आनुनासिक वर्णोंकी आवृत्ति होनेसे यहाँ श्रुत्यनुप्रास है, और उत्तरार्धमें 'त' की अनेक बार आवृत्ति होनेसे वृत्त्यनुप्रास भी । इनके अतिरिक्त दीपक ( अर्थालङ्कार ) भी है ।

अन्त्यानुप्रास—मानोन्मादव्यपनयचतुराश्चैत्रारम्भे विदधति मधुराः ।
यूनामस्मिन् घटितयुवतयो दूतीकृत्यं परभृतरुतयः ॥१४,३०

पूर्वार्धके चरणोंके अन्तमें 'राः' और उत्तरार्धके दोनों चरणोंके अन्तमें 'तयः' की आवृत्ति होनेसे यहाँ अन्त्यानुप्रास है ।

अथवा

सहसैव समुद्भिद्य सुस्रुवे करिणां कटैः ।
भेजे कोऽपि महोत्साहो रोमाञ्चकवचैर्भटैः ॥१५,२९

पूर्वार्ध और उत्तरार्धके अन्तमें 'टैः' की आवृत्ति होनेसे यहाँ अन्त्यानुप्रास है ।

पादयमक—भूरिभैरवधीरायाः रुष्टैः प्रतिगजश्रुतेः ।
भूरिभैरवधीरायाः समदानैः स्वपाणिना ॥१५,१०

यहाँ प्रथम और तृतीय चरणोंमें अयुतावृत्तिमूलक पादयमक है। यहाँ विसर्गकृत दोष नहीं है, जैसा कि वाग्भटा० ( १,२० ) में बतलाया गया है।

पादयमक—शस्त्रप्रहारैर्गुरुभिः समुदा येन योजितः।
तेनामर्षात् पुनः सोऽस्त्रसमुदायेन योजितः ॥१५,४५

यहाँ द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में अयुतावृत्तिमूलक पादयमक है।

पदयमक—सेना सेना यती बद्धराजिराजिसमुत्सुका।
चक्रे चक्रेषुखङ्गास्त्रसारा सारातिसाध्वसम् ॥१५,२०

यहाँ संयुतावृत्तिमूलक प्रतिपादादि पदयमक है।

पदयमक—वणिक्पथस्तूपितरत्नसंचयं समस्ति तस्मिन्नथ रत्नसंचयम्।
पुरं यदालानितमत्तवारणैर्विभाति हर्म्यैश्च समत्तवारणैः ॥१,२१

यहाँ अयुतावृत्तिमूलक प्रत्यर्धभागभिन्न पादान्त्य पदयमक है।

पदयमक—यथा पलाशास्तत्रेश शोभन्ते नवकिंशुकैः।
तथैव जम्बूतरवो विराजन्ते न किंशुकैः ॥२,१७

यहाँ अयुतावृत्तिमूलक पद्यार्धान्त्य पदयमक है।

पदयमक—भयात् पलायमानस्य कामस्य गलितः करात्।
बाणावलिरिवाभाति बाणावलिरितस्ततः ॥२,२०

यहाँ अयुतावृत्तिमूलक तृतीय-चतुर्थ पादादिगत पदयमक है।

पदयमक—तत्र शासति महीं जनतायास्त्रातरि क्रमसरोजनतायाः।
मोदयन्मधुरभून्मधुपानां संततिं कृतगलन्मधुपानाम् ॥८,१

यहाँ अयुतावृत्तिमूलक प्रथम-द्वितीय-तृतीय-चतुर्थपादान्तगत पदयमक है। चं० च० के आठवें, चौदहवें तथा पन्द्रहवें सर्गमें ऐसे ही उदाहरण और भी हैं।

वर्णयमक—सपौरः ससुहृद्वर्गः सकलत्रः सबान्धवः।
सतनूजः ससामन्तः स चचाल ससैनिकः ॥२,३०

यहाँ अयुतावृत्तिमूलक आद्यन्त वर्णयमक है।

एकाक्षरचित्र—रैरोरा रैररैरेरी रोरो रोरुररेररि—
रुरूरुररुरूरोरारारीरैरुरोररम् ॥१५,३९

आदिसे अन्त तक केवल 'र' व्यञ्जनके होनेसे यहाँ एक व्यञ्जनचित्र या एकाक्षरचित्र है।

द्व्यक्षरचित्र—धीरधीरारिरुधिरैरुरुधाराधरैररम्।
धरा धराधराधारा रुरुधेऽधोऽधराधरा ॥१५,४९

आदिसे अन्त तक 'ध' और 'र'—इन दो व्यञ्जनोंके रहनेसे यहाँ द्विव्यञ्जनचित्र या द्व्यक्षर चित्र है।

काकुवक्रोक्ति—विशदामसमुज्झितान्वयां नयसाराममविहीनसौष्ठवाम्।
*गिरमेष कदाचिदीदृशीमभिदध्यादथवा बृहस्पतिः ॥१२,१००*

'अथवा बृहस्पति भी कभी ऐसे वचन कह सकते हैं ?'—इस तरह कण्ठध्वनिके परिवर्तनके साथ अर्थ करनेपर यहाँ 'काकुवक्रोक्ति' अलङ्कार घटित होता है।

## ( ख ) अर्थालङ्कार

चं० च० में जिन अर्थालङ्कारोंका प्रचुरमात्रामें सन्निवेश है, उनके नाम इस प्रकार हैं—

पूर्णोपमा ( १,३१ ), मालोपमा ( १६,१७ ), लुप्तोपमा ( ११,१५ ), उपमेयोपमा ( १०,२७ ), प्रतीप ( ३,३ ) रूपक ( १५,५३ ), परम्परितरूपक ( १,१० ), परिणाम ( ५,६० ), भ्रान्तिमान् ( १,२६;१,२७;६,९;९,६;९,३०;१५,५;१४,३२;१४,३८ आदि ), अपह्नुति ( ५,४३ ), कैतवापह्नुति (१४,६४), उत्प्रेक्षा ( १,१३ ), अतिशय ( १६,३६ ), अन्तदीपक ( १,४५ ), तुल्ययोगिता ( १५,१३५ ), प्रतिवस्तूपमा ( १,६३ ), दृष्टान्त ( ११,२१ ), निदर्शना ( ४,२४ ), व्यतिरेक ( १,४४ ), सहोक्ति ( ३,६६ ), समासोक्ति ( १,१६ ), परिकर ( १७,६२ ), श्लेष ( २,१४२ ), अप्रस्तुतप्रशंसा ( १५,१३४ ), पर्यायोक्त ( १६,२६ ), अन्य प्रकारका पर्यायोक्त ( ९,२४ ), विरोधाभास ( १,३७ ), विभावना ( १,५९ ), अन्य प्रकारकी विभावना ( ६, ६६ ), विशेषोक्ति ( ४, ६ ), विषम ( १५, १३० ), अधिक ( २, २४ ), अन्योन्य ( १४, १४ ), कारणमाला ( ४,३७; ४, ३८ ), एकावली ( १, ३५ ) परिवृत्ति ( ९, ४३ ), परिसंख्या ( २, १३८ ), समुच्चय (३, ४९), अर्थापत्ति (१, ७३), काव्यलिङ्ग ( ४, १९ ), अर्थान्तरन्यास ( ४, ११ ), तद्गुण ( १४, २९ ), लोकोक्ति ( २, २६ ), स्वभावोक्ति ( १४, ६३ ), उदात्त (२, १२८ ), अनुमान ( ९, १३ ), रसवत् ( १५, ८ ), प्रेय ( १५, १४४ ), ऊर्जस्वित् ( ८, २० ), समाहित ( ८, ४५ ), भावोदय ( ८, २१ ), संसृष्टि ( १, १० ) और सङ्कर[1] ( ८, ४३ )।

## [ १२ ] चं० च० में छन्द योजना

चं० च० में एक मात्रिक ( औपच्छन्दसिक ) और तीस वर्णिक छन्द प्रयुक्त हुए हैं, जिनके नाम निम्नलिखित हैं—

( १ ) अतिरुचिरा, ( २ ) अनुष्टुप्, ( ३ ) इन्द्रवज्रा, ( ४ ) उद्गता, ( ५ ) उपजाति, ( ६ ) उपेन्द्रवज्रा, ( ७ ) औपच्छन्दसिक, ( ८ ) क्षमा, ( ९ ) जलधरमाला, ( १० ) जलोद्धतगति, ( ११ ) द्रुतविलम्बित, ( १२ ) नर्कुटक, ( १३ ) पुष्पिताग्रा, ( १४ ) पृथ्वी, ( १५ ) प्रमिताक्षरा, ( १६ ) प्रहर्षिणी, ( १७ ) भ्रमरविलसित, ( १८ ) मन्दाक्रान्ता, ( १९ ) मालिनी, ( २० ) रथोद्धता, ( २१ ) वंशस्थ, ( २२ ) वंशपत्रपतित, ( २३ ) वसन्ततिलका, ( २४ ) वसन्तमालिका, ( २५ ) शार्दूलविक्रीडित, ( २६ ) शालिनी, ( २७ ) शिखरिणी, ( २८ ) सुन्दरी, ( २९ ) स्रग्धरा, ( ३० ) स्वागता, ( ३१ ) हरिणी[2] ।

## [१३] चं० च० की समीक्षा

वीरनन्दीको चन्द्रप्रभका जो संक्षिप्त जीवनवृत्त प्राचीन स्रोतोंसे समुपलब्ध हुआ, उसे उन्होंने अपने चं० च० में खूब ही पल्लवित किया है। चन्द्रप्रभके जीवन वृत्तको लेकर बनायी गयीं जितनी भी दि०-श्वे० कृतियाँ सम्प्रति उपलब्ध हैं, उनमें वीरनन्दीकी प्रस्तुत कृति ही सर्वाङ्गपूर्ण है। इसकी तुलनामें उ० पु० गत चं० च० भी संक्षिप्त-सा प्रतीत होता है, जो उपलब्ध अन्य सभी चन्द्रप्रभचरितोंसे, जिनमें हेमचन्द्रका चं० च० भी शामिल है, विस्तृत है। अतः केवल कथानकके आधार पर ही विचार किया जाये तो भी यह मानना पड़ेगा कि वीरनन्दीको सबसे अधिक सफलता प्राप्त हुई है। सरसताकी दृष्टिसे तो इनकी कृतिका महत्त्व और भी अधिक बढ़ गया है।

---

१. सभी अलङ्कारोंके लक्षण घटानेमें प्रायः कुवलयानन्दका उपयोग किया गया है। २. सभी छन्दोंके लक्षण वृत्तरत्नाकरके अनुसार घटाये गये हैं।

वीरनन्दी का चं० च० अपनी विशेषताओंके कारण संस्कृत महाकाव्योंमें विशिष्ट स्थान रखता है। कोमल पदावली, अर्थ सौष्ठव, विस्मयजनक कल्पनाएँ, अद्भुत घटनाएँ, विशिष्ट संवाद, वैदर्भी रीति, ओज, प्रसाद तथा माधुर्य गुण, विविध छन्दों और अलङ्कारोंकी योजना, रसका अविच्छिन्न प्रवाह, प्राञ्जल संस्कृत, महाकाव्योचित प्रासंगिक वर्णन और मानवोचित शिक्षा आदिकी दृष्टिसे प्रस्तुत कृति अत्यन्त श्लाघ्य है।

प्रस्तुत कृतिमें वीरनन्दीकी साहित्यिक, दार्शनिक और सैद्धान्तिक विद्वत्ताकी त्रिवेणी प्रवाहित है। साहित्यिक वेणी (धारा) अथसे इति तक अविच्छिन्न गतिसे बही है। दार्शनिक धाराका सङ्गम दूसरे सर्गमें हुआ है, और सैद्धान्तिक धारा सरस्वतीकी भाँति कहीं दृश्य तो कहीं अदृश्य होकर भी अन्तिम सर्गमें विशिष्ट रूप धारण करती है। पर कविकी अप्रतिम प्रतिभाने साहित्यिक धाराको कहीं पर भी क्षीण नहीं होने दिया। फलतः दार्शनिक और सैद्धान्तिक धाराओंमें भी पूर्ण सरसता अनुस्यूत है।

अश्वघोष और कालिदासकी भाँति वीरनन्दीको अर्थ चित्रसे अनुरक्ति है। यों इन तीनों महाकवियों-की कृतियोंमें शब्दचित्रके भी दर्शन होते हैं, पर भारवि और माघकी कृतियोंकी भाँति नहीं, जिनमें शब्द चित्र आवश्यकताकी सीमासे बाहर चले गये हैं।

बुद्धचरित, सौन्दरनन्द, रघुवंश और चन्द्रप्रभचरित इन चारोंकी रचना शैलीमें पर्याप्त साम्य है, फिर भी इतना अवश्य है कि वीरनन्दीको कालिदासकी अपेक्षा अश्वघोषने अधिक मात्रामें प्रभावित किया है। जान पड़ता है कि चं० च० का नामकरण बु० च० से और सर्ग संख्या सौ० न० की सर्ग संख्यासे प्रभा-वित है। बु० च० में वर्णित भ० बुद्धके जन्मसे निर्वाण तकके जीवन वृत्तकी भाँति चं० च० में चन्द्रप्रभका जीवन वृत्त वर्णित है। हाँ, चन्द्रप्रभचरितमें वर्णित चन्द्रप्रभके पिछले जन्मोंका वृत्त उसकी अपनी विशेषता है, जो जैनेतर काव्योंमें नहीं है। अश्वघोषकी कृतियोंमें बौद्ध धर्मके अनुसार जिस तरह मानव जन्म के लाभ, सांसारिक सुखकी असारता बतलायी गयी है, दार्शनिक चर्चा की गयी है और पारिभाषिक शब्दोंका प्रयोग किया गया है, उसी तरह वीरनन्दीकी कृति चं० च० में जैन धर्मके अनुसार। अथ च अश्वघोषकी भाँति वीरनन्दीको भी शान्तरस अभिप्रेत है। इसी आधारपर जान पड़ता है कि वीरनन्दी अश्वघोषसे से अधिक प्रभावित रहे।

१. चार्वाक दर्शन बहुत पुराना है । इसका उल्लेख महाभारतमें भी मिलता है । इस दर्शनकी दृष्टिसे पुण्य-पाप, स्वर्ग-नरक और आत्मा-परमात्माकी स्वतन्त्र सत्ता नहीं है; पृथिवी, जल, तेज और वायु ये चार भूत हैं ( आकाश नहीं ); जीव भूत चतुष्टयके संयोगसे उत्पन्न होता है, जो देहके साथ उत्पन्न होकर, उसीके साथ नष्ट हो जाता है और केवल प्रत्यक्ष ही प्रमाण है । तत्त्वोपप्लवदर्शन, चार्वाकदर्शनसे उत्पन्न हुआ एक नवीन दर्शन है । यों यह दर्शन स्थूल रूपसे चार्वाकदर्शन समझा जाता है, किन्तु सूक्ष्म विचार किया जाये, तो उससे भिन्न है, यद्यपि उसीसे उत्पन्न हुआ है । भिन्नताका कारण मान्यताका भेद है । चार्वाकदर्शन, भूतचतुष्टय रूप चार तत्त्व, किसी-न-किसी रूपमें जीवतत्त्व, और अन्य प्रमाणको न मानकर भी प्रत्यक्ष प्रमाणको स्वीकार करता है, जब कि तत्त्वोपप्लव दर्शन किसी भी तत्त्व और किसी भी प्रमाणको नहीं मानता । इस दर्शनकी दृष्टिसे सर्वत्र बाधा-ही-बाधा है । इसीलिए आचार्य विद्यानन्दने अष्टसहस्रीमें उक्त दोनों दर्शनोंकी पृथक्-पृथक् समालोचना की है । प्रस्तुत प्रकरणमें महाकवि वीरनन्दीने तत्त्वोपप्लवदर्शनको यहाँ पूर्वपक्षके रूपमें उपस्थित किया है । २. आ °चरः । ३. श स ' '-चिह्नितः पाठो नास्ति । ४. आ अजिजीवत् । ५. = प्राणी । पदार्थः वस्तु । ६. श स आगमो° । ७. = अङ्गीकृतवन्तः ।

अजीवश्च कथं जीवापेक्षस्तस्यात्यये भवेत् ।
अन्योन्यापेक्षया तौ हि स्थूलसूक्ष्माविव स्थितौ ॥४५॥
कथं च जीवधर्माः स्युर्बन्धमोक्षादयस्ततः ।
सति धर्मिणि धर्मा[1] हि भवन्ति न तदत्यये ॥४६॥
तस्मादुपप्लुतं सर्वं तत्त्वं तिष्ठतु संवृतम् ।
प्रसार्यमाणं शतधा शीर्यते जीर्णवस्त्रवत् ॥४७॥

ब्रुवन्ति । 'ब्रुवस्तिप्यञ्चत—' इत्यादिना रोरु सादेशः ब्रुव आह इत्यादेशश्च । लट् ॥४४॥ अजीव इत्यादि । तस्य जीवपदार्थस्य । अत्यये अभावे सति । जीवापेक्षः जीवपदार्थसापेक्षः । अजीवश्च अजीवपदार्थः । कथं केन प्रकारेण । भवेत् स्यात् । जीवपदार्थस्य विद्यमानत्वे अजीवपदार्थ इति व्यपदेशः, तदभावे तद्व्यपदेशाभावः, तस्मात्कारणात् अजीवपदार्थस्य जीवपदार्थापेक्षेत्यर्थः । अजीवजीवपदार्थौ स्थूलसूक्ष्माविव[2] । इव शब्दो वाक्यालङ्कारे ।[3] अन्योन्यापेक्षया परस्परापेक्षया । स्थितौ तिष्ठतः स्म हि । ष्ठा गतिनिवृत्तौ कर्त्तरि क्तः ॥४५॥ कथमित्यादि । ततः जीवाजीवयोः परस्परापेक्षया विद्यमानत्वात् । बन्धमोक्षादयः बन्धश्च मोक्षश्च बन्धमोक्षौ तौ आदी[4] येषां ते तथोक्ताः । जीवधर्माः जीवस्य धर्माः । कथं च केन प्रकारेण । स्युः भवेयुः । धर्मिणि धर्माः सन्ति अस्य इति धर्मी तस्मिन् । सति विद्यमाने । धर्माः स्वभावाः । भवन्ति सन्ति । भू सत्तायां लट् । तदत्यये तस्य धर्मिणः अत्यये नाशे । न हि धर्माः न भवन्ति हि ॥४६॥ तस्मादित्यादि । तस्मात् कारणात् । सर्वं विश्वम् । तत्त्वं जीवादि वस्तुस्वरूपम् । उपप्लुतं[5] निराकृतं संवृतम् असत्यम् । तिष्ठतु वर्त्तताम् । प्रसार्यमाणं प्रसार्यते इति प्रसार्यमाणं विस्तीर्यमाणम्[6] । कर्मण्यानश्[7] । जीर्णवस्त्रवत् विशीर्णवस्त्रमिव[8] । शतधा

जो प्रत्यक्ष आदि किसी भी प्रमाणसे सिद्ध हो ॥४४॥ जीव पदार्थकी सत्ता जब किसी प्रमाणसे सिद्ध नहीं होती, तो उसका अभाव ही मानना होगा, और उसका अभाव माननेपर अजीव पदार्थ कैसे सिद्ध हो सकता है ? क्योंकि जीव और अजीव पदार्थोंका व्यवहार परस्पर सापेक्ष है । जैसे स्थूल और सूक्ष्मका व्यवहार । स्थूल व्यवहार तभी होता है, जब कोई सूक्ष्म हो और सूक्ष्म व्यवहार भी तभी होता है, जब कोई स्थूल हो । इसी तरह जीव व्यवहार अजीवको जानकर और अजीव व्यवहार जीवको जानकर किया जाता है ॥४५॥ और जब जीव पदार्थ ही सिद्ध नहीं है, तो उसके बन्ध और मोक्ष आदि धर्म कैसे सिद्ध हो सकते हैं ? क्योंकि धर्मी–पदार्थके होनेपर ही उसका कर्म–स्वभाव या गुण सिद्ध होता है, न कि उसके अभावमें ॥४६॥ अतः जीव, अजीव, बन्ध और मोक्ष आदि सभी तत्त्व बाधित हैं । ऐसी स्थितिमें वे शास्त्रोंमें ही छिपे रहें । अन्यथा ज्यों-ज्यों विचार किया जायगा त्यों-त्यों पुराने सड़े-गले वस्त्रकी तरह उनमें सैकड़ों उलझनें उपस्थित हो जायेंगी । गला हुआ पुराना कपड़ा तभीतक सुन्दर मालूम पड़ता है, जबतक उसकी तह न खोली जाये । तह खोलनेपर तो उसकी सैकड़ों धज्जियाँ दृष्टिगोचर होने लगती हैं, और वे आपसमें उलझने भी लगती हैं ॥४७॥

१. इ 'धर्मा' इति नास्ति । २. = स्थूलश्च सूक्ष्मश्चेति स्थूलसूक्ष्मौ तद्वत् । ३. = इवशब्द औपम्य वाचकः । ४. आ आदिः । ५. = उपप्लुतं बाधितं संवृतमप्रसारितं वा । ६. = विस्तार्यमाणम् । ७. श स °नत् । ८. श °वस्त्र इव ।

जीवमन्ये प्रपद्यापि तद्धर्मं प्रति वादिनः ।
विवदन्ते प्रबन्धेन विविधागमवासिताः ॥ ४८ ॥
कूटस्थनित्यतां केचित्केचिदाहुरकर्तृताम् ।
अन्ये तु जडतामन्ये चित्तसंततिरूपताम् ॥ ४९ ॥
इत्याद्यनेकसिद्धान्तगहने गहने स्थितः ।
यातु दिग्भ्रमसंभ्रान्तः पुरुषः केन वर्त्मना ॥ ५० ॥

---

शतैः प्रकारैः शतधा अनेकप्रकारैरित्यर्थः । विशीर्यते विनश्यति । शॄ हिंसायां कर्मणि लट् ॥४७॥ जीवमित्यादि । अन्ये केचित् । विविधागमवासिताः विविधैर्नानाप्रकारैः आगमैर्वासिताः संस्कृताः । वादिनः मिथ्यावादिनः । जीवं जीवपदार्थम् । प्रपद्यापि अङ्गीकृत्यापि । तद्धर्मं प्रति जीवस्य धर्मं प्रति । 'भागिनि च प्रतिपर्यनुभिः' इति द्वितीया । प्रबन्धेन नाना प्रविधेन[1] विवदन्ते विवादं कुर्वन्ति । वद व्यक्तायां वाचि । 'विप्रलापे वा' इति तङ् ॥४८॥ कूटस्थेत्यादि । केचित् अन्ये[2] । कूटस्थनित्यतां कूटस्थश्चासौ नित्यश्च तथोक्तः तस्य भावः तां त्रिकालव्याप्यविनश्वरस्वरूपम् । आहुः ब्रुवन्ति । केचित् अन्ये । अकर्तृताम् अकर्तुः भावः तां सुखदुःखाद्यकर्तृत्वम् । आहुः ब्रुवन्ति । अन्ये तु[3] केचित्तु जडताम् अज्ञानत्वम् । 'जडोऽज्ञः' इत्यमरः । आहुः ब्रुवन्ति । अन्ये[4] केऽपि । चित्तसन्ततिरूपतां चित्तस्य ज्ञानस्य सन्ततिरेव सन्तानमेव[5] रूपं स्वरूपं यस्य तस्य भावः ताम्, विज्ञानाद्वैतस्वरूपत्वमित्यर्थः । आहुः ब्रुवन्ति ॥४९॥ इतीत्यादि । गहने प्रवेष्टुमशक्ये । 'गह्वरदुःखविपिनकलिलेषु गहनम्' इति नानार्थकोशे । इत्याद्यनेकसिद्धान्तगहने इति आदिर्येषां ते इत्यादयः, अनेके च ते सिद्धान्ताश्च तथोक्ताः, त एव गहनं तस्मिन् इत्यादिनानामतारण्ये । स्थितः तिष्ठतिस्म स्थितः । दिग्भ्रमसंभ्रान्तः दिशां ककुभां भ्रमेण मोहेन संभ्रान्तो मोहितः । पुरुषः जीवः । केन वर्त्मना केन मार्गेण । यातु गच्छतु । या प्रापणे लोट् ॥५०॥

---

सांख्य, नैयायिक और बौद्ध आदि अन्यवादी जीवतत्त्वको स्वीकार करके भी उसके नित्यत्व आदि धर्मोंको लेकर आपसमें विवाद करते हैं, तथा अपने-अपने पक्षके समर्थनमें अपने-अपने शास्त्रोंके संस्कारवश प्रमाण भी उपस्थित करते हैं ॥४८॥ सांख्य लोग जीवको सर्वथा नित्य और सुख-दुःख आदिका अकर्त्ता[6] मानते हैं। ये लोग कहते हैं कि प्रधान-अचेतन सुख आदिका कर्त्ता है और पुरुष-चेतन उसका भोक्ता। नैयायिक लोग जीवको जड़ मानते हैं। वे कहते हैं कि जीव स्वयं ज्ञानवान् नहीं है; ज्ञानके समवायसे वह ज्ञानवान् है। बौद्ध लोग जीवको चित्त-ज्ञानकी सन्तति रूप मानते हैं। उनका कहना है कि ज्ञानकी सन्तान ही जीव है ॥४९॥ इत्यादि अनेक सिद्धान्तोंके दुर्गम एवं बीहड़ जंगलमें जो यात्री अपनी गन्तव्य दिशा ही भूल गया हो, वह किस मार्गसे जाये-किस सिद्धान्तको अपनाकर अपने लक्ष्यको सिद्ध करे? भगवन्

---

१. आ नाना प्रविदेन । २. = सांख्याः । ३. = नैयायिकाः । ४. बौद्धाः । ५. = सन्तान एव ।
६. कूटस्थ…इत्यादि श्लोकके पूर्वार्द्धमें सांख्योंके दो सिद्धान्त बतलाये गये हैं—पहला कूटस्थ नित्यताका और दूसरा अकर्तृत्वका। निर्णयसागरको मुद्रित प्रतिके टिप्पणसे ज्ञात होता है कि पूर्वार्द्धमें पहला सिद्धान्त सांख्योंका और दूसरा मीमांसकोंका है। किन्तु टिप्पणकारका यह निरा भ्रम है। यदि टिप्पणकारकी दृष्टि इसी सर्गके ८१, ८२, ८३ नं० के श्लोकोंपर पड़ जाती, तो उन्हें यह भ्रम नहीं होता। पूर्वार्द्धमें 'केचित्' का दो बार प्रयोग न होता, तो भी वे इस भ्रमसे बच सकते थे।

इत्युक्त्वा वाचमुच्चार्थां विरराम नरेश्वरः ।
भारतीमथ गम्भीरां जगाद परमेश्वरः ॥ ५१ ॥
त्वयैवं ब्रुवता सूक्तं नृप सत्यमिदं कृतम् ।
उपर्युपरि बुद्धीनां चरन्तीश्वरबुद्धयः ॥ ५२ ॥
जीवाजीवादि यत्पृष्टमस्पृष्टपरदूषणम् ।
यथा भवति तत्सर्वं तथाहं कथयामि ते ॥ ५३ ॥
जीवो नास्तीति पक्षोऽयं प्रत्यक्षादिनिराकृतः ।
तत्र हेतुमुपन्यस्यन्कुर्यात्कः स्वविडम्बनाम् ॥ ५४ ॥

---

इतीत्यादि । नरेश्वरः नराणां मनुष्याणामीश्वरः पद्मनाभः । उच्चार्थाम् उच्चो गम्भीरभूतो अर्थोऽभिधेयो यस्याः ताम् । वाचं वाणीम् । इति एवं प्रकारेण । उक्त्वा प्रोच्य । विरराम तूष्णीं स्थितः । रमि[२] क्रीडायाम् । लिट् । 'न पर्याङ्वे रमः' इति तङ्–निषेधः । अथ विरामानन्तरम् । परमेश्वरः परमश्चासौ ईश्वरश्च तथोक्तः श्रीधराचार्यवर्यः । गम्भीरां गम्भीरभूताम् । भारतीं वाणीम् । जगाद उवाच । गद व्यक्तायां वाचि । लिट् ॥५१॥ त्वयेत्यादि । नृप ! नृन् जनान् पातीति नृपः, तस्य संबुद्धिः । एवम् उक्तप्रकारेण । ब्रुवता ब्रूञ्[४] व्यक्तायां वाचि ब्रवीतीति ब्रुवन् तेन ब्रुवता शतृप्रत्ययः वदता इत्यर्थः । त्वया भवता । इदं सूक्तं प्रश्नवचनम्[५] । सत्यं तथ्यम् । कृतं विहितम्[६] । ईश्वरबुद्धयः[७] ईश्वराणां पुण्यवतां बुद्धयो मतयः । "ईश्वरो विभवैराढ्ये शम्भौ स्वामिनि मन्मथे ।" इति विश्वः । बुद्धीनां ज्ञानानाम् । उपर्युपरि पुरः पुरः । चरन्ति प्रवर्त्तन्ते । उपर्युपरि वैशद्यरूपेण वर्त्तन्ते इत्यर्थः । चर गतौ लट् ॥५२॥ जीवेत्यादि[८] । यत् जीवाजीवादितत्त्वम् । दृष्टं श्रुतम्[९] (?) । अस्पृष्टपरदूषणं न स्पृष्टम् अस्पृष्टं परेषां मिथ्यावादिभिरुक्तं दूषणं तथोक्तम् अस्पृष्टं परदूषणं यस्मिन् कर्मणि तत् । यथा येन प्रकारेण भवति । तथा तेन प्रकारेण । अहं श्रीधरमुनिः । तत्सर्वं तत्समस्तम् । ते तव । कथयामि ब्रवीमि । कथ वाक्यप्रबन्धे । लट् ॥५३॥ जीव इत्यादि । जीवः जीवपदार्थः, नास्तीति, अयम् एषः, पक्षः अङ्गीकारः । प्रत्यक्षादिनिराकृतः प्रत्यक्षानुमानादिप्रमाणैर्निराकृतः तिरस्कृतः[१०] । तत्र जीवो नास्तीति पक्षे हेतुं जीवो नास्त्यनुपलम्भादिति साधनम् । उपन्यस्य प्रयोज्य । स्वविडम्बनां स्वस्य विडम्बनां तिरस्कारम् । कः पुरुषः । कुर्यात् विधीयात् । डुकृञ् करणे । लिङ् ॥५४॥

---

बताइए ॥५०॥ इस प्रकार राजा पद्मनाभ उत्कृष्ट अर्थ-भरे शब्दोंमें अपनी बात कहकर चुप हो गये । इसके बाद मुनिराजने गम्भीर शब्दोंमें यों उत्तर दिया—॥५१॥ राजन् ! इस प्रकारसे अपनी बात कहकर तुमने इस कहावतको सत्य सिद्ध कर दिया कि 'पुण्यवान् पुरुषोंकी बुद्धि अन्य बुद्धिमानोंकी बुद्धिके आगे चलती है' ॥५२॥ जिन जीव और अजीव आदि तत्त्वोंके विषयमें तुमने पूछा है, उनको मैं तुम्हें ऐसे ढंगसे बतलाये देता हूँ, जिससे अन्यवादियोंके दोष उनका स्पर्श तक न कर सकें ॥५३॥ 'जीव नहीं है' यह तत्त्वोपप्लववादियोंका पक्ष प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे खण्डित है । ऐसी अवस्थामें 'क्योंकि उसकी उपलब्धि

---

१. अ °परहर्षणम् । २. आ रम् । ३. संबुद्धौ । ४. आ ब्रूङ् । ५. = सुभाषितम् । ६. आ श स कृतं विहितम् । इदं सूक्तं प्रश्नवचनम् । सत्यं तथ्यम् । ७. = प्रत्यग्रप्रतिभाः । ८. आ प्रतौ श्लोकस्यास्य व्याख्या नोपलभ्यते । ९. = पृष्टं जिज्ञासितम् । १०. = जीवो नास्तीति चार्वाकैरुपन्यस्यते । प्रसिद्धो धर्मी पक्षः, तत्र चार्वाकाप्रसिद्धस्य जीवस्य पक्षत्वकरणे स्वविडम्बनां कः कुर्यात् ? प्रसिद्धपक्षस्य हेतुविषयत्वं क्रियते । अथवा जीवो नास्ति, अनुपलब्धेः—इति भवतानुपलम्भविषयीक्रियमाणो जीवः पक्षः, प्रत्यक्षेणोपलम्भेन स्वसंवेदनलक्षणेनैव निराकृत इति ।

**प्रतिजन्तु यतो जीवः स्वसंवेदनगोचरः ।**
**सुखदुःखादिपर्यायैराक्रान्तः प्रतिभासते ॥ ५५ ॥**
**नचास्वविदितं[1] ज्ञानं वेद्यत्वात्कलशादिवत् ।**
**स्वात्मन्यपि क्रियादृष्टेर्दीपादेः स्वप्रकाशनात् ॥ ५६ ॥**
**विषयान्तरसंचारो न च स्यादस्ववेदिनः ।**
**अपरापरबोधस्य वेदनीयस्य संभवात् ॥ ५७ ॥**

---

प्रतीत्यादि । यतः यतः कारणात् । प्रतिजन्तु जन्तुं जन्तुं प्रति [इति] प्रतिजन्तु । अव्ययीभावः । स्वसंवेदनगोचरः स्वसंवेदनस्य सुखी अहं दुःखो अहम् इत्यादि स्वसंवेदनप्रत्यक्षस्य गोचरो विषयः । सुखदुःखादिपर्यायैः सुखं च दुःखं सुखदुःखं ते आदौ[2] येषां ते तथोक्ताः सुखदुःखादयश्च ते पर्यायाश्च तैः, आदिपदेन रागद्वेषादि [3]विपरिणामाः परिगृह्यन्ते । आक्रान्तः प्रापितः, जीवः जीवपदार्थः । प्रतिभासते प्रकाशते । भासि दीप्तौ । लट् ॥५५॥ न चेत्यादि । ज्ञानं धर्मि[4] । अस्वविदितं स्वविदितं न; अस्वविदितम् इति साध्यम् । वेद्यत्वात् ज्ञातुं योग्यत्वात् । इति प्रमेयत्वात्[5] हेतुः । कलशादिवत् इति दृष्टान्तः एवं न च[6] । स्वात्मनि स्वरूपे । क्रियावृत्तेः[7] क्रियायाः व्यापारस्य वृत्तेः प्रवृत्तेः[8] । दीपादेः प्रदीपादेः । आदिशब्देन सूर्यादिः[9], स्वप्रकाशनात्[10] स्वस्य प्रकाशनं प्रभासनं स्वप्रकाशनं तस्मात्, स्वप्रकाशनाभावे परप्रकाशनानुपपत्तिरित्यर्थः ॥५६॥ विषयेत्यादि । अस्ववेदिनः स्वव्यवसायरहितस्य ज्ञानस्य । विषयान्तरसंचारः विषयान्तरेषु परविषयेषु संचारः प्रवृत्तिः । न स्यात् न भवेत् ।

---

नहीं होती' यह हेतु देकर कौन अपना परिहास करावेगा ? ॥५४॥ 'अनुपलब्धि' हेतु देकर जीवका अभाव सिद्ध नहीं किया जा सकता; क्योंकि जगत्में जितने भी जन्तु हैं, उनमें जीवकी सत्ता स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध है—प्रत्येक जन्तुके–जीवके साथ सुख-दुःख आदि अवस्थाएँ लगी हुई हैं, और इसीलिए उन्हें 'मैं सुखी हूँ' ( सुखावस्थामें ) 'मैं दुःखी हूँ' ( दुःखावस्थामें ) इस प्रकारका स्पष्ट आभास होता रहता है ॥५५॥ यदि यह कहो कि 'ज्ञान स्वसंवेदी-अपनेको जाननेवाला नहीं है; क्योंकि उसे दूसरा ज्ञान जानता है, अतः वह वेद्य है । जैसे कलश आदि । जैसे कलश आदि अपनेको नहीं जानते, वैसे ज्ञान भी अपनेको नहीं जानता; क्योंकि अपनेमें क्रिया नहीं होती । जिस प्रकार नट नृत्यकलामें कितना ही कुशल क्यों न हो, पर वह स्वयं अपने ही कन्धेपर चढ़कर नृत्य नहीं कर सकता । इसी प्रकार ज्ञान कितना ही निर्मल हो, किन्तु वह अपनेको नहीं जान सकता ।' ठीक नहीं; क्योंकि अपनेमें भी क्रिया देखी जाती है । देखिए न, दीपक, चन्द्र और सूर्य आदि अपनेको भी प्रकाशित करते हैं । दीपक आदि अपनेको प्रकाशित करनेसे यदि प्रकाश्य हैं, तो अन्य पदार्थोंको प्रकाशित करनेके कारण प्रकाशक भी । इसी प्रकार ज्ञान अपनेको जानता है, अतः वेद्य है और अन्य पदार्थोंको जानता है, अतः वेदक भी ॥५६॥ यदि ज्ञान अस्वसंवेदी हो तो वह चेतन या अचेतन किसी भी पदार्थको नहीं जान सकता । यदि यह कहो कि 'पहले ज्ञानको दूसरा ज्ञान जान लेता है, अतः पहला ज्ञान पदार्थों-

---

१. इ नत्वास्व° । २. आ आदिः श स आदि । ३. आ 'वि' नास्ति । ४. श स धर्मी । ५. = इति हेतुः । ६. = वाच्यम् । ७. श स °वृत्ति । ८. = क्रियादृष्टेः क्रियादर्शनात् । ९. श स सूर्यादिः । १०. = प्रमाणाधीनत्वात् प्रमेयस्य । अतः प्रमाणमेव मीमांस्यते । ननु चेदं स्वसंवेदनलक्षणं प्रमाणमसिद्धमिति चेत्; उच्यते–न चेत्यादि । ज्ञानं-स्वसंवेदनम् अस्वविदितं भवति, वेद्यत्वात् । यद्वेद्यं तद् अस्वविदितम् । यथा कलशादिः । [ इति ] न च–न वाच्यम् । स्वात्मन्यपि क्रियादृष्टेः–क्रियादर्शनात् । दीपादेः स्वप्रकाशनात् यथा दीपः स्वं प्रकाशयन्नेवार्थं प्रकाशयति । तथा ज्ञानम् ।

अनवस्थालता च स्यान्नभस्तलविसर्पिणी ।
यदेवाविदितं तेषु तन्न पूर्वस्य वेदकम् ॥ ५८ ॥
तस्माद्विषयविज्ञानमप्रत्यक्षमवस्थितम् ।
तदप्रत्यक्षतायां च विषयस्यापि सा गतिः ॥ ५९ ॥
परोक्षादपि चेज्ज्ञानादर्थाधिगतिरिष्यते ।
परेण विदितोऽप्यर्थस्तथा स्वविदितो भवेत् ॥ ६० ॥
तस्मात्स्ववेदने सिद्धे प्रत्यक्षे सति युक्तितः ।
प्रत्यक्षबाधा न भवेत्कथं नास्तित्ववादिनाम् ॥ ६१ ॥

कस्मात्, इत्युक्ते । अपरापरबोधस्य अपरापरस्य उत्तरोत्तरस्य बोधस्य ज्ञानस्य । वेदनीयस्य ज्ञातव्यस्य । संभवात् अस्तित्वात् ॥५७॥ अनवस्थेत्यादि । तेषु अपरापरबोधेषु । यदेव ज्ञानम् । अविदितम् अज्ञातम् । ज्ञानम् । पूर्वस्य प्रथमज्ञानस्य । वेदकं बोधकम् । 'कृतकामुकस्य'—इत्यादिना कर्मणि षष्ठी । न भवति[1] । नभस्तलविसर्पिणी नभसः आकाशस्य तले प्रदेशे विसर्पिणी प्रसारिणी, अवसानरहितेत्यर्थः । अनवस्थालता अनवस्थैव अनवस्था दोष एव लता व्रततिश्च तथोक्ता । स्यात् । अस भुवि लिङ् ॥५८॥ तस्मादित्यादि । तस्मात् कारणात् । विषयविज्ञानं विषयस्य पदार्थस्य विज्ञानं परिज्ञानम् । अप्रत्यक्षं परोक्षम्[2] । अवस्थितं स्थितम्[3] । तदप्रत्यक्षतायां तस्य विषयपरिज्ञानस्याप्रत्यक्षतायां च । विषयस्यापि पदार्थस्यापि । सा परोक्षता । गतिः शरणम् । स्यादित्यध्याहारः ॥५९॥ परोक्षादित्यादि । परोक्षादपि अप्रत्यक्षादपि । ज्ञानात् परिज्ञानात् । अर्थाधिगतिः अर्थस्य विषयस्य अधिगतिः निश्चयः । इष्यते चेत् अङ्गीक्रियते चेत् । परेण अन्यज्ञानेन सन्तानान्तरज्ञानेन वा । विदितोऽपि ज्ञातोऽपि । अर्थः घटादिपदार्थः । तथा परप्रत्यक्षप्रकारेण । स्वविदितः स्वेन विदितो ज्ञातः । भवेत् स्यात् । भू सत्तायां लिङ् ॥६०॥ तस्मादित्यादि । तस्मात्[4] स्वेन ज्ञातः ( ? ) अन्यस्य ज्ञानेन स्वस्य ज्ञानं न जायते तस्मात् । युक्तितः विचारात् । स्ववेदने स्वस्य वेदनं तस्मिन् स्वसंवेदने प्रत्यक्षे—प्रत्यक्षप्रमाणे । सिद्धे निष्पन्ने सति । 'यदभावो भावलक्षणम्' इति सप्तमी । नास्तित्ववादिनां नास्तित्वं वदन्तीत्येवंशीलाः तेषां शून्यवादिनाम्[5] । प्रत्यक्षबाधा प्रत्यक्षेण प्रत्यक्ष-

को जान लेता है' तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि उत्तरोत्तर जितने भी ज्ञान होंगे, वे सब अगले-अगले ज्ञानके वेद्य ही तो होंगे ॥५७॥ पूर्व-पूर्व ज्ञानको उत्तरोत्तर होनेवाले ज्ञान जानकर उन्हें पदार्थोंको जानने योग्य बनाते रहेंगे, ऐसा माननेपर तो अनवस्था दोषकी बेल पूरे आकाशमें फैल जायेगी—आकाशकी तरह उसका भी अन्त नहीं आयेगा । उत्तरोत्तर होनेवाले ज्ञानोंको यदि स्वतः अस्वसंवेदी ही मानते हैं तो वे पूर्व-पूर्व ज्ञानको नहीं ही जान सकेंगे ॥५८॥ ऐसी अवस्थामें पदार्थोंको जाननेवाला ज्ञान अप्रत्यक्ष ही बना रहेगा । उसके अप्रत्यक्ष रहनेसे विषयकी भी वही गति होगी—वह भी अप्रत्यक्ष बना रहेगा ॥५९॥ यदि परोक्ष ज्ञानसे भी पदार्थोंका ज्ञान हो जाता है, यह स्वीकार करते हो तो एक मनुष्यने जिस पदार्थको जाना है, उसकी जानकारी दूसरेको भी हो जानी चाहिए ॥६०॥ इसलिए युक्तिबलसे स्वसंवेदन प्रत्यक्षके

१. = यदि ज्ञानमन्येन ज्ञानेन विदितं सद् वेदकं स्यात् तदा । २. आ प्रतावेव केवलं 'परोक्षम्' इत्युपलभ्यते । ३. आ निराकृतम् । ४. = तस्मात् कारणाद् युक्तितः प्रमाणोपपत्त्या स्ववेदने स्वसंवेदने नाम्नि प्रत्यक्षे प्रमाणे सिद्धे व्यवस्थापिते सति नास्तित्ववादिनां चार्वाकतत्त्वोपप्लवानां प्रत्यक्षेण बाधा प्रत्यक्षबाधा कथं न भवेत् ? अध्यक्षेण जीवमपह्नुवानानां तेषां प्रत्यक्षमेव जीवव्यवस्थापकं भवेत् इति भावः । ५. तत्त्वोपप्लववादिनाम् ।

जीवे सिद्धेऽपि गर्भादिमरणान्ते स्ववेदनात् ।
प्रागूर्ध्वं च कथं सिद्धस्तस्येति यदि मन्यसे ॥ ६२ ॥

सदकारणवत्त्वेन सिद्धा तत्राप्यनादिता ।
अनन्तता च वाय्वग्निपृथिवीपयसामिव ॥ ६३ ॥

न च सिद्धमहेतुत्वं हेतोः कस्याप्ययोगतः ।
भूतानां न च हेतुत्वं सहप्रत्येकपक्षयोः ॥ ६४ ॥

प्रमाणेन बाधा पीडा[1] । कथं केन प्रकारेण । न भवेत्, अपितु भवेदेव । भू सत्तायां लिङ् ॥६१॥ जीव इत्यादि । स्ववेदनात् स्वसंवेदनप्रत्यक्षात् । गर्भादिमरणान्ते गर्भ एवादिर्मरणमेवान्तो मरणान्तः; गर्भादिर्मरणान्तो यस्य[2] तस्मिन् । जीवे जीवपदार्थे । सिद्धेऽपि निष्पन्नेऽपि । तस्य जीवपदार्थस्य । प्राक् गर्भात् प्राक् । ऊर्ध्वं च मरणादूर्ध्वं च । चकारः समुच्चयार्थः । कथं केन प्रकारेण । सिद्धिः अस्तित्वम् । इति यदि मन्यसे जानासि । मनि ज्ञाने लट् ॥६२॥ सदित्यादि । तत्रापि जीवपदार्थेऽपि । सदकारणवत्त्वेन सतो नित्यस्याकारणवत्त्वं तेन, 'सदकारणवन्नित्यम्'[3] इत्यभिधानात् । वाय्वग्निपृथिवीपयसामिव वायुश्चाग्निश्च पृथिवी च पयश्च तथोक्तानि । अनादिता न विद्यते आदिर्यस्य [ सः ] अनादिः तस्य भावः तथोक्ता आदिरहितत्वम् । अनन्तता न विद्यतेऽन्तोऽवसानो [नं] यस्य [सः] अनन्तः तस्य भावोऽनन्तता अवसानराहित्यम् । सिद्धा निष्पन्ना[4] ॥६३॥ न चेत्यादि । अहेतुत्वम् असाधनत्वम्[5] । असिद्धम् अप्रसिद्धम् [अनिष्पन्नम्] । न च न भवति । कस्यापि हेतोः साधनस्य । अयोगतः अयोगादयोगतोऽघटनात् । सहप्रत्येकपक्षयोः सह सहितश्च प्रत्येकश्च सहप्रत्येकौ[6] ( ? ) तौ च तौ पक्षौ च तथोक्तौ, तयोः योगपद्य—अ(पा)र्थक्यपक्षयोः, वाय्वग्निपृथिवीपयांसि जीवस्य युगत्कारणानि पृथिव्याद्येकैकं प्रत्येकतया कारणम् इति सहप्रत्येकपक्षौ तयोरित्यर्थः । भूतानां पृथिव्यादीनाम् । हेतुत्वं

सिद्ध हो जानेपर तत्त्वोपप्लववादियोंको प्रत्यक्ष बाधा क्यों नहीं होगी ? ॥६१॥ यदि तुम स्वसंवेदन प्रत्यक्षके आधारपर गर्भसे लेकर मरण पर्यंत जीवको सत्ताको मानकर भी यह पूछो कि 'गर्भसे पहले और मरणके बाद उसकी सत्ता कैसे मानी जा सकती है ?' तो सुनो, जो पदार्थ सत् हों और जिनकी उत्पत्ति किसीसे न हुई हो, वे सब निश्चित ही अनादि और अनन्त होते हैं । जैसे पृथिवी, जल, अग्नि और वायु ॥६२-६३॥ जीवकी उत्पत्तिका कोई हेतु नहीं है—वह किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ, यह असिद्ध है, ऐसा भी नहीं कह सकते; क्योंकि उसकी उत्पत्तिका कोई हेतु सिद्ध नहीं है । यदि यह कहा जाये कि पृथिवी, जल, अग्नि और वायु ये चार भूत उसकी उत्पत्तिमें हेतु हैं, तो दो विकल्प उठते हैं—(१) चारों भूत मिलकर जीवकी उत्पत्तिमें हेतु हैं, (२) या एक-एक करके ? वे दोनों ही तरह जीवकी उत्पत्तिमें हेतु

१. विरोधः । २. श स यस्मिन् । ३. श स °वन्नित्याभिधानात् । ४. =वादिप्रतिवाद्यपेक्षया व्यवस्थाप्यमानो जीवः पक्षः, अनाद्यनन्तो भवति, सदकारणवत्त्वात् । येषां सदकारणवत्त्वं तेषामनाद्यनन्तत्वम् । यथा वाय्वग्निपृथिवीपयसाम् । सदकारणवांश्चासौ तस्मादनाद्यनन्तः । ५. अ आ इ न च न हेतु° = अकारणवत्त्वम् । ६. = सहपक्षो यौगपद्यपक्षः, प्रत्येकपक्षः क्रमपक्षः ।

प्रत्येकपक्षे जीवानां भूतसंख्या प्रसज्यते ।
सहपक्षेऽप्यसंविद्भ्यस्तेभ्यः स्याच्चेतनः कथम् ॥ ६५ ॥

सजातीयं ह्युपादानं दृष्टं घटपटादिषु ।
मृदादीनां हि हेतूनां घटाद्यनुगमेक्षणात् ॥ ६६ ॥

---

साधनत्वम् । न च भवेत् ॥६४॥ प्रत्येकेत्यादि । प्रत्येकपक्षे पृथक् पक्षे[1] । जीवानां जीवपदार्थानाम् । भूतसंख्या भूतानां पृथिव्यादीनां संख्या गणना । प्रसज्यते प्रशंस्यते[2] (?) सहपक्षेऽपि योगपद्यपक्षेऽपि । असंविद्भ्यः । न विद्यते संवित् येषां तेभ्योऽचेतनेभ्यः । तेभ्यः भूतचतुष्टयेभ्यः । चेतनः जीवपदार्थः । कथं केनप्रकारेण । स्यात् भवेत् न स्यादित्यर्थः । अस भुवि लिङ् ॥६५॥ सजातीयमित्यादि । घटपटादिषु घटश्च पटश्च घटपटौ तौ आदी[3] येषां तेषु घटपटादिपदार्थेषु । सजातीयं समानाजातिर्यस्य [तत्] सजातीयम्, 'जातेश्छः सामान्यवति' इति छ–प्रत्ययः, समानजातियुक्तम् । उपादानं त्यक्तात्यक्तरूपम् उपादानम्[4] इति लक्षणम्, मुख्यकारणमित्यर्थः । दृष्टं दृश्यते स्म दृष्टम् । हि स्फुटम् । हि यस्मात् । मृदादीनां मृत्पिण्डादीनाम्[5] । हेतूनां मुख्यकारणानाम् । घटाद्यनुगमेक्षणात् घटादिषु कलशादिषु अनुगमस्यान्वयस्य ईक्षणात् दर्शनात् । इदं हेतुरूपम् ॥६६॥

---

नहीं हो सकते । क्यों ? सुनिए—॥६४॥ यदि चार भूतोंमें-से किसी भी एकको जीवकी उत्पत्तिमें हेतु मान लिया जाये तो जीवमें उसकी संख्याका प्रसंग आयेगा—जिस भूतसे जीवकी उत्पत्ति होगी, उसके प्रत्येक कणमें जीवोत्पादनकी शक्ति होगी या उनके समुदायमें ? यदि प्रत्येकमें, तो जितनी संख्या कणोंकी होगी, उतनी ही जीवोंकी संख्या होगी । किन्तु किसी भी एक शरीरमें अनेक जीवोंकी उत्पत्ति मानना ठीक नहीं; क्योंकि सभी जीवोंकी अलग-अलग इच्छाएँ उत्पन्न होंगी, फलतः उन इच्छाओंकी पूर्तिके लिए सभी जीवोंमें सदा महाभारत छिड़ा रहेगा । यदि इस संख्याके प्रसंगसे बचनेके लिए किसी एक या चारों भूतोंके कण-समुदायमें जीवोत्पादनकी शक्ति मान ली जाये, तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि चाहे एक भूतके कण हों चाहे चारोंके, वे सबके सब अचेतन हैं, और अचेतनसे चेतनकी उत्पत्ति हो नहीं सकती । ऐसा एक भी उदाहरण नहीं जो अचेतनसे चेतनकी उत्पत्ति सिद्ध करनेमें सहायक हो ॥६५॥ प्रत्येक कार्यकी उत्पत्तिमें उपादान और निमित्त ये दो कारण होते हैं । उनमें उपादान कारण सदा सजातीय ही होता है, यह नियम है । घटकी उत्पत्तिमें उपादान कारण मिट्टी है और कपड़ेकी उत्पत्तिमें तन्तु । मिट्टी घड़ेकी सजातीय है और तन्तु कपड़ेके । इन सजातीय उपादान कारणोंका घड़े और कपड़ेमें सदा अन्वय बना रहता है, जिसे हम सब देखते ही हैं । अतः चारों भूत चूँकि जीवके सजातीय नहीं, विजातीय हैं, इसलिए उन्हें जीवकी उत्पत्तिमें उपादान कारण नहीं मान सकते । उन चारोंका जीवमें अन्वय भी तो हम नहीं देखते ॥६६॥

---

१. प्रत्येकभूताज्जीवो जायते-इति पक्षे । २. = भूतानां यावती संख्या तावती संख्या तदुत्पन्नानां जीवानामपि स्यादित्यर्थः । ३. श स आदिः । ४. = त्यक्तात्यक्तात्मरूपं यत्पूर्वापूर्वेण वर्त्तते । कालत्रयेऽपि तद् द्रव्यमुपादानमिति स्मृतम् । अष्टसहस्री–२१० । ५. श स मृद्घटादीनाम् ।

युज्यते व्यभिचारोऽपि न शृङ्गादेः शरादिना ।
तत्रापि पुद्गलत्वेन सजातीयत्वसंभवात् ॥ ६७ ॥
विजातिभ्योऽपि भूतेभ्यो जायते यदि चेतनः ।
पयसोऽपि भवेत्पृथ्वी तन्न तत्त्वचतुष्टयम् ॥ ६८ ॥
न चान्यदस्त्युपादानं भूम्यादिव्यतिरेकतः ।
भूतानां संहतिर्येन कल्प्येत[1] सहकारिणी ॥ ६९ ॥

युज्यत इत्यादि । शृङ्गादेः विषाणादेः सकाशात्—विजातीयादपि शृङ्गादेः शराद्युत्पत्तिदर्शनात् । शरादिना बाणादिना[2] व्यभिचारोऽपि अनैकान्तिकोऽपि । न युज्यते न संबध्यते[3] । तत्रापि शरादावपि । पुद्गलत्वेन गलति पूरयतीति पुद्गलः[4] तस्य भावः तेन अचेतनत्वेन । सजातीयत्व संभवात् समानजातियुक्तत्वस्य संभवात् सद्भावात् । इदमपि हेतुरूपम् । अचेतनेभ्योऽपि भूतेभ्यश्चेतनो जीवो जनिष्यते इति व्यभिचारिता न, सजातीयादेव सजातीयोत्पत्तिनियम इति चेत्, न युक्तम्, तत्रापि शरादिषु पुद्गलत्वेन[5] सजातीयत्वसंभवादिति भावः ॥६७॥ विजातिभ्योऽपीत्यादि[6] । यत्र कुत्रापि विजातिभ्योऽपि भूतेभ्यः पृथिव्यादिभ्यः । चेतनः जीवपदार्थः । जायेत उत्पद्येत । तत् तर्हि । पयसोऽपि जलादपि । पृथ्वी पृथिवी । भवेत् जायेत । तत्त्वचतुष्टयं चत्वारोऽवयवा अस्य चतुष्टयम् 'अवयवात्तयट्' तत्त्वानां चतुष्टयं तथोक्तम् । न नभवेत् । विजातीयाद्विजातीयोत्पत्तिरित्युक्ते भूत[7]चतुष्टयस्यैकत्वापत्तिः, तेषामन्योन्योत्पत्तिदर्शनादित्यर्थः ॥६८॥ न चेत्यादि । उपादानकारणानि मा भूवन् सहकारिकारणानि भविष्यन्तीत्यपि युक्तं न भवति, भूतचतुष्टयमन्तरेण पदार्थान्तराभावादनुपादानसिद्धिप्रसंगात् । तस्मात् कथं सहकारिकारणभावो भूतचतुष्टयस्येत्यभिप्रायेण न चान्यदपीत्याह । भूम्यादिव्यतिरेकतो भूम्यादिभ्यो व्यतिरेकतो भिन्नत्वात् । अन्यदपि अपरमपि । उपादानं मुख्यं कारणम् । न च न भवति । भूतानां पृथिव्या-

यदि यह कहा जाये कि 'सींग यद्यपि बाणका सजातीय नहीं है, फिर भी उससे बाण बनाया जाता है, अतः सजातीय ही उपादानकारण होता है, यह नियम कहाँ रहा ? वह तो व्यभिचरित हो जाता है।' तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि सींग पुद्गल है और बाण भी पुद्गल है, अतः दोनों सजातीय ही हैं, विजातीय नहीं। चारों भूत अचेतन हैं और जीव चेतन, अतः जीवकी उत्पत्तिमें वे सजातीय नहीं, विजातीय हैं ॥६७॥ यदि विजातीय भूतोंसे भी जीव उत्पन्न हो जाये तो जलसे पृथिवीकी भी उत्पत्ति हो जाये, और ऐसी दशामें आपके चार भूत तत्त्व भी सिद्ध नहीं हो सकेंगे ॥६८॥ पृथिवी आदि चार भूतोंको छोड़कर कोई पदार्थ जीवकी उत्पत्तिमें उपादानकारण नहीं है, जिससे भूत समुदायको उसकी उत्पत्तिमें सहकारी कारण माना जाय। अर्थात् यह नहीं कहा जा सकता कि जीवकी उत्पत्तिमें भूत समुदाय सहकारी कारण है। क्योंकि जीवकी उत्पत्तिमें यदि कोई उपादान कारण सिद्ध हो जाता तो भूत समुदायको उसमें सहकारी कारण कल्पित किया जा सकता था। उपादानके बिना सहकारी कारण

१. अ आ इ कल्पेत । २. श स शरादीनां बाणादीनाम् । ३. आ °बन्ध्यते । ४. = पूरयति गलतीति पुद्गलः पूरणाद् गलनाद्वा पुद्गलः । ५. श स °त्वेन न । ६. आ विजातीयेत्यादि । ७. श स °त्पत्तिरित्युक्ते भूत° ।

**न चोपादानधर्मोऽपि[1] कार्ये कोऽप्यवलोक्यते ।**
**शरीरे तदवस्थेऽपि जीवे विकृतिदर्शनात् ॥ ७० ॥**
**घटादिकारणेष्वेतन्मृदादिषु न चेष्यते ।**
**ततोऽनुमानबाधापि[2] पक्षं व्याघ्रीव वीक्षते[3] ॥ ७१ ॥**

---

दीनाम् । संहतिः समूहः । सहकारिणी सहकारिकारणभूता । येन कथं कल्प्येत ? काकुः ॥६९॥ न चेत्यादि । काये देहे । कोऽपि[4] उपादानधर्मः उपादानस्य मुख्यकारणस्य धर्मोऽपि स्वरूपमपि । न चावलोक्यते न च दृश्यते । शरीरे देहे[5] । तदवस्थेऽपि पूर्वाकारसहिते सत्यपि । जीवे जीवपदार्थे । विकृतिदर्शनात् विकृतेर्विकारस्य दर्शनात् अवलोकनात् ॥७०॥ घटादीत्यादि । घटादिकारणेषु घटादीनां कारणेषु मृदादिषु मृदादिर्येषां तेषु मृत्पिण्डादिषु । एतत् चैतन्यम् । न चेष्यते नाङ्गीक्रियते । इष इच्छायाम् । कर्मणि लट् । ततो मृदादिषु चैतन्याभावादेव । अनुमानबाधापि अनुमानप्रमाणेन बाधापि[6] । व्याघ्रीव शार्दूलीव । पक्षं जीवो नास्तीति पक्षम् ।

---

कार्यकी उत्पत्ति नहीं कर सकता है ॥६९॥ यदि यह कहो कि जीवकी उत्पत्तिमें उसका शरीर उपादान कारण है, तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि आत्मामें उपादानरूप शरीरका स्वभाव नहीं देख पड़ता । उपादान कारणमें यदि कोई विकार उत्पन्न हो तो उसका प्रभाव कार्यपर अवश्य ही पड़ता है, किन्तु शरीरके ज्यों-के-त्यों बने रहनेपर भी जीवमें विकार देखा जाता है । यदि शरीर उपादान कारण होता तो उसके अविकृत रहनेपर जीवको भी अविकृत रहना चाहिए । उपादानका धर्म उपादेयपर अपना प्रभाव अवश्य ही डालता है । यदि शरीरको उपादान और आत्माको उपादेय मानते हैं, तो आत्मामें शरीरका कोई धर्म अवश्य देख पड़ना चाहिए, किन्तु नहीं देख पड़ता—शरीर आँखोंसे देख लिया जाता है, किन्तु आत्मा आँखोंसे कभी नहीं देखा जा सकता; शरीरमें अनेक विकार देखे जाते हैं, किन्तु वे आत्मामें नहीं देखे जाते; शरीरके बलमें न्यूनता देखनेपर भी आत्माके बलमें अधिकता देखी जाती है । अतः शरीर आत्माका उपादान कारण नहीं माना जा सकता है ॥७०॥ घट आदि पदार्थोंके जो मिट्टी आदि उपादान कारण हैं, उनमें यह बात नहीं देखी जाती कि मिट्टी आदि उपादान कारणमें विकार होनेपर भी घट आदिमें विकार न हो । अतः अनुमान बाधा भी आपके पक्षपर व्याघ्रीकी तरह क्रूर दृष्टि डाल रही है । चवालीसवें श्लोकमें तत्त्वोपप्लववादीने कहा था कि जीव पदार्थकी कोई प्रमाणसिद्ध सत्ता नहीं है । उसके 'जीव नहीं है' इस पक्षमें चौवनसे इकसठवें श्लोक तक प्रत्यक्ष-स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे बाधा दिखलाई थी । उसके पश्चात् बासठवें श्लोकसे बहत्तरवें श्लोक तक अनुमान बाधा दिखलाई गयी । स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे गर्भसे लेकर मरण पर्यन्त जीवकी सत्ता सिद्ध होती है और 'जीव अनादि और अनन्त है; क्योंकि वह सत् पदार्थ है और उसकी उत्पत्ति किसी अन्य पदार्थसे नहीं हुई है । जैसे भूत चतुष्टय' इस अनुमानसे जीवकी अनादिता और अनन्तता सिद्ध होती है और इसलिए यही अनुमान पूर्व पक्षीके पक्षमें बाधा उपस्थित करता है ॥७१॥

---

१. अ मद्योपादानधर्मोऽपि । २. म °बाधादि । ३. अ व्याघ्रावतीक्षते । ४. आ कापि । ५. श स शरीरी देही । ६. =घटादिकारणेषु मृदादिषु, एतद्भिन्नलक्षणत्वं नेष्यते च, ततस्तस्मादनुमानबाधापि पक्षं वीक्षते । व्याघ्रीवत् । यथा प्रत्यक्षेण पक्षबाधा तथानुमानतोऽपीति रहस्यम् ।

हेतुश्चानुपलम्भादिरसिद्धोऽभावसाधने ।
तस्य स्ववेदनाध्यक्षादुपलम्भस्य संभवात् ॥ ७२ ॥
न चात्मभूतयोरैक्यं चिदचिद्रूपभेदतः ।
विभिन्नप्रतिभासित्वाद्भेदलक्षणसंभवात् ॥ ७३ ॥
इत्थमात्मनि संसिद्धेऽनित्यत्वैकान्तकल्पना ।
तस्यान्यैः क्रियते तेऽपि प्रत्यक्षेणैव बाधिताः ॥ ७४ ॥
यतः स्ववेदनादात्मा[1] सुखदुःखादिपर्ययैः ।
विवर्तमानः सततं प्रतिप्राणि प्रकाशते ॥ ७५ ॥

वीक्षते पश्यति । ईक्षि दर्शने । लट् ॥७१॥ हेतुरित्यादि । अभावसाधने अभावस्य नास्तित्वस्य साधने । अनुपलम्भादिः अप्रमेयत्वादिः । हेतुः साधनम् । असिद्धः असत्सत्तानिश्चयरूपः । कस्मादित्युक्ते, तस्य चैतन्यस्य, स्ववेदनाध्यक्षात् स्ववेदनं तच्च तदध्यक्षं च प्रत्यक्षं च तस्मात्, स्वसंवेदनप्रत्यक्षादित्यर्थः । उपलम्भस्य अस्तित्वस्य । संभवात् सद्भावात् ॥७२॥ न चेत्यादि । चिदचिद्रूपभेदतः[2] चिच्च अचिच्च चिदचितौ तयोः रूपं भेदस्तस्मात् ततः, चेतनाचेतनस्वरूपविशेषात् । विभिन्नप्रतिभासित्वात् विभिन्नेन भेदेन प्रतिभासत्वात् प्रकाशत्वात् । भेदलक्षणसंभवात् भेदलक्षणस्य संभवात् सद्भावात् । आत्मभूतयोः चेतनाचेतनयोः । ऐक्यम् अभेदः । न च नच भवति ॥७३॥ इत्थमित्यादि । इत्थम् अनेन प्रकारेण[3] । आत्मनि चैतन्यपदार्थे । संसिद्धे निष्पन्ने सति । तस्य जीवपदार्थस्य । यैः वादिभिः । नित्यत्वैकान्तकल्पना नित्यत्वमेवैकान्तः तस्य कल्पना । क्रियते विधीयते । तेऽपि वादिनः । प्रत्यक्षेणैव प्रत्यक्षप्रमाणेनैव । बाधिताः बाध्यन्ते स्म बाधिताः । क्त-प्रत्ययः॥७४॥ यत इत्यादि । यतः यस्मादित्युक्ते । सुखदुःखादिपर्ययैः[4] सुखं च दुःखं च सुखदुःखे ते आदिः[5] येषां ते च ते पर्यायाश्च[6] तैः सुखदुःखादिपरिणामैः । सततम् अनवरतम् । विवर्तमानः प्रवर्त्तमानः विकुर्वाणो वा । आत्मा जीवपदार्थः । स्ववेदनात् स्वसंवेदनप्रत्यक्षात् । प्रतिप्राणि प्राणिषु प्राणिषु प्रतिप्राणि । विभक्त्यर्थेऽव्ययीभावः ।

जीवका अभाव सिद्ध करनेके लिए तत्त्वोपप्लववादीने जो अनुपलम्भ ( 'अनुपलम्भात्'—'उपलब्धि न होनेसे' यह ) हेतु दिया है, वह असिद्ध है; क्योंकि स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे उसका सद्भाव सिद्ध है ॥७२॥ दूसरी बात यह है कि जीव तथा भूतोंमें एकता नहीं मानी जा सकती; क्योंकि उनके स्वरूप भिन्न-भिन्न हैं—जीवका स्वरूप चेतन और भूतोंका स्वरूप अचेतन है। जीव और भूतोंका पृथक्-पृथक् प्रतिभास होता है। जिस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रतिभास होनेसे पृथ्वी आदि चार भूतोंको पृथक्-पृथक् स्वीकार किया है, इसी प्रकार जीवका भी तो भूतोंसे भिन्न प्रतिभास होता है। अतः उसे भी भूतोंसे भिन्न मानना चाहिए । जीव और भूतोंमें भेद सिद्ध करनेवाले उनके भिन्न लक्षण पाये जाते हैं ॥७३॥ इस प्रकार जीवकी सिद्धि हो जानेपर जो (सांख्य) लोग उसे सर्वथा नित्य मानते हैं, उनका भी खण्डन प्रत्यक्षसे ही हो जाता है ॥७४॥ क्योंकि प्रत्येक प्राणी स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे यह सदैव अनुभव करता है कि उसकी आत्मा कभी सुखकी अवस्थाको और कभी दुःखकी अवस्थाको प्राप्त होता है—उसकी सुख-दुःखकी अवस्था बदलती रहती है। आत्मा द्रव्य है और सुख-दुःखादि उसकी पर्यायें हैं। गुण और पर्यायोंके समुदायको द्रव्य कहते हैं। पर्यायोंके परिवर्त्तनका प्रभाव द्रव्यपर भी पड़ता है। अतः पर्यायोंकी अनित्यताके कारण द्रव्य भी कथञ्चित् अनित्य ठहरता है।

१. म °दनावात्या । २. श स जीवचिद्रू° । ३. आ श स °कारेणेत्थम् । ४. आ श स °पर्यायैः । ५. = आदौ । ६. = पर्ययाश्च ।

सुखदुःखादिपर्याया जीवान्न च विभेदिनः ।
तस्यायमिति[1] सम्बन्धकल्पनानुपपत्तितः ॥ ७६ ॥
नित्यस्यानुपकारित्वात्समवायो न युज्यते ।
उपकाराश्रया सर्वा संबन्धसमवस्थितिः ॥ ७७ ॥
उपकारोऽपि भिन्नत्वात्तस्येति कथमुच्यते ।
उपकारान्तरापेक्षा विदध्यादनवस्थितिम् ॥ ७८ ॥

---

प्रकाशते प्रतिभासते । काशि दीप्तौ लट् ॥७५॥ सुखेत्यादि । सुखदुःखादिपर्यायाः सुखदुःखादिपरिणामाः । जीवात् चैतन्यपदार्थात् । विभेदिनः अत्यन्तं भिन्नरूपाः[2] । न च न च भवन्ति । कस्मादिति चेत्—तस्य जीवपदार्थस्य अयम् इति[3] एष पर्याय इति संबन्धकल्पनानुपपत्तेः संबन्धस्य समवायादेः कल्पनायाः अनुपपत्तेरभावात् ॥७६॥ नित्यस्येत्यादि । समवायसंबन्धो वर्तते इत्युक्ते—नित्यस्य सर्वथा नित्यपदार्थस्य । अनुपकारित्वात् उपकाररहितत्वात् । समवायः समवायाख्यसंबन्धः । न युज्यते न संबध्यते । युजूञ् योगे कर्मणि लट् । सर्वा समस्ता । संबन्धसमवस्थितिः सम्बन्धस्य समवायादेः समवस्थितिः संप्राप्तिः । उपकाराश्रया उपकार एवाश्रय आधारो यस्याः सा तथोक्ता ॥७७॥ उपकार इत्यादि । उपकारोऽपि प्रकृतोपकारोऽपि । भिन्नत्वात् उपकारिणः सकाशात् सर्वथा भिन्नत्वात् पृथक्त्वादित्यर्थः । तस्येति तस्य उपकारिणोऽयमुपकार इति । कथं केन प्रकारेण । उच्यते भाष्यते । ब्रूञ् व्यक्तायां वाचि कर्मणि लट् । 'अस्ति ब्रुवोर्भूवचौ' इति वचादेशः । 'स्व्या—' इत्यादिना य इग् रूपस्य वकारस्य इग्रूप उकारादेशः । उपकारान्तरापेक्षप्रकृतोपकारादन्य उपकार उपकारान्तरं तस्यापेक्षा वर्तते चेत् न ।

---

अतः उसे सर्वथा नित्य मानना ठीक नहीं ॥७५॥ सुख-दुःख आदि अवस्थाएँ जीवसे भिन्न नहीं हैं । यदि इन अवस्थाओंको जीवसे भिन्न माना जाये तो 'ये अवस्थाएँ—पर्यायें इस जीवकी हैं' इस प्रकारके सम्बन्धकी कल्पनाएँ नहीं हो सकती ॥७६॥ यदि कहा जाये कि पर्यायोंके साथ जीवका समवाय सम्बन्ध है तो यह कहना ठीक नहीं; क्योंकि वैशेषिक लोग समवायको सर्वथा नित्य मानते हैं । सर्वथा नित्य होनेसे वह किसीका उपकार नहीं कर सकता । फलतः समवाय सम्बन्धसे भी पर्यायोंके साथ जीवका सम्बन्ध नहीं हो सकता । उपकारके आधारपर ही सम्बन्धोंकी व्यवस्था की जाती है । जब समवाय उपकार नहीं कर सकता, तो वह द्रव्य और पर्यायोंके बीच कैसे माना जा सकता है ? ॥७७॥ अच्छा, थोड़ी देरको यह मान भी लें कि समवाय उपकार करता है, तो उपकार तो अभी-अभी उत्पन्न हुआ है, अतः वह अनित्य है और समवाय नित्य है । ऐसी स्थितिमें उपकारको समवायसे भिन्न मानना होगा । भिन्न मान लेनेपर 'यह उपकार समवायका है' वह कैसे सिद्ध होगा ? यदि प्रस्तुत समवायका उसके उपकारके साथ सम्बन्ध सिद्ध करनेके लिए दूसरे समवायको माना जाय, तो फिर यह प्रश्न होगा कि दूसरे समवायका उसके उपकारके साथ सम्बन्ध कैसे होगा ? इसके उत्तरमें भी यह कहा जाय कि तीसरा समवाय मान लिया जायगा तो फिर वही प्रश्न होगा । फलतः अनवस्था हो

१. अ आ इ क ख ग घ म तस्यामी इति । २. आ श स °त्यन्तभिन्न° । ३. 'तस्यायमिति' टीकाकृदभिमतः पाठः, सर्वासु प्रतिषु 'तस्यामी इति' इत्येव समुपलभ्यते । पञ्जिकायामपि 'तस्यामी इति' इति वर्तते—'ते च सुखदुःखादि पर्याया जीवात् सर्वथा विभेदिन इति चेत्, न, भेदे सति 'तस्यामी' इति संबन्धानुपपत्तेः ।'

स्यादभिन्नस्ततो जीवः सुखदुःखादिपर्ययैः ।
तथा च[1] परिणामित्वात्कथं कूटस्थनित्यता ॥ ७९ ॥
एतेन जडतां तस्य ब्रुवाणा विनिवारिताः ।
चिद्रूपसुखदुःखादिपर्यायैरैक्यसंभवात् ॥ ८० ॥
न चाप्यकर्तृता तस्य बन्धाभावादिदोषतः ।
कथं ह्यकुर्वन्बध्येत कुशलाकुशलक्रियाः ॥ ८१ ॥

अनवस्थितिं[2] मूलक्षयकरीम्[3] । विदध्यात् कुर्यात् । डुधाञ् धारणे च कर्त्तरि लिङ् ॥७८॥ स्यादित्यादि । ततः अनवस्थादोषात् । जीवः चैतन्यपदार्थः । सुखदुःखादिपर्ययैः सुखदुःखादिपरिणामरूपैः । अभिन्नः अभेदरूपः । स्यात् यदि भवेत् । अस भुवि लिङ् । तथा च परिणामित्वात् पूर्वाकारं त्यजत्युत्तराकारमवाप्नोति केनचित्प्रकारेण तिष्ठतीति परिणामी तस्मात् परिणामरूपपर्यायादभिन्नत्वात् नित्यस्य कूटस्थनित्यता त्रिकालव्याप्तिरूपनित्यत्वम् । कथं केन [ प्रकारेण ] स्यात्[4] ? ॥७९॥ एतेनेति । एतेन[5] अनेन नित्यत्वाभावेन । तस्य जीवस्य । जडताम् अज्ञत्वम् । ब्रुवाणाः भाषमाणाः । विनिवारिताः निराकृताः । कस्मादिति चेत्—चिद्रूपसुखदुःखादिपर्यायैः चित्[6] चेतनाया रूपैः सुखदुःखादिभिः सुखदुःखप्रमुखैः पर्यायैः परिणामैः। ऐक्यसंभवात् ऐक्यस्य एकत्वस्य संभवात् सद्भावात्, चेतनास्वरूपसुखदुःखादिपरिणामैरभिन्नत्वादित्यर्थः ॥८०॥ न चेति । तस्य जीवपदार्थस्य । अकर्तृता[7] पुण्यपापाद्यकर्तृत्वम् । न च न च भवति । बन्धाभावादिदोषतः बन्धस्य पुण्यपापादिबन्धस्याभावः तथोक्तः स एवादिर्यस्य, बन्धाभावादिश्चासौ दोषश्च तस्मात् ततः । कुशलाकुशलक्रियाः पुण्यपापकर्माणि[8] । अकुर्वन् न करोतीत्यकुर्वन् । शतृ प्रत्ययः । कथं हि येन हि ( केन प्रकारेण हि ) । बध्येत[9] । बधि

जायगी ॥७८॥ इसलिए यह सिद्ध है कि सुख-दुःख आदि पर्यायोंके साथ जीवका कथञ्चित् अभेद है । और इसीलिए यह निश्चित है कि वह परिणमनशील है । ऐसी स्थितिमें जीव कूटस्थ नित्य कैसे हो सकता है ? ॥७९॥ 'सुख-दुःख आदि पर्यायें आत्मासे भिन्न हैं' इस सिद्धान्तके खण्डनसे आत्माको जड़ माननेवालोंका भी खण्डन हो जाता है । क्योंकि चेतन स्वरूप सुख-दुःख परिणामोंके साथ उसका अभेद सम्भव है (भेद[10] नहीं) ॥८०॥ सांख्योंका जीवको अकर्त्ता मानना भी ठीक नहीं; क्योंकि अकर्त्ता माननेसे कर्मबन्धका अभाव हो जायगा । ध्यान देनेकी बात है, यदि जीव अच्छे-बुरे काम नहीं करेगा तो उसे पुण्य-पापका बन्ध कैसे होगा ? अच्छे काम करनेसे पुण्य बन्ध होता है और बुरे काम करनेसे पापबन्ध । जीवको अकर्त्ता माननेसे ये बन्ध नहीं होगा और बन्धके न होनेपर मोक्ष कैसे होगा ? ॥८१॥

१. अ आ इ क ख ग घ म तथापि । २. = अस्ति नित्यस्योपकारित्वमिति चेत्, तस्मादुपकारोऽभिन्नो भिन्नो वा ? अभिन्नश्चेत् तत्समः, भिन्नश्चेत् संबन्धासिद्धिः । उपकारान्तरमपेक्ष्य संबन्धकरणेऽनवस्थितिः स्यात् । ३. = 'मूलक्षयकरीमाहुरनवस्थां च दूषणम् ।' ४. = 'परिणामप्रक्लृप्तिश्च नित्यत्वैकान्तबाधिनी ।' ५. = एतेन कूटस्थतानिराकरणेन तस्यात्मनो जडतामज्ञत्वं ब्रुवाणा नैयायिकविशेषा विनिवारिताः–प्रक्षिप्ताः; चिद्रूपसुखदुःखादिपर्यायैर्विवर्तैरैक्यसंभवात्, परिणामित्वेनैक्यघटनात् । ६. श स चेतश्चे° । ७. = तर्हि आत्माऽकर्त्ता–इति चेत्, तस्यात्मनोऽकर्तृतापि न च, बन्धाभावादिदोषात् । हि यस्मात् । कुशलाकुशलक्रियाः—मनोज्ञामनोज्ञकार्याणि अकुर्वन्नात्मा कथं बध्येत ? न कथमपि । ८. श स °कर्मणो । ९. = बद्धो भवेत् । १०. वैशेषिक लोग यह मानते हैं कि सुख-दुःख आदि आत्मासे भिन्न हैं और वे यह भी मानते हैं कि ज्ञान आत्मासे भिन्न है । इनकी यह भी मान्यता है कि आत्मा स्वयं न आत्मा है और न अनात्मा, किन्तु आत्मत्वके समवायसे आत्मा है ।

भुक्तिक्रियायाः कर्तृत्वं भोक्तात्मेति स्वयं वदन् ।
तदेवापह्नुवानः सन्किं न जिह्रेति कापिलः ॥ ८२ ॥
अचेतनस्य बन्धादिः प्रधानस्याप्ययुक्तिकः ।
तस्मादकर्तृता पापादपि पापीयसी मता ॥ ८३ ॥
चित्तसंततिमात्रत्वमप्ययुक्तं प्रकल्पितम् ।
संतानिव्यतिरेकेण यतः काचिन्न संततिः ॥ ८४ ॥
व्यतिरेकेऽपि नित्यत्वं संतानस्य यदीष्यते ।
प्रतिज्ञाहानिदोषः स्यात्क्षणिकैकान्तवादिनाम् ॥ ८५ ॥

बन्धने कर्मणि लिङ् ॥८१॥ भुक्तीति । आत्मा जीवपदार्थः । भोक्ता सुखादिभोक्ता । इति एवम् । भुक्ति-[2]क्रियायां भुक्तेरनुभवस्य क्रियायां कार्ये । कर्तृत्वं स्वतन्त्रत्वम् । स्वयं वदन् वदतीति वदन् ब्रुवन् । कापिलः सांख्यः । तदेव कर्तृत्वमेव । अपह्नुवानः सन् अपह्नुते इति अपह्नुवानः अपलपन् सन् । किं किं निमित्तम् । न जिह्रेति लज्जां न प्राप्नोति । ह्री लज्जायां लट् । आत्मनः स्वयं कर्तृत्वोपगमाभावे भोक्तृत्वं न घटते इति तात्पर्यम् ॥८२॥ अचेतनस्येति[3] । अचेतनस्य अचेतनद्रव्यस्य । प्रधानस्यापि प्रकृतितत्त्वस्यापि । अयुक्तितः[4] अयुक्तेरयुक्तितः । प्रधानस्य शुभाशुभकर्मकरणे युक्तेरसंभवात् । बन्धादिः कर्मबन्धादिः । न न भवति । तस्मात् युक्तेरभावात् । अकर्तृता अकर्तृत्वम् । पापादपि कष्टादपि । पापीयसी[5] अतिशयेन पापरूपेति । मता मन्यते स्म मता ज्ञाता ॥८३॥ चित्तेति । यतः यस्मात् । संतानिव्यतिरेकेण संतानिनमन्तरेण । काचित् एका । संततिः संतानः । न न भवति । चित्तसंततिमात्र [ त्व- ] मपि चित्तस्य चेतसः[6] संततिरेव संततिमात्रं तस्य भावः तत्त्वम् । तदपि [7]अयुक्तप्रकल्पितम् अयुक्तेन युक्तिरहितेन प्रकल्पितं विहितम् ॥८४॥ व्यतिरेक इति । व्यति-रेकेऽपि संतानिव्यतिरेकेऽपि[8] सति । संतानस्य संततेः । नित्यत्वं स्थिरत्वम् । यदीष्यते यद्यङ्गीक्रियते । तर्हि ।

'आत्मा भोक्ता है' यह कहकर सांख्यने स्वयं ही यह स्वीकार कर लिया कि वह 'भुक्ति' क्रियाका कर्त्ता है, किन्तु फिर भी उसके कर्त्तृत्वको छिपाते हुए उसे क्यों संकोच नहीं होता ? आत्माको कर्त्ता माने बिना उसे भोक्ता नहीं माना जा सकता ॥८२॥ यदि यह कहा जाय कि यह प्रधान-प्रकृतिके बन्ध आदि होते हैं, तो यह भी युक्तिसङ्गत नहीं; क्योंकि वह अचेतन है। अचेतनको न बन्ध होता है और न मोक्ष। इसलिए आत्माको अकर्त्ता मानना पाप है, पाप ही नहीं महापाप है ॥८३॥ बौद्ध लोगोंकी कल्पना है कि केवल चित्त सन्तान—ज्ञानधारा ही आत्मा है, यह भी असङ्गत है; क्योंकि सन्तानी—सन्तानवान् द्रव्यके बिना कोई भी सन्तान—गुण या पर्याय सम्भव नहीं। गुण, द्रव्यको आश्रय बनाकर उसीमें रहते हैं। द्रव्यके बिना गुण नहीं रह सकते, यह सभी दार्शनिक स्वीकार करते हैं। बौद्ध ज्ञानकी धाराको ही आत्मा मानते हैं, किन्तु ज्ञानकी धारा तो गुण है, अतः गुणी-आत्माके बिना गुण-ज्ञानधाराकी सत्ता कैसे रह सकती है ? ॥८४॥ यदि आप सन्तानको सन्तानीके अभावमें भी मानते हैं, तो हम आपसे पूछते हैं कि वह सन्तान नित्य है या अनित्य ? यदि आप नित्य मानते हैं, तो आपकी

१. श्र सत्तादि॰ । २. 'भुक्तिक्रियायां' इति टीकाकारधृतः पाठः । सर्वासु प्रतिषु तु 'भुक्तिक्रियायाः' इत्येव दृश्यते । ३. आ श स ॰चेतनेति । ४. अयमपि पाठः टीकाकृताधृतः, प्रतिषु तु 'अयुक्तिकः' इत्येव समुपलभ्यते । ५. = नन्वात्मा न बध्यते, इति चेत्, न, अचेतनस्य प्रधानस्य बन्धादिरप्ययुक्तिकः, चेतन एव बध्यते—इत्यर्थः । तस्मादात्मनोऽकर्तृता पापादपि पापीयसी । ६. = ज्ञानस्य । ७. प्रतिषु तु 'अयुक्तं' इत्येवास्ति । ८. = संतानिनः सकाशाद् भिन्नत्वेऽपीत्यर्थः ।

**क्षणिकत्वेऽपि संतानिपक्षनिक्षिप्तदूषणम् ।**
**कृतनाशादिकं तस्य सर्वमेव प्रसज्यते ॥ ८६ ॥**
**न च व्यापकता तस्य घटनामुपढौकते ।**
**स्वसंविदितरूपस्य बहिर्देहादवेदनात् ॥ ८७ ॥**
**तस्मादनादिनिधनः स्थितो देहप्रमाणकः[1] ।**
**कर्ता भोक्ता चिदाकारः[2] सिद्धो जीवः प्रमाणतः ॥ ८८ ॥**

क्षणिकैकान्तवादिनां सर्वं क्षणिकमिति क्षणिकैकान्तवादिसौगतानाम्[3] । प्रतिज्ञाहानिदोषः[4] प्रतिज्ञायाः संगरस्य[5] हानिरेव दोषः । स्यात् भवेत् । नित्यत्वाङ्गीकारादेव क्षणिकैकान्त इति प्रतिज्ञाहानिदोषः ॥८५॥ क्षणिकत्व इति । क्षणिकत्वेऽपि संतानस्य क्षणिकधर्मवत्त्वेऽपि । तस्य आत्मनः । कृतनाशादिकं कृतस्य पापादेः नाशादिकं कृतनाशाकृताभ्यागमादिकम्[6] । सर्वमेव सकलमेव । [7]संतानिपक्षनिक्षिप्तदूषणं संतानस्य[8] पक्षे निक्षिप्तं प्रोक्तं तच्च तद्दूषणं च तथोक्तम् । प्रसज्यते प्राप्यते ॥८६॥ न चेति । तस्य जीवस्य । व्यापकता विभुत्वम् । घटनां व्यापृतिम् । न चोपढौकते नोपयाति । स्वसंविदितरूपस्य स्वेन संविदितं ज्ञातं रूपं स्वरूपं यस्य तस्य । देहात् शरीरात् । बहिः बाह्ये । अवेदनात् अदर्शनात्[9] । आत्मनो व्यापकत्वे देहादपि बहिः दृश्यतामित्यर्थः ॥८७॥ तस्मादिति । तस्मात् देहाद्बहिर्दर्शनं न भवति यस्मात् तस्मात्[10] अनादिनिधनः आदिश्च निधनं च आदिनिधने, न विद्येते आदिनिधने यस्य स तथोक्तः, आद्यन्तरहित इत्यर्थः । स्थितः नित्यरूपः । देहप्रमाणकः देह एव प्रमाणं यस्य तथोक्तः, स्वीकृतदेहप्रमाण इत्यर्थः । कर्त्ता पुण्यपापयोः कर्त्ता । भोक्ता पुण्यपापजनित-सुखदुःखादीनां भोक्ता भुंजानः । चिदाकारः चिदेवाकारो यस्य तथोक्तः, चैतन्यरूप इत्यर्थः । प्रमाणतः प्रत्यक्षादि-

यह प्रतिज्ञा कि 'सर्वं क्षणिकं सत्त्वात्'—'सभी पदार्थं क्षणिक हैं; क्योंकि वे सत् हैं' टूट जायगी, और प्रतिज्ञाका भङ्ग (टूटना) एक महान् दोष है, जिससे आप नहीं बच सकेंगे ॥८५॥ यदि इस दोषसे बचनेके लिए आप सन्तानको क्षणिक स्वीकार करते हैं, तो क्षणिक सन्तानीके माननेमें जो कृतनाश आदि दोष दिये जाते हैं, वे सब-के-सब सन्तानमें भी आयेंगे – यदि सन्तान क्षणिक मानी जाय तो जो सन्तान क्षण अच्छे-बुरे कर्म करेगा, वह दूसरे क्षणमें तो रहेगा नहीं, फलतः जो दूसरे क्षणमें उत्पन्न होगा, वह उसके फलको भोगेगा । ऐसी अवस्थामें करनेवाले सन्तान क्षणको कृतनाश और न करनेवाले भोक्ता सन्तान-क्षणको अकृताभ्यागमका दोष लगेगा ॥८६॥ कुछ दार्शनिक आत्माको व्यापक मानते हैं । किन्तु उनका यह मानना ठीक नहीं; क्योंकि उसकी व्यापकता सिद्ध नहीं होती । शरीरके भीतर उसकी सत्ता स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध है पर शरीरके बाहर रहनेवाली आत्माकी सत्ता स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध नहीं है ॥८७॥ अतः प्रमाणके आधारपर जीव अनादि—आदिरहित; अनिधन—अन्तरहित; नित्य; शरीर-प्रमाण; अच्छे-बुरे कर्मोंका कर्त्ता तथा उनके फलका भोक्ता और चेतनास्वरूप सिद्ध होता

१. अ आ इ °प्रमाणतः । २. अ आ इ चिदाकारः । ३. =क्षणिकैकान्तं वदन्तीत्येवं शीलाः क्षणिकैकान्तवादिनः तेषां सौगतानामित्यर्थः । ४. =संतानिनः सकाशात् सन्ततिर्भिन्नाऽभिन्ना वा ? यद्यभिन्ना तर्हि तत्समा, अभिन्ना चेत्, नित्याऽनित्या वा ? नित्यत्वे क्षणिकैकान्तवादिनां प्रतिज्ञाहानिदोषः स्यात् । 'सर्वं क्षणिकं सत्त्वात्' इति तेषां प्रतिज्ञा । ५. आ अङ्गस्य । ६. = 'कृतप्रणाशाकृतकर्मभोगभवप्रमोक्षस्मृतिभङ्ग-दोषान् । उपेक्ष्य साक्षात् क्षणभङ्गमिच्छन्नहो महासाहसिकः परोऽसौ ।' ७. आ श स संतान° । ८. =संतानिनः । ९. =अननुभवात् । १०. = उक्तविवेचनात् ।

येऽप्यजीवादयो भावास्तदपेक्षा व्यवस्थिताः ।
तेऽपि संप्रति संसिद्धास्तन्न तत्त्वमुपप्लुतम् ॥ ८९ ॥
जीवाजीवादिषड्वर्गं प्रतिपद्यापरे पुनः ।
मोक्षे विप्रतिपद्यन्ते मीमांसापक्षपातिनः ॥ ९० ॥
तेषामप्यनुमाबाधा परिधावति पृष्ठतः ।
यतः कर्मक्षयो मोक्षः स च सिद्धोऽनुमानतः ॥ ९१ ॥
तथाहि क्वचिदप्यस्ति पुंसि कृत्स्नावृतिक्षयः ।
तत्कार्यसकलज्ञत्वस्यान्यथानुपपत्तितः ॥ ९२ ॥

प्रमाणात्।[1] जीवः आत्मा । सिद्धः निश्चितः ॥८८॥ ये इति । येऽपि तदपेक्षाः तस्यापेक्षा येषां ते तदपेक्षा जीवतत्त्वव्यपेक्षाः[2] । अजीवादयः न विद्यते जीवो यस्य स एवादिर्येषां ते तथोक्ताः अजीवप्रमुखाः । भावाः पदार्थाः । व्यवस्थिताः स्थापिताः । स्युरित्यध्याहारः । तेऽपि अजीवादयोऽपि । संप्रति इदानीम् । संसिद्धाः प्रमाणप्रसिद्धाः । तत् तस्मात् कारणात् । तत्त्वं द्रव्यम् । उपप्लुतं[3] बाधितम् । न न भवति ॥८९॥ जीवेति । मीमांसापक्षपातिनः मीमांसायाः मीमांसेति नामधेयशास्त्रस्य पक्षेऽङ्गीकारे पातिनः प्रवर्तमानाः । अन्यवादिनः अपरे केचित्[4] । जीवाजीवादिषड्वर्गं जीवाजीवादीनां षण्णां वर्गम् । प्रतिपद्य प्रतिपदनं पूर्वं[5] । पुनः पश्चात् अङ्गीकृत्य । मोक्षे परमनिर्वाणे । विप्रतिपद्यन्ते विवादं कुर्वन्ति, जीवस्य मोक्ष एव नास्तीति विवदन्ते इत्यर्थः । पदि गतौ लट् ॥९०॥ तेषामिति[6] । यतः यस्मात् । कर्मक्षयः कर्मणां क्षयो नाशः । मोक्षः परमनिर्वाणं, पुण्यपापकर्मणां प्रध्वंस एव मोक्ष इत्यर्थः । न च [ स च ] मोक्षः । अनुमानतः अनुमानप्रमाणात्, दोषावरणयोर्हानिः क्वचित् पुंसि निःशेषास्त्यतिशायनादित्यनुमानादित्यर्थः[6] । 'बन्धहेत्वाभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः' इति सूत्रकारवचनाच्च । सिद्धः निश्चितः । तेषामपि मीमांसकानामपि । पृष्ठतः पृष्ठे पृष्ठतः पश्चाद्भागे । अनुमाबाधा अनुमानबाधा । परिधावति परिपलायते, कथमपि न मुञ्चतीति भावः । सृ गतौ लट् । 'सर्तेर्धौ वेगे'[7] इति धावादेशः ॥९१॥ तथेति । तथाहि-उक्तार्थं विवृणोति । क्वचिदपि कस्मिंश्चिदपि । पुंसि पुरुषविशेषे । कृत्स्नावृतिक्षयः कृत्स्नायाः समस्ताया आवृतेरावरणस्य क्षयो नाशः । अस्ति वर्तते । तत्कार्यसकलज्ञत्वस्य तस्य समस्तावरणक्षयस्य कार्यस्य सकलज्ञत्वस्य सर्वज्ञ-

है ॥८८॥ इस प्रकार जोवकी सत्ता सिद्ध हो जानेपर, उसकी अपेक्षा रखनेवाले अन्य अजीव आदि पदार्थ भी प्रस्तुत प्रसङ्गमें सिद्ध हो जाते हैं, और उन सभी पदार्थोंके सिद्ध हो जानेपर यह निश्चत हुआ कि तत्त्वोपप्लववादीका कहना ठीक नहीं । तत्त्वोपप्लव वादी सभी तत्त्वोंको बाधित मानता है ॥८९॥ मीमांसक लोग जीव-अजोव आदि छहों पदार्थोंको स्वीकार करते हैं, किन्तु वे मोक्षके विषयमें विवाद करते हैं—मोक्ष नहीं मानते ॥९०॥ मीमांसकोंका यह विवाद ठीक नहीं; क्योंकि अनुमान बाधा उनका पीछा कर रही है । कारण कि समस्त कर्मोंके क्षयको मोक्ष कहते हैं, जो अनुमान प्रमाणसे सिद्ध है ॥९१॥ वह इस प्रकार सिद्ध है—किसी भी पुरुषमें समस्त आवरणोंका क्षय हो जाता है; क्योंकि आवरणोंका क्षय हुए बिना उसमें सर्वज्ञता नहीं हो सकती । कार्यसे कारणका अनुमान किया जाता है, यह निश्चित है । प्रस्तुत प्रसङ्गमें कर्मोंका क्षय कारण हैं और सर्वज्ञता उसका कार्य है । पुरुषमें सर्वज्ञता

१. श स °क्षप्रमा° । २. आ °स्वस्यापेक्षाः । ३. °प्लुतं । ४. = अपरे अन्ये केचित्, मीमांसका इत्यर्थः । ५. = पश्चात् किञ्चित् । ६. आ प्रतौ केवलं 'तेषामिति' इति समुपलभ्यते । ६. = 'दोषावरणयोर्हानिर्निश्शेषास्त्यतिशायनात् । क्वचिद्यथा स्वहेतुभ्यो बहिरन्तर्मलक्षयः ॥' । ७. आ 'सर्तेर्धौ व्वेन' श स 'सृते धो वेग' ।

सर्वज्ञत्वं न चासिद्धं कस्यचिद्बाधकात्ययात् ।
सर्वत्र बाधकाभावादेव वस्तुव्यवस्थितिः ॥ ९३ ॥
न तस्य बाधकं तावत्प्रत्यक्षमुपपद्यते ।
तस्याक्षजत्वादध्यक्षे न विधिर्न निषेधनम् ॥ ९४ ॥
न चानुमानं तद्बाधां विधातुं भवति क्षमम् ।
तल्लिङ्गं पुरुषत्वादि व्यभिचारि यतोऽखिलम् ॥ ९५ ॥
यथाहि पुरुषत्वेऽपि वेदार्थज्ञानगोचरः ।
कस्याप्यतिशयस्तद्वत्सर्वार्थज्ञानगोचरः ॥ ९६ ॥

---

त्वस्य । अन्यथानुपपत्तितः अन्यथा सकलावरणक्षयाभावे[1] अनुपपत्तितः असंभवात् ॥९२॥ **सर्वज्ञत्वमिति** । कस्यचित् पुरुषस्य । सर्वज्ञत्वं सकलज्ञत्वम् । असिद्धम् अनिश्चितम्[2] । न च नच भवति । बाधकात्ययात् बाधकाभावात् । सर्वत्र सर्वस्मिन् सर्वत्र, सर्वस्मिन् अनुमानादौ । वस्तुव्यवस्थितिः वस्तुनः पदार्थस्य व्यवस्थितिः संसिद्धिः[3] । बाधकाभावादेव बाधकस्यासंभवादेव ॥९३॥ **नेति** । तस्य सर्वज्ञत्वस्य । तावत् प्रथमम् । प्रत्यक्षं प्रत्यक्ष[4]प्रमाणम् । बाधकं बाधाकारकम् । न उपपद्यते नोपयाति[5] भवितुं । तस्य प्रत्यक्षप्रमाणस्य । अक्षजत्वात् इन्द्रियोत्पन्नत्वात् । अप्रत्यक्षे अतीन्द्रियविषयपदार्थे । विधिर्न विधिर्न भवति । निषेधनं च निषेधनमपि न भवति ॥९४॥ **न चेति**–'अनुमानं च अनुमानप्रमाणमपि । तद्बाधां तस्य सर्वज्ञत्वस्य बाधाम् । विधातुं कर्त्तुम् । क्षमं समर्थम् । न भवति न वर्त्तते ।' यतः यस्मात् । अखिलं समस्तम् । पुरुषत्वादि—कश्चित् सर्वज्ञो न भवति पुरुषत्वात् शिरःपाण्यादिमत्वात् रथ्यापुरुषवदिति । तल्लिङ्गं तस्य सर्वज्ञाभावस्य साधकं लिङ्गम् । व्यभिचारि अनैकान्तिकं भवति । अनुमानम् (?) । अथवा अर्हन् सर्वज्ञो न भवति वक्तृत्वात् पुरुषत्वात् ब्रह्मादिवदित्यनुमानम् । तद्बाधां तस्य सद्भावबाधाम् । विधातुं विधानाय विधातुं कर्त्तुम् । क्षमं समर्थम् । न च भवति । भू सत्तायां लट् ॥९५॥ **यथेति** । यथा हि[6] पुरुषत्वेऽपि पुरुषत्वसद्भावेऽपि । कस्यापि पुरुषस्य । वेदार्थज्ञानगोचरः वेदानाम् अर्थो वेदार्थः तस्य ज्ञानं गोचरो विषयः [ यस्य सः ] अतिशयो

---

युक्ति सिद्ध होनेसे कर्मोंके क्षयका अनुमान होता है। सर्वज्ञता कर्मक्षयको छोड़कर और किसी तरह नहीं हो सकती ॥९२॥ और सर्वज्ञता असिद्ध नहीं है; क्योंकि पुरुषको सर्वज्ञ माननेमें कोई बाधा नहीं है। बाधा न होनेसे ही सब जगह वस्तुकी व्यवस्था होती है ॥९३॥ आप हमें यह समझाइए कि अमुक प्रमाण सर्वज्ञताका बाधक है। यदि आप प्रत्यक्षको सर्वज्ञताका बाधक समझते हैं, तो ठीक नहीं; क्योंकि प्रत्यक्ष उसका बाधक सिद्ध नहीं हो सकता। चूँकि प्रत्यक्ष इन्द्रियजन्य है, इसलिए वह अतीन्द्रिय पदार्थोंका न साधक है और न बाधक। सर्वज्ञता अतीन्द्रिय है, अतः इन्द्रियोंसे उत्पन्न हुआ प्रत्यक्ष उसका सद्भाव या असद्भाव सिद्ध नहीं कर सकता ॥९४॥ और इसी प्रकार अनुमान भी सर्वज्ञतामें बाधा डालनेमें समर्थ नहीं है; क्योंकि ऐसा कोई हेतु ही नहीं है, जो सर्वज्ञताका अभाव सिद्ध कर सके। यदि यह कहा जाय कि पुरुषत्व आदि हेतु उसके बाधक हैं—'कश्चित्सर्वज्ञो न भवति पुरुषत्वात् शिरः पाण्यादिमत्वाद् रथ्यापुरुषवत्'—अर्थात् 'कोई सर्वज्ञ नहीं हो सकता; क्योंकि वह पुरुष है और उसके शिर तथा हाथ आदि हैं। जैसे गलीमें फिरनेवाला आदमी'। तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि उक्त हेतु दूषित हैं ॥९५॥ जिस प्रकार पुरुषत्वके रहते हुए भी किसी व्यक्तिमें

---

१. आ प्रतौ केवलं 'सकलावरणक्षयाभावे' इति समुपलभ्यते । २. = अनुपपन्नम् । ३. = व्यवस्था । ४. श स प्रत्यक्षं । ५. = भवितुं नार्हति । ६. = यथा हि पुरुषत्वेऽपि कस्यापि वेदार्थज्ञानगोचरोऽतिशयस्तद्वत् कस्यापि सर्वार्थज्ञानगोचरोऽपि ।

रासभो न यथा शृङ्गी देशकालान्तरेऽखिलः ।
तथा पुमान्न सर्वज्ञो देशकालान्तरेऽखिलः ॥ ९७ ॥
इत्यादि नोपमानं च युक्तमिष्टविघाततः ।
तथा हि खचरादीनां न स्यात्खगमनादिकम् ॥ ९८ ॥
तस्मान्नरविशेषोऽसौ यस्य सा सकलज्ञता ।
तथा खरविशेषश्चेदिष्टा तस्यापि शृङ्गिता ॥ ९९ ॥

भवति । न [च] वेदार्थवेदी सर्वार्थवेदी इति । तद्वत् वेदार्थज्ञानगोचरातिशयवत् । सर्वार्थज्ञानगोचरः सर्वेषामर्थानां ज्ञानस्य गोचरो विषयः ( सर्वे च तेऽर्थाश्च सर्वार्थाः तेषां ज्ञानं गोचरो विषयो यस्य सः, अतिशयः पुरुषत्वेऽपि कस्यचित् ) । भवति ॥९६॥ रासभ इति । यथा देशकालान्तरे देशान्तरे कालान्तरे वा । अखिलः सकलः । रासभः खरः । शृङ्गो विषाणी । न भवति । तथा तेन प्रकारेण । अखिलः सकलः । पुमान् पुरुषः । देशकालान्तरे देशान्तरे कालातरे । सर्वज्ञः सकलार्थवेदी । न भवति । इति मीमांसकाभिप्रायः ॥९७॥ इत्यादीति । इत्यादि एवमादि । उपमानम् उपमानप्रमाणमपि । इष्टविघाततः इष्टस्याङ्गीकारस्य विघाततो बाधनात्, इष्टविरोधादित्यर्थः । न युक्तं न संगतम् । तथा हि उक्तार्थं विवृणोति तथा हीति । खचरादीनां खे चरन्तीति खचराः ते आदयो येषां तेषां विद्याधरादीनाम् । खगमनादिकं खगमनमादि यस्य (तत्) खगमनादिकम् आकाशगमनादिकम् । स्यात् न भवेत् ॥९८॥ तस्मादिति । तस्मात् कारणात् यस्य पुरुषस्य । सा सकलज्ञता सकलं जानातीति सकलज्ञः तस्य भावः सकलज्ञता सर्वज्ञता । असौ अयम् । नरविशेषः पुरुष विशेषः । तथा तेन प्रकारेण । खरविशेषश्च[चेत्]रासभविशेषश्च[चेत्] । तस्यापि खरस्यापि । शृङ्गिता विषाणिता ।

समस्त वेदोंके अर्थको जाननेका अतिशय[1] पाया जाता है, इसी प्रकार पुरुषत्व आदिके रहते हुए भी किसी पुरुषमें समस्त पदार्थ जाननेका अतिशय पाया जा सकता है ॥९६॥ यदि यह कहा जाये कि 'जैसे किसी भी देश और किसी भी कालमें गदहे सींगवाले नहीं देखे जाते, वैसे ही किसी भी देश और किसी भी कालमें मनुष्य सर्वज्ञ नहीं देखा जाता, इत्यादि उपमान सर्वज्ञता का बाधक है' तो यह कहना ठीक नहीं; क्योंकि ऐसा माननेपर आपके ही इष्टका विनाश होगा। वह इस तरह—जैसे किसी देश और किसी भी कालमें आपलोग आकाशमें गमन करनेवालेके अभावको उपमान मानकर मनुष्यमात्रमें आकाश गमनरूप उपमेयका अभाव मान लें तो आपको विद्याधरोंमें भी आकाश गमनका अभाव मानना पड़ेगा। किन्तु यह आपको इष्ट नहीं है। इसी तरह उपमानके आधारपर सर्वज्ञताका अभाव मानना भी आपको इष्ट नहीं होना चाहिए ॥९७-९८॥ इस कारण यदि यह कहा जाये कि वह विशिष्ट पुरुष होता है, जो आकाशमें गमन कर सकता है, तो हम भी यह कह सकते हैं कि वह विशिष्ट पुरुष होता है, जिसमें सर्वज्ञता होती है। यदि कहें कि इस प्रकार तो कोई विशेष प्रकारका गदहा भी ऐसा हो सकता है, जिसके सींग हों, तो ठीक है यदि आपको कहीं ऐसा गदहा मिल जाये, जिसके सींग सचमुच हों। किन्तु ऐसा गदहा मिलना असम्भव है, पर किसी विशिष्ट

१. मीमांसकोंकी मान्यता है कि वेद ही पुरुषको त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थोंका बोध करा देता है। अतः वेदके आधारपर पुरुषमें सभी पदार्थोंको जाननेका अतिशय प्रकट हो जाता है।

न चार्थापत्तिरप्यस्ति सर्वज्ञाभावसाधिनी ।[1]
को ह्यर्थोऽसंभवो तेन विना यस्तं प्रकल्पयेत् ॥ १०० ॥
नाप्यागमेन सर्वज्ञः कृतकेनेतरेण वा ।
बाध्यते कर्तृहीनस्य तस्यात्यन्तमसंभवात् ॥ १०१ ॥
कर्तुरस्मरणादिभ्यः कर्त्रभावो न सिद्ध्यति ।
अज्ञातकर्तृकैर्वाक्यैर्व्यभिचारस्य संभवात् ॥ १०२ ॥
न च कश्चिद्विशेषोऽस्ति पौरुषेयेष्वसंभवो[2] ।
अतीन्द्रियार्थसंवादः सर्वज्ञोक्तेऽपि संभवेत् ॥ १०३ ॥

